


वर्ष : 2 अंक: 178 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

शुक्रवार, 19 फरवरी 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## पंजाब, हरियाणा समेत कई राज्यों में ट्रैक पर उतरे किसान, रोकी गईं ट्रेनें

कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के 85वें दिन गुरुवार को किसानों ने देशभर में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक ट्रेनें रोककर प्रदर्शन किया। इसका ज्यादा असर पंजाब और हरियाणा में देखा गया। इन दोनों राज्यों में कई ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ा। इधर राजस्थान में जयपुर समेत 6 जिलों में प्रदर्शन हुए।

राहत की बात यह रही कि सभी जगह प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। कहीं से किसी तरह की हिंसा या तोड़फोड़ की खबर नहीं आई। रेलवे का कहना है कि ट्रेनों की आवाजाही पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। कुछ इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने ट्रेनें रोकीं, लेकिन अब सभी जोन में ट्रेनों की आवाजाही नॉर्मल हो गई है।



### दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो पर भी असर

दिल्ली में प्रदर्शनकारियों ने मोतीनगर के पास ट्रैक जाम कर दिया। वहीं किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए मेट्रो प्रबंधन भी अलर्ट था। एहतियात के तौर पर टीकरी बॉर्डर मेट्रो स्टेशन, पंडित श्रीराम शर्मा, बहादुरगढ़ सिटी और ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन बंद कर दिए गए।

### रेलवे ने 20 हजार अतिरिक्त जवान तैनात किए थे

किसानों के रेल रोकने के ऐलान को देखते हुए देशभर में रेलवे प्रोटेक्शन स्पेशल फोर्स (RPSF) की 20 एक्स्ट्रा कंपनियां यानी करीब 20 हजार अतिरिक्त जवान तैनात किए थे। इनमें से ज्यादातर को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में तैनात किया गया।

### कानून वापसी से पहले घर वापसी नहीं: किसान नेता

किसान इस बात पर अड़े हैं कि सरकार तीनों कृषि कानूनों को वापस ले। भारतीय किसान यूनियन (हरियाणा) के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चंढूनी ने एक बार फिर कहा है कि उनका संगठन किसानों के हितों के लिए लड़ रहा है और नए कृषि कानूनों की वापसी तक वे अपने घरों को नहीं लौटेंगे। चंढूनी ने कहा कि देशभर में पंचायत और महापंचायत जैसे कार्यक्रमों के जरिए लोगों को बताया जाएगा कि केंद्र सरकार आम लोगों की नहीं बल्कि कॉरपोरेट्स की है।

## सभी राजनीतिक दल परिवारवाद वाली पार्टियां, लेकिन भाजपा में पार्टी ही परिवार : नड्डा



**धर्मशाला।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को हिमाचल प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर कहा कि हम जो लोग भी भाजपा में आए हैं, वहां सभी खुशनसीब हैं। जम्मू कश्मीर से लेकर नीचे तक सभी राजनीतिक दल परिवारवाद वाली पार्टियां हैं। लेकिन भाजपा में पार्टी ही परिवार है। कोई दूसरी पार्टी में 18 करोड़ सदस्य बनाने की ताकत ही नहीं है। दूर-दूर तक किसी के पहुंचने की ताकत नहीं है और यह सभी लोगों के प्रयास की वजह से हुआ है।

जेपी नड्डा ने भाजपा सरकार की योजनाओं का भी जिक्र कर अंत्योदय योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने सबका साथ और सबका विकास किया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना जाति के आधार पर नहीं दी गई बल्कि सबके लिए थी। उन्होंने कहा कि हम सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचार को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को हमें आगे बढ़ाना है।वहां हमारा उद्देश्य है जिसके साथ हम जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की सभी योजनाएं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास से प्रेरित हैं। यही हमारा आर्थिक मॉडल रहा है।

नड्डा ने बताया कि कोरोना के दौरान जब सभी राजनीतिक पार्टियां लॉकडाउन हो गई थीं, उस समय भाजपा कार्यकर्ता सेवाभाव में लगे रहें। 25 करोड़ गरीबों, असहायों को फूड पैकेट्स बांटे गए, लगभग 6 करोड़ लोगों को महीने भर का राशन वितरित हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा का संस्कार केंद्र होता है कार्यालय, इसकारण हर जिले में कार्यालय बनें इस बात को लेकर हम चले हैं। हिमाचल में कई जिलों में नए कार्यालयों का शिलान्यास हो चुका है।

उन्होंने कहा कि हम वोकल फॉल लोकल को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी हिमाचल के लॉकल उत्पादों को बढ़ावा दे रहे हैं। हमें भी हर जिले में अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की जरूरत है। जेपी नड्डा ने कहा कि भारत में 82 लाख से अधिक कोरोना टीकाकरण हो गया है। मेक इन इंडिया कोविड वैक्सीन को दुनिया भर के सभी देश खरीदना चाह रहे हैं। भारत 16 देशों को कोरोना वैक्सीन भेज रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कैप्टन सतीश शर्मा का निधन, सांसद और केंद्रीय मंत्री भी रहे

नई दिल्ली। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और राजीव गांधी के खास सहयोगी रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री कैप्टन सतीश शर्मा का बुधवार को गोवा में निधन हो गया। वह 73 साल के थे। शर्मा कैंसर से पीड़ित थे और पिछले कुछ समय से बीमार थे। शर्मा के बेटे समीर ने कहा, 'उनका गोवा में रात आठ बजकर 16 मिनट पर निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को दिल्ली में किया जाएगा। उनका पार्थिव शरीर गोवा से दिल्ली लाया जा रहा है।' पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के निकट सहयोगी रहे शर्मा नरसिम्हा राव सरकार में 1993 से 1996 तक केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री रहे। आंध्र प्रदेश के सिकंदराबाद में 11 अक्टूबर, 1947 को जन्मे शर्मा एक पेशेवर वाणिज्यिक पायलट थे। रायबरेली और अमेठी निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर चुके शर्मा तीन बार लोकसभा सदस्य चुने गए थे। वह तीन बार राज्यसभा सदस्य भी बने और उन्होंने मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। वह पहली बार जून 1986 में राज्यसभा सदस्य बने और बाद में राजीव गांधी के निधन के बाद 1991 में अमेठी से लोकसभा सदस्य चुने गए। इसके बाद वह जुलाई 2004 से 2016 तक राज्यसभा सदस्य रहे। शर्मा के परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटा एवं एक बेटी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने शर्मा के परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, 'पूर्व केंद्रीय मंत्री कैप्टन सतीश शर्मा के निधन से बेहद दुःखी हूं। कैप्टन शर्मा समर्पण और वफादारी की प्रतिमूर्ति थे। मैं उनके परिवार एवं मित्रों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।'

### सरकार ने कोविड के नए स्वरूपों से बचने जारी की नई एसओपी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कई देशों में कोरोना वायरस के नए स्वरूपों (म्यूटेंट वेरिएंट) का संक्रमण फैलने के मद्देनजर विदेशों से आने वाले लोगों के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए। यह नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) 22 फरवरी की रात 23 बजकर 59 मिनट से आगामी आदेश आने तक लागू रहेगी। कई देशों में सार्स-सीओवी-2 के नए स्वरूपों का संक्रमण फैलने के मद्देनजर, नागर विमानन मंत्रालय ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ विचार-विमर्श के बाद विदेशों से आने वाले लोगों के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। ब्रिटेन, यूरोप और पश्चिम एशिया से आने वाली उड़ानों से आ रहे सभी यात्रियों के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। सरकार ने 28 फरवरी तक निर्धारित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को निलंबित कर दिया है। नए दिशानिदेर्शानुसार ब्रिटेन, यूरोप और पश्चिम एशिया से आ रहे यात्रियों के अलावा अन्य देशों से आने वाले यात्रियों को अपनी तय यात्रा से पहले एयर सुविधा पोर्टल पर स्व-घोषणा पत्र भरना होगा और कोविड-19 से संक्रमित नहीं होने की रिपोर्ट अपलोड करनी होगी। परिवार के किसी व्यक्ति की मौत के कारण भारत आ रहे यात्रियों को इससे छूट दी जाएगी, लेकिन इस छूट के लिए उन्हें ऑनलाइन आवेदन देना होगा। मंत्रालय ने कहा कि ब्रिटेन, यूरोप और पश्चिम एशिया से आने वाले यात्रियों को भी इन दिशानिर्देशों का पालन करना होगा, लेकिन उनके लिए जांच और उन्हें पृथक रखने संबंधी दिशानिर्देश अलग से जारी किए गए हैं।

## पैंगोंग झील इलाके से सेनाएं पूरी तरह हटीं

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को सुलझाने की प्रक्रिया काफी तेज गति से चल रही है। एलएसी के पास पैंगोंग लेक इलाके के उत्तरी एवं दक्षिणी छोर से सेनाओं के हटने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। सेना के सूत्रों ने बुधवार देर शाम इस बात की पुष्टि की। हालांकि दोनों पक्षों की तरफ से अब सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है, जो अगले दो दिनों के भीतर पूरी हो जाएगी। सेना के सूत्रों ने कहा कि झील के उत्तरी एवं दक्षिणी हिस्से से सेनाएं अब पूरी तरह से पीछे हट चुकी हैं। चीनी सेना फिंगर-8 की तरफ पहुंच चुकी हैं जबकि भारतीय सेना फिंगर-3 तक हट चुकी। विगत 10 फरवरी से सेनाओं के पीछे हटने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जो तेजी के साथ पूरी हुई है। सेना ने सप्ताह के अंत तक यह प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद जताई थी। इससे पूर्व बुधवार को मैक्स टेक्नोलॉजी की तरफ से जारी उपग्रह चित्रों में भी पेंगोंग लेक के उत्तरी इलाका पूरी तरह से खाली दिख रहा है। यह चित्र लिए गए थे। फिंगर पांच तक चीनी सेना हट चुकी थी। बहरहाल, बुधवार को पेंगोंग से सेनाओं की पूरी तरह से वापसी हो गई है। वहां अब सेनाएं करीब-करीब मई से पूर्व की स्थिति में आ चुकी हैं। दोनों देशों की तरफ से ड्रोन एवं उपग्रहों के जरिये सेनाओं के पीछे हटने की पुष्टि भी की जा चुकी है। एक दिन पहले ही सेना ने कई वीडियो और फोटो जारी किए थे, जिसमें चीनी सेना अपने द्वारा बनाए गए ढांचों को तोड़ते हुए दिखाई दे रही है। कुछ फोटो वापसी के भी हैं। पैंगोंग लेक इलाके से सेनाओं के बटने के बाद सेना अब तीन अन्य स्थानों- डेप्सांग, गोगरा और हॉट स्प्रिंग से टकराव खत्म करने और सेनाओं की पूर्ण वापसी और पेट्रोलिंग को लेकर रणनीति बनाने पर काम कर रही है। सेना के सूत्रों ने कहा कि इस महीने के आखिर में दोनों देशों के सैन्य कमांडरों के बीच दसवें दौर की वार्ता हो सकती है, जिसमें ये स्थान चर्चा का विषय होंगे।



म्यांमार में सैन्य तख्तातलट  का विरोध करते हुए लोग पटरियों पर ही बैठ गये।

## अमित शाह का दो दिवसीय पश्चिम बंगाल दौरा पास में ही ममता भी करेंगी चुनावी रैली

**कोलकाता।** गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय राजनीतिक दौरे के लिए बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल जाएंगे और इस दौरान वह दक्षिण 24 परगना जिले से भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा के पांचवें एवं अंतिम चरण की शुरूआत करेंगे और कई अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे । शाह इस दौरान एक शरणार्थी के परिवार के साथ मध्याह्न भोजन भी करेंगे। ऐसा प्रतीत होता है कि यह उन लोगों के प्रति एकजुटता जताने की कोशिश है, जिन्हें भाजपा ने नागरिकता देने का वादा किया है। एक अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्री कोलकाता के रास बिहारी एवेन्यू में भारत सेवाश्रम संघ जाएंगे और इसके बाद वह गंगासागर में कपिल मुनि आश्रम का दौरा करेंगे। शाह दोपहर को नामखाना से परिवर्तन यात्रा आरंभ करेंगे और इसके बाद नारायणपुर गांव में शरणार्थी परिवार के साथ मध्याह्न भोजन करेंगे। वह नामखाना में एक रोडशो में भी हिस्सा लेंगे। अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्री शुक्रवार को कोलकाता के राष्ट्रीय पुस्तकालय में राज्य के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और शहर में एक मीडिया सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पश्चिम बंगाल में अप्रैल-मई में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस ने जबरदस्त प्रचार मुहिम शुरू कर दी है। तृणमूल की प्रचार मुहिम का नेतृत्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कर रही हैं, जबकि भाजपा के शीर्ष नेता मुहिम में हिस्सा ले रहे हैं। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी थोड़ी ही दूरी पर अलग रैली को संबोधित करेंगी। पश्चिम बंगाल में आगामी चुनावों के लिए पहली बार बनर्जी और शाह एक ही जिले में लगभग एक ही समय पर रैलियां करेंगे। बनर्जी और उनके भतीजे और पार्टी के स्थानीय सांसद अभिषेक बनर्जी दक्षिण 24 परगना के पैलन में पार्टी कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करने वाले हैं । दक्षिण 24 परगना टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, 'कल राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण दिन होगा। शाह और दीदी दोनों एक ही जिले में रैलियों को संबोधित करेंगे।' दशकों से राजनीतिक रूप से ध्रुवीकृत बंगाल में सीमित उपस्थिति होने के बाद भाजपा 2019 के आम चुनाव में राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर जीत हासिल कर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की मुख्य प्रतिद्वंद्वी बनकर उभरी है, जो टीएमसी की संख्या 22 से महज चार कम है।

## फेक न्यूज फैलाने वाले लोगों से सावधान रहें पत्रकार: अनूप चौधरी

» मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली। वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगुआई में एक मीटिंग हरियाणा भवन के मिडिया सेंटर में रखी गईं, जिसमे वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया (हखक) दिल्ली और राष्ट्रीय कार्यकारणी द्वारा पत्रकारों के हित और उत्थान के लिए किये गए कार्यो की समीक्षा की गईं, जिसमे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय उपाध्याय ने बताया की हखक ने पत्रकारों के हित में बहुत अग्रणी काम किये है। जिसमे सबसे पहले भारत सरकार से डिजिटल मिडिया को मान्यता दिलाना मील का पत्थर है। अब सोशल मीडिया  पर कार्यरत पत्रकार अपने आप को उपेक्षित महसूस नहीं करते। राष्ट्रीय महा सचिव नरेन्द्र भंडारी ने बताया की यूनियन के द्वारा किये गए कार्यो की एक जानकारी फोल्डर के माध्यम से दिल्ली और देश के पत्रकारों के समक्ष जल्दी ही प्रस्तुत की जाएगी। आने वाले कुछ दिनों में वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया अपने सदस्यों के लिए एक ग्रुप इंश्योरेंस देने जा रही है, जो विल्कुल निःशुल्क होगा। कोरोना काल में पत्रकारों को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ा है। लिहाजा ये ग्रुप इंश्योरेंस बहुत उपयोगी होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप चौधरी ने कहा की कुछ पत्रकार जानबूझकर फेक न्यूज फैला रहें है। हमें ऐसे पत्रकारों से सावधान रहना होगा देश का नागरिक और पत्रकार होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है की हमारे लिए राष्ट्र प्रथम होना चाहिए, वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया की दिल्ली यूनिट के अध्यक्ष संदीप शर्मा और महासचिव देवेंद्र सिंह तोमर ने बताया की दिल्ली यूनिट द्वारा जल्दी ही एक मीडिया डायरेक्टरी जारी की जाएगी जो पत्रकारिता क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। मीटिंग में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप चौधरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय उपाध्याय राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र भंडारी के आलावा दिल्ली यूनिट के अध्यक्ष संदीप शर्मा महासचिव देवेंद्र सिंह तोमर वरिष्ठ उपाध्यक्ष  सुदीप सिंह उपाध्यक्ष प्रमोद गोस्वामी. अशोक धवन कोषाध्यक्ष नरेन्द्र धवन के अलाबा धर्मेंद्र भदौरिया अशोक सक्सेना ईश मलिक लक्ष्मण इन्दोरिया विजय वर्मा राजेश तंवर प्रीतपाल सिंह मौजूद रहे।

## पीएम मोदी चीन-पाक मोर्चे पर चल रही मौजूदा गतिविधियों की  करेंगे समीक्षा

### कम्बाइंड कमांडर कॉन्फ्रेंस में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** सेना के अहम मामलों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मार्च के पहले सप्ताह में कम्बाइन्ड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। यह कॉन्फ्रेंस गुजरात के केवडिया में आयोजित की जाएगी। पीएम मोदी कॉन्फ्रेंस में चीन और पाकिस्तान के मोर्चे पर चल रही मौजूदा गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा सैन्य बलों के बहुत जरूरी एकीकरण को लेकर हो रही प्रगति पर भी चर्चा करेंगे। कम्बाइन्ड कमांडर कॉन्फ्रेंस को लेकर एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस साल के अपने कार्यकाल में पीएम मोदी पहली बार इस कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। अधिकारी के अनुसार पीएम मोदी इस कॉन्फ्रेंस में सशस्त्र बलों को कम लागत में अधिक प्रभावी तरीके से एकीकरण के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने का निर्देश दे सकते हैं। गुजरात के केवड़िया में आर्मी, नेवी और भारतीय वायुसेना के सभी टॉप कमांडरों की संयुक्त बैठक होगी। संयुक्त बैठक ऐसे समय हो रही है जब पूर्वी लद्दाख के पंगोंग त्सो क्षेत्र में भारत और चीन के बीच हुए समझौते के तहत सैनिकों की वापसी का फर्स्ट फेज पूरा हो चुका होगा। यह बैठक बहुत जल्द हो जाने रही दो यूनिफाइड ट्राई सर्विसेज कमांड से पहले हो रही है। इसमें एयर डिफेंस कमान और जियोग्राफिकल मैरीटाइम थिएटर कमांड बननी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पूंजीगत खरीद के लिए सैन्य बलों के उपप्रमुखों तथा कमान प्रमुखों को और अधिक अधिकार दिए जाने के प्रस्ताव को बुधवार को स्वीकृति प्रदान की। इसके तहत ये अधिकारी 200 करोड़ रुपये तक के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे सकेंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रोजेक्ट्स के लिये फाइनेंसियल पावर को मंजूरी 'अन्य पूंजीगत खरीद प्रक्रिया की श्रेणी' के तहत की गई है।

## भारत ने शुरू किया टीका मैत्री अभियान, अफ्रीकी देशों, लातिन अमेरिका, कैरिकोम को भेजा जाएगा

**नई दिल्ली।** भारत ने कोरोना के खिलाफ जंग के प्रथम चरण में पड़ोसियों एवं मित्र देशों को कोविड-19 के टीके की 64 लाख खुराक अनुदान सहायता के रूप में दी हैं। अगले चरण में वह अफ्रीकी, कैरिकोम, लातिन अमेरिकी और प्रशांत द्वीपीय देशों को टीके भेजेगा। जनवरी के मध्य से अब तक भारत ने 20 से अधिक पड़ोसी एवं मित्र देशों को भेंट एवं वाणिज्यिक आपूर्ति के तहत कोरोना के टीके की 229 लाख खुराक उपलब्ध कराई हैं। दुनिया के देशों को भारत द्वारा अनुदान सहायता और वाणिज्यिक आपूर्ति के तहत टीका उपलब्ध कराने के अभियान को 'टीका मैत्री' का नाम दिया गया है। इस टीका कूटनीति भी कहा जा रहा है। भारत में 16 जनवरी को टीकाकरण कार्यक्रम शुरू हुआ। इसके चार दिन बाद विभिन्न देशों को टीका उपलब्ध कराने के लिए 'टीका मैत्री' अभियान की शुरूआत की गई। बीते हफ्तों में भूटान, म्यांमार, नेपाल से लेकर बांग्लादेश, श्रीलंका, मॉरीशस, सेशेल्स तक लाखों की तादाद में भारत में निर्मित टीके पहुंचाये गए हैं।

विदेश मंत्रालय से मुताबिक, भारत ने कोविड-19 के टीके की 229 लाख खुराक विभिन्न देशों को प्रदान की हैं जिनमें से 64 लाख खुराक अनुदान सहायता के रूप में और 165 लाख खुराक वाणिज्यिक आपूर्ति के तहत भेजी गई हैं। आने वाले दिनों में टीका अफ्रीकी देशों, लातिन अमेरिका, कैरिकोम और प्रशांत द्वीपीय देशों को भेजा जाएगा। विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के अनुरूप है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को भारत अपना कर्तव्य मानता है। इसी के तहत हम अपनी घरेलू जरूरतों का आकलन करते हुए अपने पड़ोस और इससे इतर अन्य देशों को सबसे पहले टीका उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं।'



इसमें बांग्लादेश (20 लाख खुराक), म्यांमा (17 लाख खुराक), नेपाल (10 लाख खुराक), भूटान (1.5 लाख खुराक), मालदीव (एक लाख खुराक), मॉरीशस (एक लाख खुराक), सेशेल्स (50,000 खुराक), श्रीलंका (पांच लाख खुराक), बहरीन (एक लाख खुराक), ओमान (एक लाख खुराक), अफगानिस्तान (पांच लाख खुराक), बारबडोस (एक लाख खुराक) और डोमिनिकल रिपब्लिक (20 हजार खुराक) शामिल हैं। भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने इस परोपकार का पर्याय बताकर कहा कि अपनी आवश्यकता की पूर्ति से पहले ही अनमोल वस्तुएं साझा की जा रही हैं। इससे पहले डोमिनिकल रिपब्लिक के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्कैरिट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भावनात्मक पत्र लिखकर कोरोना वायरस रोधी टीका मांगा था। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत ने वाणिज्यिक आधार पर ब्राजील को टीके की 20 लाख खुराक, मोरक्को को 60 लाख खुराक, बांग्लादेश को 50 लाख खुराक, म्यांमा को 20 लाख खुराक, मिस्र को 50,000 खुराक, अल्जीरिया को 50,000 खुराक, दक्षिण अफ्रीका को 10 लाख खुराक, कुवैत को दो लाख खुराक, यूएई को दो लाख खुराक की आपूर्ति की है। आगामी हफ्तों में अफ्रीका, लातिन अमेरिका, कैरीकोम, प्रशांत क्षेत्र के देशों समेत अन्य देशों को टीके की आपूर्ति की जाएगी। 'कैरीकोम' में 20 कैरेबियाई देश हैं जहां करीब 1.6 करोड़ की आबादी है। ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सेनारो ने टीका मिलने पर आभार प्रकट करते हुए ट्वीट किया जिसमें उन्होंने बजरंग बली द्वारा संजीवनी बूटी के लिये पहाड़ ले जाती तस्वीर साझा की।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# नर्सरी दाखिले में फीस और अपना बजट देखकर आवेदन करें: लक्ष्य छाबड़िया

» मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली।नर्सरी दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 4 मार्च है।आवेदन पेरेंट्स ऑनलाइन व स्कूल के अंदर ऑफलाइन भी जमा कर सकते हैं। अभिभावकों को मेरी सलाह है कि वे सिर्फ स्कूल का ब्रांड देखकर आवेदन न करें। अभिभावक स्कूल की फीस और अपना बजट देखकर ही बच्चे का दाखिला कराएं क्योंकि आपका बच्चा 14 साल तक एक ही स्कूल में शिक्षा लेगा। अफोर्डेबल प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन (एप्सा) के अध्यक्ष लक्ष्य छाबड़िया ने बृहस्पतिवार को तमाम अभिभावकों से ये अपील की। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के स्कूलों में बृहस्पतिवार से नर्सरी दाखिले की दौड़ शुरू हो गई है। कोविड और लॉकडाउन के चलते कई अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजने में परेशानी जाहिर की थी। लेकिन अब स्थिति सामान्य होने के बाद तमाम अभिभावक चाहते हैं कि उनके बच्चे स्कूल जाएं। खासतौर पर नर्सरी एडमिशन को लेकर ज्यादातर अभिभावक उत्साहित हैं। वो चाहते हैं कि उनके बच्चों का दाखिला ब्रांडेड स्कूलों में हो। लेकिन वे इन ब्रांडेड स्कूलों की फीस और अन्य खर्चों के बारे में ध्यान नही देते। उनकी यही अनदेखी आगे चलकर बच्चों और अभिभावकों को परेशानी देती है।

# नोएडा में किसानों का रेल रोको आभियान फ्लाप अधिसंख्य यूनियन फैसले के विरोध में

» मदरलैंड संवाददाता



नोएडा। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आज चार घंटे के रेल रोको आंदोलन का नोएडा में कोई असर नहीं पड़ा। नोएडा के चारों स्टेशनों में सिर्फ दनकौर को छोड़कर कोई प्रोटेस्ट नहीं हुआ। आज समूचे देश में किसानों के रेल रोको आंदोलन में नोएडा के सिर्फ दनकौर स्टेशन के बाहर भारतीय किसान यूनियन के झंडों के साथ कुछ सौ किसान एकत्रित हुए, लेकिन उन्होंने किसी भी प्रकार की अनावश्यक हठधर्मिता रेल रोकने में नहीं दिखाई। दनकौर रेलवे स्टेशन के बाहर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता रह रहकर नारे बाजी तो कर रहे थे। लेकिन उसमें उत्साही की कमी साफ झलकती थी। दूसरी ओर रेलवे और प्रशासन ने किसी भी प्रकार की अनहोनी से निबटने की व्यापक तैयारियां कर रखीं थीं। पहले चरण में रेलवे की सुस्त गति यानि धीरे चलो सुरक्षित चलो की नीति, दूसरे चरण में अगले स्टेशनों का हाल जानने और फिर रेलों को हरी झंडी। तथा तीसरे चरण में जीआरपी सहित लोकल पुलिस के व्यापक प्रबंध। इस कडी में आंदोलन कारियों को रेलवे ट्रेक व स्टेशनों से दूर रखना शामिल थे। रेलवे, व स्थानीय प्रशासन 26 जनवरी लाल किले की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होने देने के लिए कृत संकल्प दिख रहे थे। इस संवाददाता ने किसान एकता संघ की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी से बात की, उन्होंने बताया कि हमारा अब किसान आंदोलन से कोई लेना-देना नहीं है।

यह सिर्फ राकेश टिकैत और एक जातिविशेष का तमाशा भर रह गया है।इसी तरह भानु गुट, अंम्बावता गुट व किसान एकता संघ भी इस आंदोलन से किनारा कर गये हैं।

# गृह क्लेश फिर रिस्तों पर भारी, पति पत्नी की मौत

» अजय प्रताप सिंह



नोएडा। पल पल बनते बिगडते वैश्विक परिवेश से अब रिस्ते भी अछूते नहीं रहे। एक अनुमान के अनुसार हर वर्ष अकेले भारत में ही लगभग 70 हजार आत्महत्यों के केस सामने आते हैं जो किसी भी एक बीमारी से मरने वालों की पांचवीं सबसे बड़ी संख्या है। इस संख्या को देखते हुए जो यदि इसी अनुपात में आगे बढती रही तो कहना सही होगा कि एक दिन यह वैश्विक बीमारी का भंयकर रुप धारण कर लेगी। जिसपर समय रहते न चेता गया तो मानव की सामुहिक ता और राष्ट्र वाद दोनों खतरे में पडने निश्चित हैं। खबरों के अनुसार नोएडा के थाना एक्सप्रेसवे के वाजिद्पुर गांव में गोपाल के मकान में किराये पर रहने वाले संजय और निशा उर्फ नैना के आत्महत्या कर लेने की सूचना के बाद मौके पर पुलिस को संजय का शव दुपट्टे से लटका मिला जबकि उसकी पत्नी का शव फर्श पर। डीसीपी के अनुसार नैना के गले पर चोट के निशान मिले हैं। अनुमान है कि संजय ने पहले पत्नी की गला दबाकर हत्या की होगी तदुपरांत उसने पंखे से लटककर अपनी जान दे दी।इस मामले में हैरत की बात तो यह है कि बराबर के ही कमरे में उनका बेटा भी रहता है लेकिन उसके मां बाप से कोई भी संबंध मधुर नहीं बताये जा रहे हैं। पडोसियों का कहना भी है कि पति पत्नी में नौंकझौंक चलती रहती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### गांजे के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

गाजियाबाद, नवीन दास ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद के द्वारा अपराधियों और बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कवि नगर पुलिस को एक बड़ी सफलता हासिल हुई।जब उन्होंने कवि नगर थाना अंतर्गत श्यामा मुखर्जी पार्क के पास से दो अभियुक्तों अनिल व नसीमको को 1 किलो 200 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया।

### सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधान न्यायाधीश गोगोई के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में शुरू जांच प्रक्रिया बंद कर दी

नई दिल्ली ।सुप्रीम कोर्ट ने भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई को कथित यौन उत्पीड़न मामले में फंसाने के षड्यंत्र की जांच के लिए स्वतः संज्ञान के आधार पर शुरू जांच प्रक्रिया बंद कर दी है।हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के खिलाफ साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस तरह की साजिश को जस्टिस गोगोई के फैसलों से जोड़ा जा सकता है, जिसमें नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन(एनआरसी) पर उनके विचार भी शामिल हैं।सुप्रीम कोर्ट का फैसला पूर्व न्यायमूर्ति एके पटनायक की रिपोर्ट पर आधारित है, जिन्हें न्यायमूर्ति गोगोई के खिलाफ आरोपों में एक बड़ी साजिश की जांच करने का काम सौंपा गया था।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जस्टिस पटनायक की रिपोर्ट में पूर्व मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ साजिश को स्वीकार किया गया है,इस खारिज नहीं किया जा सकता है।कोर्ट ने कहा कि इस मामले को दो साल गुजर चुके हैं।गोगोई को फंसाने के षड्यंत्र की जांच में इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड हासिल करने की संभावना बहुत ही कम रह गई है।दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के वकील उत्सव बैंस ने पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई पर लगे यौन शोषण के आरोपों के पीछे साजिश होने का दावा किया था।गौरतलब है कि साल 2019 में एक महिला ने पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था।मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर जांच कराने का आदेश दिया था।साथ ही कहा था कि आरोप बेहद गंभीर हैं।हमें सच्चाई का पता लगाना होगा।अगर हमने हमारी आंखें बंद कर ली,तब देश का भरोसा उठ जाएगा।इसके बाद जस्टिस पटनायक को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### निसंतानों को बच्चा गोद लेना होगा आसान, मोदी सरकार ने सरल की प्रक्रिया

नई दिल्ली।निसंतान दंपतियों के आंगन में अब बच्चे की किलकारी आसानी से गूंज सकेगी।मोदी सरकार ने पूरे देश में बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया को और आसान कर दिया है मोदी सरकार ने जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 में नए संशोधन को मंजूरी दे दी है। अब 8 मार्च के बाद संसद में कभी भी बजट सत्र के दौरान इसे पेश किया जा सकता है।इसके बाद बच्चे को गोद लेने की सारी प्रक्रियाओं को जिला मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अपने स्तर पर ही सुलझा देंगे।बता दें कि बीते कुछ सालों से बच्चे को गोद लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य किया गया था।इसके बावजूद बच्चे को गोद लेने की प्रक्रिया पूरी करने में 6 से 8 महीने का वक्त लग जाता है।मोदी सरकार के संशोधन में मंजूरी के बाद यह प्रक्रिया और अब आसान हो जाएगी।बता दें कि पूरे देश में बच्चों को गोद लेने की प्रतीक्षा सूची में लाखों लोग शामिल हैं।कुछ साल पहले ही महिला सशक्तिकरण संचालनालय ने बच्चा गोद लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा शुरू की थी।प्रतीक्षा सूची में पारदर्शिता लाने के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद बच्चे को गोद लेने में काफी कानूनी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।बिना कानूनी प्रकिया अपनाए यदि कोई बच्चा गोद लेता या देता पकड़ा जाता तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाती है। अगर आप बच्चा गोद लेना चाहते हैं तो आपको सेंट्रल अडाप्शन रिसोर्स अथॉरिटी (कारा) की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।इसके बाद कारा बच्चों की उपलब्धता के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार करती है और फिर अनाथालयों में पहुंचने वाले बच्चों की उपलब्धता के आधार पर जरूरतमंद दंपती को बच्चे देने की प्रक्रिया पूरी करती है।इस काम को पूरा करने में कई तरह के सर्टिफिकेट की जरूरत पड़ती है और यह प्रक्रिया सालों चलती रहती है। अब इसी को ध्यान में रख कर मोदी सरकार इस कानून में बदलाव करने जा रही है।वहीं हाईकोर्ट की मॉनिटरिंग कमेटी ने कुछ राज्यों में सभी जिला अदालतों को निर्देशित किया है कि बच्चा गोद लेने के लिए कोर्ट सीधे आवेदन नहीं ले सकती।इसके लिए स्टेट अडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी (सारा) में रजिस्ट्रेशन होना जरूरी है। मान्यता प्राप्त संस्थाओं से बच्चा गोद लेने में काफी वक्त लगता है। काफी दिनों तक लीगल प्रोसेस के बाद ही बच्चे को दंपती को सौंपा जाता है।

### सिंघु बॉर्डर पर किसानों के खिलाफ गांववालों का प्रदर्शन, राजमार्ग खाली करने की मांग की

नई दिल्ली।दिल्ली में गणतंत्र दिवस के दिन निकाली गई किसानों की ट्रैक्टर रैली के दौरान काफी हिंसा हुई।कई स्थानों पर किसानों ने बैरिकेड तोड़े और पुलिस के साथ झड़प की।अब इसका असर किसान आंदोलन पर पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है।दिल्ली की सिंघु सीमा (दिल्ली-हरियाणा) पर लगभग पिछले दो महीनों से आंदोलन कर रहे किसान संगठनों के खिलाफ गुरुवार को गांव वाले सड़कों पर उतर आए।उन्होंने मांग की है कि तुरंत राजमार्ग को खाली किया जाए।प्रदर्शनकारी बैरियर के नजदीक किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के स्टेज के पास जुटे हैं।भारी संख्या में दिल्ली पुलिस भी मौके पर पहुंची है जो बैरिकेडिंग कर रही है और प्रदर्शनकारियों को सड़क की दूसरी तरफ आने से रोक रही है। प्रदर्शनकारी पुलिस द्वारा की जा रही बैरिकेडिंग का विरोध कर रहे हैं।

# माँ सरस्वती धार्मिक मंच ने बुराड़ी के कमल विहार में किया आयोजन

## माँ सरस्वती के जागरण में खूब झूमे लोग

मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली। बुराड़ी स्थित कमल विहार में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में आयोजित सरस्वती पूजा के जगराते में माँ सरस्वती के भजनों पर लोग झूमते नजर आए। इस जगराते का आयोजन माँ सरस्वती धार्मिक मंच ने किया । समारोह की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। इसके बाद सभी क्षेत्र वासियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई।

इसके बाद रात 9 बजे जागरण शुरू किया गया जो सुबह 6 बजे तक चला। प्रसाद वितरण के साथ जागरण का समापन किया गया। इस आयोजन में कमल विहार आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष राजबीर कटेवड़िया, सुजीत मिश्रा, रमेश मिश्रा, विनोद वर्मा, करण वर्मा, भारत वर्मा, मनोज, अजीत और विकास ने विशेष योगदान दिया।

# कोविड-19 टीकाकरण के मामले में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर: स्वास्थ्य मंत्रालय

नई दिल्ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोविड-19 टीकाकरण के मामले में अमेरिका और इंग्लैंड के बाद भारत, दुनिया भर में तीसरे स्थान पर है। मंत्रालय ने बताया कि आठ बजे तक देश भर में 94 लाख से ज्यादा स्वास्थ्यकर्मियों और कोरोना योद्धाओं को कोविड-19 का टीका लगाया जा चुका है। उसने कहा कि कोविड-19 संक्रमण के दर में भी पिछले सात दिनों में लगातार कमी आयी है। एक फरवरी को यह 1.89 प्रतिशत थी जो गिर कर बृहस्पतिवार को 1.69 प्रतिशत रह गई। प्रांतों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, 18 फरवरी को सुबह आठ बजे तक 1,99,305 टीकाकरण सत्रों में टीके की कुल 94,22,228 खुराक के इंजेक्शन लाभार्थियों को लगाये गये हैं।इनमें 61,96,641 स्वास्थ्यकर्मी (पहली खुराक), 3,69,167 स्वास्थ्यकर्मी (दूसरी खुराक) और 28,56,420 कोरोना योद्धा (पहली खुराक) शामिल हैं। देश में 16 जनवरी से शुरू हुए कोविड-19 टीकाकरण अभियान के 28 दिन पूरे होने के बाद 13 फरवरी से उन लोगों को टीके की दूसरी खुराक का इंजेक्शन लगना शुरू हो गया है जिन्होंने कम से कम 28 दिन पहले पहली खुराक ली थी। कोरोना योद्धाओं का टीकाकरण दो फरवरी से शुरू हुआ। टीकाकरण के 33वें दिन (18 फरवरी) को 7,932 सत्रों में टीके के 4,22,998 खुराक के इंजेक्शन लगाए गए। इनमें से 3,30,208 लोगों को पहली खुराक जबकि 92,790 लोगों को टीके की दूसरी खुराक दी गई। मंत्रालय ने बताया कि टीके की दूसरी खुराक लेने वालों में से 58.20 प्रतिशत लोग सात राज्यों से हैं।

# सपनों का सौदागर गिरफ्तार

» मदरलैंड संवाददाता



नोएडा।एक महल हो सपनों का भले ही यह बालीवुड का दिलकश गीत हर दिल अजीज रहा है। गीत बजते ही लोग बरबस थिरकने को विवश होते रहे हैं। लेकिन इसी मदमस्त गीत संगीत की लहरी को अब चांडाल भुनाने लगे हैं। यदाकदा कानूनी कार्रवाई भी होती है लेकिन कोई फायदा नहीं। निर्णायक कार्यवाही के अभाव में यह धंधा फैलता ही जा रहा है। ताजे मामले में नोएडा थाना फेस 3 में बिना जमीन के सपनों का महल देने का वादा करने वाले सौदागर गौतम मेहरा पुत्र पवन मेहरा निवासी अंसल विलास ए 20 सतबडी थाना महरौली दिल्ली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गौतम मेहरा मुकदमा सं 726/2020 में वांछित चल रहा था। अभियुक्त द्वारा इन्द्रापुरम कन-ावनी में ह्लपैवोरियल प्रोजेक्टह्व में लोगों को फ्लैट देने का वादा किया जा रहा बताया जाता है। पुलिस की माने तो उपरोक्त स्थान पर न कोई प्रोजेक्ट चल रहा है और न ही प्राधिकरण से उपरोक्त प्रोजेक्ट की अनुमति प्राप्त की गयी है।

# यूनाइटेड किंगडम में फार्मासिस्ट के लिए नौकरी के विकल्प पर वेबिनार

» मदरलैंड संवाददाता



फरीदाबाद। एमवीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में एक वेबीनार का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ दिनेश बंसल लन्दन एवं जया ऑटुर्नुरी वेस्टहिल फामेर्सी, लन्दन ने यूनाइटेड किंगडम में फार्मासिस्ट के नौकरी के अवसरों के बारे में बतायाक जया ऑटुर्नुरी ने बताया कि यूनाइटेड किंगडम में फार्मासिस्ट का क्या स्तर है। उन्होंने बताया कि यूनाइटेड किंगडम में फार्मासिस्ट का मतलब केवल दवाइयां देना ही नहीं है। उसके अलावा भी फार्मासिस्ट की काफी अहम भूमिकाएं रहती हैक उन्होंने बताया कि यूनाइटेड किंगडम में फार्मासिस्ट के लिए क्या-क्या अवसर हैं। एवं विद्यार्थी भारत से फामेर्सी करने के पश्चात किस प्रकार संयुक्त राज्यों के लिए अप्लाई कर सकते हैं क डॉ दिनेश बंसल ने दवाइयों की पूरी प्रक्रिया के बारे में समझाया कि संयुक्त राज्यों में दवाइयां भारत के मुकाबले किस प्रकार से लिखी जाती हैं एवं कैसे काम करती हैं क विश्व विद्यालय की प्रबंधक संचालक कांता शर्मा, अध्यक्ष वरुण शर्मा, कुलाधिपति संतोष शर्मा ने इसके लिए विभाग की सराहना की एवं शुभकामनाएं दी क इस कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षक गण एवं विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे ।

# सेबी ने आईपीओ के नियमों में संशोधन किया, एलआईसी को आईपीओ लाने में होगी आसानी

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बुधवार को आईपीओ के नियमों में संशोधन कर दिया है। सेबी ने कहा कि अब कोई कंपनी मौजूदा 10 फीसदी के बजाय 5 फीसदी हिस्सेदारी आईपीओ के जरिए बेच सकती है। इसके साथ ही उन्हें लिस्टिंग के बाद तीन साल के बजाय 5 साल का वक्त मिलेगा, ताकि वहां कंपनी में मिनिमम पब्लिक होल्डिंग बढ़ाकर 25 फीसदी तक कर सके। इसका मतलब है कि 5 साल में 25 फीसदी हिस्सेदारी ओपन मार्केट में बेचनी होगी।

बता दें कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2021 में सेबी एक्ट में कुछ बदलाव की बात कही थी। वित्त मंत्री ने कहा था कि जो अलग-अलग वर्षों में जो एक्ट लागू किए गए, उन्हें एक एक्ट के रूप में सामने लाया जाएगा। इसमें सेबी एक्ट 1992, सिक्योरिटी एक्ट, गवर्नमेंट सिक्योरिटी एक्ट 2007 और अन्य एक्ट की बात है। वित्त मंत्री ने बजट में कहा कि इन्वेस्टर्स चार्टर का गठन करने का भी प्रस्ताव है। सेबी ने कहा, जिन कंपनियों का मार्केट कैप इश्यू लाने के बाद 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा होगा, वहां 10 फीसदी के बजाय 5 फीसदी स्टेक आईपीओ के जरिए जारी कर सकती हैं। लिस्टिंग के बाद अगले दो साल में कंपनी को 10 फीसदी की मिनिमम पब्लिक शेयर होल्डिंग हासिल करनी होगी।

# विदेश से आने वालों के लिए नए नियम

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में सार्स कोविड-2 का म्यूटेंट वैरिएंट फैलने की स्थिति को देखते हुए सरकार ने विदेशों से आने वाले हवाई यात्रियों के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। ये 2 अगस्त 2020 को जारी पुरानी गाइडलाइंस की जगह लेंगी और 22 फरवरी की रात 11.59 बजे से लागू हो जाएंगी। उड्डयन मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। यात्रा से पहले एयर सुविधा पोर्टल पर सेल्फ डिक्लेरेशन फॉर्म सबमिट करना होगा। पैसेंजर्स को अपनी एयरलाइन के जरिए एयर सुविधा पोर्टल या उड्डयन मंत्रालय यह अंडरटेकिंग देनी होगी कि जरूरत पड़े पर वे 14 दिन होम क्वारैंटाइन या सेल्फ हेल्थ मॉनिटरिंग के फैसले को मानेंगे।

# वनवासी छात्रों की मदद हेतु आगे आये एसएससी ग्रुप के एमडी धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू



» मदरलैंड संवाददाता

बलरामपुर ।जनपद बलरामपुर में सेवा समर्पण संस्थान द्वारा संचालित बनवासी छात्रावास में रह रहे बच्चों की शिक्षा व रहन सहन के लिए एसएससी ग्रुप आफ कंपनीज के एमडी धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू द्वारा 15000 रुपए की धनराशि बच्चों के सहयोगार्थ सेवा समर्पण संस्थान के जिला संगठन मंत्री जगराम सिंह को भेंट किया गया । धीरेन्द्र प्रताप सिंह ह्यधीरुह्न वनवासी छात्रावास की समय-समय पर सहयोग करते रहते हैं । इस अवसर पर एसएससी ग्रुप के एमडी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने समाज के प्रबुद्ध जनों एवं समाजसेवी संगठनों से इस पुनीत कार्य के लिए हर संभव सहयोग करने की अपील की । इस दौरान वनवासी छात्रावास के कल्याण हेतु व्यापक चर्चा की गई। उक्त अवसर पर संघ के विभाग प्रचारक गंगा सिंह, जिला संघचालक सौम्य अग्रवाल, जिला प्रचारक अनिल भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा डी पी सिंह 'बैस' की गरिमामयी उपस्थित रही ।

# पुलिस थाना तुगलक रोड नई दिल्ली पुलिस जिला स्टाफ द्वारा पकड़ा संदेहस्पद व्यक्ति निकला स्नैचर

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता



नई दिल्ली। 16.02.2021 को, लगभग रात 10 बजे तुगलक रोड के गश्त करने वाले पुलिस कर्मचारियों ने एक अज्ञात संदिग्ध व्यक्ति को देखा, जो पुलिस थाना तुगलक रोड के क्षेत्र में घूम रहा था पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें रुकने का इशारा किया । पुलिस अधिकारियों को अपनी ओर आते देख, देख उन्होंने मौके से भागने की कोशिश की और अपनी मोटरसाइकिल की गति तेज कर दी। पुलिस ने पीछा करके एक आरोपी असलम को पकड़ लिया आरोपी की उम्र लगभग 22 वर्ष है उनके साथी राहुल उर्फ नागा भागने में सफल रहे। सह-आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपी असलम पहली कक्षा उत्तीर्ण है और बिहार से रोजगार की तलाश में आया था बाद में स्नैचिंग करने लगा उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया आरोपी को सब इंस्पेक्टर सुमित एवं हैड कॉन्स्टेबल राकेश ने पकड़ा और पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया उपायुक्त पुलिस नई दिल्ली जिला ईश सिंघल आई०पी० एस० ने बताया की आरोपी के पास से 4 मोबाइल फोन और अपराध में इस्तेमाल मोटरसाइकिल जो महिपालपुर, नई दिल्ली के क्षेत्र से चोरी की थी, बरामद हुई बरामद वस्तुओं के मालिकों को ढूंढ़ने के लिए पूछताछ जारी है।

# ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष



नई दिल्ली। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट यूनियन की पहली भारतीय महिला प्रेसिडेंट चुनी गईं रश्मि सामंत ने पद से इस्तीफा दे दिया है। अपनी पुरानी सोशल मीडिया पोस्ट्स के वायरल होने और खुद पर नस्लीय आधार पर भेदभाव करने के आरोपों के बाद रश्मि सामंत ने पद से इस्तीफा दिया है। पुरानी सोशल मीडिया पोस्ट्स के आधार पर नस्लवादी और असंवेदनशील बताया जा रहा था। मलयेशिया घूमने के दौरान की अपनी एक तस्वीर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए रश्मि सामंत ने कैप्शन में ह्यचिंग चांगह्न लिखा था।इसे यहूदी और चीनी छात्रों के लिए गलत माना जा रहा था। यही नहीं स्टूडेंट यूनियन की डिबेट्स के दौरान उनकी तुलना हिटलर जैसे तानाशाह से की जा रही थी। इस बात से रश्मि सामंत काफी आहत थीं और अंत में उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया। सामंत ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट्स के लिए एक खुला खत लिखते हुए माफी भी मांग ली थी। इसके बाद भी लगातार उनकी आलोचना की जा रही थी और अंत में उन्होंने पद से इस्तीफा ही दे दिया। रश्मि सामंत ने फेसबुक पर अपने इस्तीफे का ऐलान किया है। इस्तीफा देते हुए रश्मि सामंत ने लिखा, 'ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट यूनियन के प्रेसिडेंट चुने जाने के बाद जिस तरह से कुछ घटनाएं हुई हैं। इससे मैं यह मानती हूं कि मेरे लिए यह इस्तीफा देने का सही समय है। आपने मुझे प्रेसिडेंट के तौर पर चुना यह मेरे लिए गर्व की बात है। कर्नाटक की मणिपाल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पढ़ाई कर चुकीं रश्मि सामंत को बीते सप्ताह ही प्रेसिडेंट के तौर पर चुना गया था। उन्हें कुल पड़े 3,708 वोटों में से 1,966 मत मिले थे। वह उडुपी जिले के मणिपाल कस्बे की रहने वाली हैं। उनके पिता दिनेश सामंत एक कारोबारी हैं, जबकि मां वत्सला होममेकर हैं। सामंत ने उडुपी से ही स्कूल की पढ़ाई की है, जबकि 2020 में मेकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन कंप्लीट किया है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के चुनाव में रश्मि सामंत ने खुद को समावेशी कैंडिडेट के तौर पर पेश किया था। यही नहीं प्रचार के दौरान उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के सिलेबस से उपनिवेशवादी चीजों को हटाने की भी बात कही थी।

# श्रम विभाग फरीदाबाद ने शिक्षाविद डॉ एम पी सिंह को किया सम्मानित

» हृदयेश कुमार




फरीदाबाद। श्रम विभाग हरियाणा के द्वारा फरीदाबाद में एक कैंटीन का शुभारंभ मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार मनोहर लाल के द्वारा राज्य मंत्री ,श्रम एवं रोजगार विभाग ,हरियाणा सरकार नायब सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया जिसमें फरीदाबाद में विपुल गोयल उद्योग मंत्री उपायुक्त अतुल कुमार द्विवेदी, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा एडवोकेट व डीएलसी डीके सैनी ने फरीदाबाद की कैंटीन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतुल कुमार उपायुक्त फरीदाबाद ने सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्यों के लिए प्रोफेसर रूक्क सिंह को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया उपायुक्त ने बताया की प्रोफेसर रूक्क सिंह जनहित व राष्ट्रहित में प्रशासन के साथ मिलकर कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रहे हैं हाल ही में आपदा प्रबंधन पर जो अतुलनीय कार्य डॉक्टर रूक्क सिंह के द्वारा किया गया वह वास्तव में सराहनीय है। इस अवसर पर जिले के उपाध्यक्ष राजकुमार बोरा, सोशल वेलफेयर ऑफिसर सुशीला देवी ,नव प्रयास सेवा संगठन के चेयरमैन राकेश हटाना आदि गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे उक्त कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रोफेसर रूक्क सिंह ने बहुत बखूबी से किया और डीएलसी डीके सैनी ने डॉक्टर रूक्क सिंह के साथ सहयोग व कार्यों की विस्तार पूर्वक चर्चा की।

# कांग्रेस पार्टी की सरवट में मीटिंग आयोजित

» मदरलैंड संवाददाता



मुजफ्फरनगर। पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरवट में कांग्रेस की मीटिंग का आयोजन हुआ, जिसमे पूर्व मंत्री व प्रदेश उपाध्यक्ष मुख्य अतिथि रहे एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अकील राणा वशिष्ठ अतिथि रहे। प्रोग्राम में सभी वक्ताओं ने 20 फरवरी को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के बघरा में होने वाले प्रोग्राम में पहुंचने की अपील की। प्रोग्राम का आयोजन अनीस अल्वी, इरशाद कुरैशी व शहजाद अल्वी ने किया तथा संचालन डॉ सय्यद मतलूब अली ने किया। पूर्व मंत्री दीपक कुमार ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि काले कानून लाने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने का वक्त आ गया है। इन कानूनों से निजात पाने एवं देश की खुशहाली के लिए कांग्रेस का सत्ता में आना जरूरी है। पूर्व मंत्री ने अल्पसंख्यकों व दलितों एवं किसानों पर अत्याचार करने वाली सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मोदी जी को मन की बात करने का वक्त तो है मगर सुनने का वक्त नही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा ने कहा कि किसानों के खिलाफ बने कानून को जब तक केंद्र सरकार वापिस नही ले लेती तब तक कांग्रेस पार्टी का एक एक सिपाही लड़ाई लड़ता रहेंगा। दीपक कुमार ने लोगो का आभार जताया। नवनियुक्त कांग्रेस प्रदेश महासचिव इंटक आबिद अनजान अंसारी का स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर सेवादल प्रदेश महासचिव सतीश शर्मा,प्रदेश महासचिव इंटक आबिद अनजान अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा सेवादल प्रदीप राना, जिला अध्यक्ष इंटक काजी सुल्तान, सोशल मीडिया प्रभारी इमरान अंसारी जी, ताहिर अब्बासी, अफजाल मलिक, नदीम खामपुर, इरशाद कुरेशी, फाजिल मलिक, गय्यूर गौर, जब्बार, दानिश त्यागी, यूनुस खान, मुंतजिर मेम्बर, वारिस राना, नूर अली आदि सैकड़ो कार्यकर्ता व लोग उपस्थित रहे।

# 43 करोड़ की लागत से सड़कें स्वीकृत करने पर मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने आभार जताया

» मदरलैंड संवाददाता



मुजफ्फरनगर। विधायक व प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रस्ताव पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुजफ्फरनगर से अलमासपुर चौक होते हुए जानसठ रोड की सड़क चौड़ीकरण हेतु 24 करोड़ व गुप्ता रिसॉर्ट्स से रामपुर तिराहा तक की सड़क के चौड़ीकरण हेतु 19 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है।कपिल देव ने बताया कि मुजफ्फरनगर से जानसठ रोड पर ट्रैफिक बहुत अधिक है और स्कूल, कॉलेज व बड़े-बड़े शोरूम होने से भीड़ व अतिक्रमण बहुत बढ़ गया है। अलमसपुर चौक भी बहुत संकरा हो गया है जिससे हर समय जाम लगा रहता है। इसी मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने भी वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।दिल्ली नीतिपास मार्ग गुप्ता रिसॉर्ट्स से रामपुर तिराहे तक की भी स्तिथि बीच -बीच में खराब है। हाल ही में इसी मार्ग पर रुड़की रोड पर सीसी रोड की स्वीकृति भी कराई गई थी जिसका कार्य तेजी से चल रहा है।कपिल देव ने बताया कि मेरठ रोड व रुड़की रोड का सुदृढ़ीकरण, चौड़ीकरण व नाला निर्माण भी बहुत आवश्यक था क्योंकि यहां भी अतिक्रमण व भीड़ की स्तिथि बहुत खराब है।

# छात्र मनोज कुमार को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया

» उमाकांत शर्मा




मुजफ्फरनगर। डीएवी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना मुजफ्फरनगर के इ.अ. प्रथम वर्ष के प्रतिभाशाली छात्र मनोज कुमार ने बागपत जिले के कस्बा बड़ौत में आयोजित 19वी सीनियर व जूनियर राज्य स्तरीय जूडो-कराटे प्रतियोगिता में 52 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। जिसे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। पी.टी.आई शिवाजी राठी ने बताया कि मनोज कुमार ने कठिन परिश्रम के दम पर जिला मुजफ्फरनगर को रजत पदक दिलाकर गौरव का अनुभव कराया है तथा जिला वूशु संघ भी मनोज कुमार को सम्मानित कर चुका है। सम्मान कार्यक्रम में डॉ. संगीता चौधरी, प्रतिभा चौधरी सहित पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



» मदरलैंड संवाददाता

मेरठ। शकील सैफी परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत दिल्ली हरिद्वारा बाईपास एवं दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे के समीप यातायात पुलिस की मदद से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के मार्गदर्शक मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ अलोक चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का उद्देश्य लोगो को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करके लापरवाही के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक-ों द्वारा भारी वाहनों एवं ऑटो रिक्शा आदि पर रिफ्लेक्टर स्टिकर चिपकाए गए और पैंपलेट बाटी गईं तथा वाहन चालकों व जनता को इस अभियान से रूबरू कराके यातायात के नियमों से जागरूक कराया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान का नेतृत्व एनएसएस कोऑर्डिनेटर दिग्विजय सिंह ने किया। उन्ह-ोंने बताया कि भारत में सड़क दुर्घटना यातायात के नियमों के प्रति लापरवाही से होती है। अभियान को सफल बनाने में एनएसएस कोऑर्डिनेटर दिग्विजय सिंह, मीडिया मैनेजर अजय चौधरी, छात्र तुषार गोयल, तुषार बिंदल, सिद्धार्थ पवार, अभय चौधरी, हर्ष कपूर, मोहम्मद अली, शुभम सिरोही, रितिक कुमार आदि का योगदान रहा।

# चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार



» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली पुलिस ने 220केवी बिजलीघर में चोरी करने वाले चार आरोपीयों को चोरी की गई लोहे की ग्रील, एक टैंपू एवं चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी ने जानकारी देते हुऐ बताया कि अपराधो व चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही गश्त व चैकिंग के दौरान बिजलीघर से चोरी की गई लोहे की ग्रील को एक टैंपू में लाद कर ले जाने के दौरान पकडने में कामयाबी पायी। चोरी की ग्रील के साथ चार आरोपीयों को पकडा गया जिनके पास से चाकू भी बरामद हुऐ। पकडे गये आरोपीयों ने अपने नाम 1-गजेन्द्र उर्फ गोलू 2-सतनाम सिंह उर्फ गुल्लू व अर्जुन निवासीगण हरौडा मोड गली नंबर 02 तथा कलीम निवासी अठसैनी थाना गढ बताये हैं। आयोपीयों के विरूद्व संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज करके उन्हें अग्रीम कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

# अधिवक्ता ओमकार सिंह की मौत के मामले में नामजद युवक का पेड़ पर लटका मिला शव

मदरलैंड संवाददाता, मेरठ। अधिवक्ता ओमकार सिंह की मौत का मामला और अधिक पेचीदा होता जा रहा है। देर रात इस मामले में नामजद दौराला थानाक्षेत्र के एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। उसका शव उसके गांव दादरी में घर थोड़ी दूर जंगल में एक पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दौराला थानाक्षेत्र के रहने वाले संजय का शव पेड़ पर लटका मिला है। इस मामले की जानकारी लगने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। शव को पेड़ से नहीं उतरने दिया गया। परिजन पुलिस अधिकारियों को मौके पर आने की मांग पर अड़ गए, शहर से पुलिस बल मौके पर भेजा जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने किया आरआरटीएस के लिए बनाये जाने वाले स्टेशनों का निरीक्षण



मदरलैंड संवाददाता, मेरठ। जनपद में रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) का कार्य निर्बाध रूप से जारी है। जिलाधिकारी के बालाजी ने अधिकारियों के साथ आरआरटीएस मैट्रो के बनाये जाने वाले स्टेशनों के स्थानो व दौराला में बनाये जाने वाले यार्ड का भी निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिग्रहीत की जानी वाली भूमि को किसानो से वार्ता कर जल्द से जल्द अधिग्रहित किया जाये ताकि केन्द्र व प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण आरआरटीएस मैट्रो परियोजना का कार्य निर्बाध रूप से जारी रहे। जिलाधिकारी के बालाजी ने आज वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आरआरटीएस मैट्रो के बनाये जाने वाले स्टेशनों के स्थानो परतापुर, भूड़बराल, मोदीपुरम, मेरठ सैन्ट्रल व मेरठ दक्षिण आदि स्टेशनों का निरीक्षण किया व दौराला में बनाये जाने वाले यार्ड का भी निरीक्षण किया। उन्होने अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि को किसानो से वार्ता कर अधिग्रहीत करने के लिए निर्देशित किया। उन्होने कहा कि आरआरटीएस के कार्यों में कोई विलंब न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त सुभाष चन्द्र प्रजापति, एसडीएम सदर संदीप भागिया, एसडीएम सरधना अमित कुमार भारतीय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# होटल से जेवरात से भरा बैग चोरी

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। गढ के एक होटल से अपने परिवार के साथ रूकी महिला को बैग चोरी हो गया। बैग में लाखो रुपए के जेवरात व नगदी थी। जनपद अमरोहा निवासी दीपांशु पूनिया ने गढ कोतवाली में चोरी की रिपोर्ट लिखाते हुऐ बताया कि उनका परिवार हाईवे किनारे स्थित होटल लीग्रांड में रुका था जहां से उसकी बहन का बैग चोरी हो गया। बैग में लाखो रुपए के जेवरात व नगदी थी। इस संबंध में गढ कोतवाली प्रभारी शीलेश कुमार का कहना है कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके घटना की जांच शुरू कर दी है।

# विवाहिता की मृत्यु हो जाने पर ससुरालियो के विरूद्व रिपोर्ट दज

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। बहादुरगढ क्षेत्र के गांव रझैटी निवासी एक पिता ने अपनी बेटी के ससुरालियो पर दहेज उत्पीडन ओर गंभीर रूप से घायल करने पर उसकी मृत्यु हो जाने पर ससुरालियो के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना बहादुरगढ क्षेत्र के गांव रझैटी निवासी रफीक ने अपनी मृतक बेटी के ससुरालियो पर दहेज उत्पीडन ओर गंभीर रूप से उसे घायल करने ओर उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो जाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मृतक के पति सुलेमान, ससुर शान मौहम्मद, रूकिया व जयबून ननद निवासीगण गढ नगर को रिपोर्ट में नामजद किया गया है। घटना की जांच सीओ गढ को सौंपी गई हैं।

# पत्नी से विवाद के चलते युवक ने लगाईं फांसी, मौत

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। थाना क्षेत्र के गांव सुरजनपुर में बुधवार की रात एक युवक ने गृह क्लेश से तंग आकर घर के अंदर कमरे में पंखे में साड़ी बांध अपनी जीवन लीला समाप्तकर ली। जब सुबह होने पर परिजनों को जानकारी हुई। मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया साथ ही युवक की मौत परिवार में कोहराम मच गया है। थाना क्षेत्र के गांव सुरजनपुर निवासी सुभाष यादव पुत्र नेत्रपाल यादव उम्र 25 वर्ष का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से विवाद हो गया।

# रेल रोको अभियान के लिए भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों कार्यकर्ता पहुंचे रेलवे स्टेशन

» सरताज अहमद

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में भारतीय किसान यूनियन का रेल रोको आंदोलन था। कृषि बिल के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन की पटरी





पर बैठ गए। स्टेशन पर एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय, एडीएम प्रसासन अमित कुमार सीओ सिटी कुलदीप सिंह के साथ साथ सुरक्षा व्यवस्था के लिये भारी पुलिस फोर्स मौजूद जिलाध्यक्ष धीरज लाठियांन के नेतृत्व में किसान कार्यकर्ता नारेबाजी करते पहुंचे स्टेशन पर पहुचे।

# नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बार एसोसिएशन की मीटिंग



» शकील सैफी

मेरठ। बार एसोसिएशन मेरठ एवं जिला बार एसोसिएशन मेरठ आम सभा की संयुक्त बैठक 11 बजे मेरठ बार एसोसिएशन नानक चंद सभागार में आयोजित की गई सभा की अध्यक्षता महावीर सिंह त्यागी एडवोकेट अध्यक्ष मेरठ बार एसोसिएशन मेरठ एवं सह अध्यक्षता वीके शर्मा एडवोकेट अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन मेरठ एवं संचालन सचिन चौधरी एडवोकेट महामंत्री मेरठ महामंत्री जिला बार एसोसिएशन मेरठ द्वारा शहर संचालन मुकेश कुमार त्यागी महामंत्री जिला बार एसोसिएशन मेरठ द्वारा किया गया सभा में मेरठ बार एसोसिएशन के सम्मानित सदस्य ओंकार सिंह तोमर एडवोकेट से प्राप्त हुए सोसाइट नोट में प्रथम सूचना रिपोर्ट में नामजद किसी भी अभियुक्त की पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक कोई गिरफ्तारी ना किए जाने के कारण अभी वक्ताओं में रोष है। जिस पर आगामी रणनीति हेतु अभी वक्ताओं द्वारा अपने अपने विचार मीटिंग में रखे गए। इसको एक राजनीतिक षड्यंत्र बताया आक्रोश प्रकट करते हुए निंदा करती है। बार एसोसिएशन पुलिस एवं शासन से मांग करती है कि वह उक्त प्रकरण मे सन लिप्त अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करें एवं अधिवक्ता गण के विरुद्ध की गई प्राथमिकी को वापस कराएं और यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी दिनांक 19 और 20 फरवरी कोई भी कार्य न्यायालय में नहीं हो गा बताते चलें ओमकार सिंह अधिवक्ता के सोसाइड नोट पर 12 लोगों को नामजद किया गया था जिसमें हस्तिनापुर विधायक दिनेश खटीक भी नामजद है।

# विधुत विभाग पर कसा तंज, कईयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज



» अजय सक्सेना

मैनपुरी। जनपद मैनपुरी में अधीक्षण अभियंता के दिशा निर्देश में राजस्व बसूली व विधुत चोरी रोको अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज विधुत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अभियान चलाया। जहाँ पर अभियान के दौरान कईयों के घर कि बत्ती गुल हो गयी। तो कहियों पर विधुत चोरी की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। जनपद मैनपुरी के तेज तर्रार अधीक्षण अभियंता अतुल कुमार अग्रवाल की उनके दिशा निर्देशन में उनके अधिनस्थो द्वारा राजस्व बसूली व विधुत चोरी रोको अभियान चलाया गया। जहाँ पर अभियान के दौरान काफी लोगों के घरों की बत्ती गुल कर दी गयी। तो कहियों के विरुद्ध विधुत चोरी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। जिसमें खंड प्रथम में 90, खंड द्वितीय में 250, खंड तृतीय में 266 उपभोक्ताओं पर बकाया था। जिनके घरों की बत्ती गुल कर दी गयी। वहीं चेकिंग के दौरान जनपद में 21 लोग बिजली की चोरी करते हुए पाए गए। जिन सभी लोगों के खिलाफ विधुत चोरी की धारा 135 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

# किसानो ने बेरिकेडिंग तोडते हुऐ रेलवे ट्रेक पर कब्जा किया

» कांति प्रसाद

गढमुक्तेश्वर। भाकियू के तीन कृषि विधेयको के विरोध में रेल रोको आंदोलन में गढमुक्तेश्वर रेलवे स्टेशन पर भारी पुलिस बल लगाने के बाद भी किसानो ने बेरिकेडिंग तोडते हुऐ रेलवे ट्रेक पर कब्जा किया। जिस कारण राजधानी एक्सप्रैस ट्रेन को सिंभावली रेलवे स्टेशन पर ही ढाई घण्टे खडा रहना पडा। गढ पहुंचे डीएम व एसपी ने शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे किसानो को गांधीगिरी दिखाते हुऐ फूल देकर आंदोलन एक घण्टे पहले ही समाप्त कराया। भाकियू के तीन कृषि विधेयको के विरोध में देश भर में प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन के मध्यनजर हापुड जिले के पुलिस-प्रशासन ने बुद्ववार से ही काफी प्रबंध किये थे। लेकिन जब बृहस्पतिवार को किसान बडी संख्या में रेलवे स्टेशन की तरफ सरकार के विरूद्व नारेबाजी करते हुऐ बढे तो बेरिकेडिंग लगाये खडी पुलिस ने किसानो को रोकना चाहा। लेकिन किसानो ने बेरिकेडिंग तोडते हुऐ रेलवे ट्रेक पर





कब्जा कर लिया। जिसके बाद गढ स्टेशन से पहले पडने वाले रेलवे स्टेशनो पर आने-जाने वाली गाडीयों को रोक दिया गया। किसानो के आंदोलन को देखते हुऐ दिल्ली से चलकर डिब्रुगढ जाने वाली राजधानी एक्सप्रैस ट्रेन को सिंभावली रेलवे स्टेशन पर ही रोक दिया गया। सिंभावली रेलवे स्टेशन मास्टर मुकेश कुमार मीना ने बताया कि राजधानी एक्सप्रैस सिंभावली स्टेशन पर 12बजकर 49 मिनट पर पहुंची ट्रेन को ढाई घण्टे खडा रहना पडा। आंदोलन करने वाले किसानो में राष्ट्रीय सचिव कुशलपाल आर्य, मण्डल प्रवक्ता दिनेश खेडा, जीते चैहान,बबलू त्यागी, नीलम त्यागी,राजू ठाकुर, सलमान, शब्बू चैधरी, श्यामसुंदर, बिल्लू, अफजाल प्रधान, परवेज चैधरी, सलीम, शाहिद, दिनेश, गुलजार, रामपाल सिंह आदि सहित सैकडो किसान शामिल रहे।

# ब्लाइंड मर्डर का सीओ ने किया खुलासा बेटा ही निकला बाप का कातिल

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। जनपद मैनपुरी के एक थाना क्षेत्र में करीब एक सप्ताह पूर्व 10 फरवरी को हरचंदपुर कुसमरा में हुई अधेड़ की मौत का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। सौतेले बेटे ने ही मृतक की गला दबाकर हत्या कर दी थी। सीओ भोगांव ने थाने पर पत्रकारों को जानकारी दी। आरोपी को जेल भेजा गया है।

कुसमरा के मैनपुरी मार्ग पर एक सप्ताह पूर्व 10 फरवरी को अपने मकान पर 57 वर्षीय हाकिम सिंह के फांसी के फंदे पर लटकने की सूचना मिली थी। मृतक की मौत का कारण जानने को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक को गला दबाकर हत्या करने की सामने आई थी। शनिवार को पीएम रिपोर्ट आते ही पुलिस ने हत्या के पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। सीओ भोगांव अमर बहादुर ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू करा दी थी।

# बिजली विभाग की टीम ने चलाया विधुत चैकिंग अभियान

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। तहसील करहल उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्रों में बढ़ती चोरी को देखते हुए विघुत विभाग द्वारा लगातार करवाई की जा रही है इसी क्रम में बिजली विभाग की टीम ने ग्राम हरवाई एवं रानीपुर में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान गांव हरवाई में चार लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया एवं गांव रानीपुर में चार लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया बिजली चोरी करते पकड़े गए सभी लोगों के विरुद्ध बिजली विभाग ने विद्युत थाने में प्राथ-मिकी दर्ज करवाई है।

चैकिंग टीम में रजत शुक्ला उपखंड अधिकारी करहल, पंकज कनौजिया अवर अभियंता करह-ल,सुशील कुमार टी जी-02 अंडनी, सुनील कुमार संविदाकर्मी अंडनी,विवेक कुमार मीटर रीडर,पुष्पेंद्र लाइनमैन मौजूद रहे।

# गिरते भूजल स्तर से निपटने के लिए वाटर हार्वेस्टिग प्रणाली की स्थापना कराई जाए - मण्डलायुक्त

» अंजुम सिद्दीकी

सहारनपुर। प्रदेश में प्रदेश में गिरते हुए भूजल स्तर एवं भूजल संकट को देखते हुए वर्षा जल संचयन एवम् भूजल रिचार्ज के लिए मण्ड-ल के समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। मण्डलायुक्त ए वी राजामैलि ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन के द्वारा भूजल प्रबन्धन एवम नियमन हेतु उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल प्रबन्धन और विनियमन अधि-नियम-2019 लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके चलते प्रथम चरण में प्रदेश के प्रत्येक सरकारी विभाग अर्द्धसरकारी विभाग को यह सुनिश्चित करना होगा कि अधिनियम के प्रारम्भ होने के दिनांक से एक वर्ष के भीतर वर्षा जल संचयन संरचनाएं समुचित रुप से उनके परिसरों में निर्मित कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए शासन द्वारा पूर्व में भी समस्त शासकीय भवनों यथा-शासकीय विद्यालयों, चिकित्सालयों, सरकारी कार्यालयों आवासीय भवनो, शासकीय उपक्रमों निगमों मेडिकल कालिज, शासकीय निकायों आदि में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किये गये है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



संक्षिप्त समाचार

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जनपद की 884 ग्राम पंचायत भवन का निर्माण

मदरलैंड संवाददाता, सहारनपुर। प्रदेश सरकार ग्राम पंचायतों को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के माध्यम से अन्तिम छोर पर खडे.व्यक्ति को विकास के पहिये से जोड़ रही है। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान का उद्देश्य है कि ग्रामसभा की क्षमता व प्रभावशीलता में अभिवृद्धि, पंचायतों में आम जनता की भागीदारी को बढ़ावा, पंचायतों को लोकतांत्रिक रूप से निर्णय लेने एवं उत्तरदायित्व निभाने हेतु सक्षम बनाना है। इसके साथ ही विभिन्न जानकारी एवं पंचायतों की क्षमता वृद्धि के लिए पंचायतों के संस्थागत ढॉचे को मजबूत करना है। संविधान के 73वें संशोधन की भावना के अनुरूप अधिकारों एवं उत्तरदायित्वों को पंचायतों को सुपुर्दगी, पंचायतीराज व्यवस्था के अन्तर्गत जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए ग्रामसभाओं को सुदृढीकरण तथा संवैधानिक व्यवस्था को सशक्त बनाया जा रहा है। जनपद सहारनपुर में वर्ष 2020-21 में 884 पंचायत भवनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया जिसमें से 192 पंचायत भवन का स्थल चयन किया गया। वर्ष 2020-21 में 05 पंचायत भवन पूर्ण किये जा चुके हैं।

## बच्चों के खाते में सीधे भेजी जाएगी स्कूल ड्रेस की कीमत

मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। परिषदीय स्कूलों के बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर प्रदेश सरकार बदलाव की तैयारी में है। इन बच्चों को अब सिला हुआ ड्रेस देने की बजाय उनके खाते में ड्रेस की कीमत सीधे भेजने की योजना बन रही है।मुख्यमंत्री ने सरकारी खरीद में अनुभव की अनिवार्यता को समाप्त करने का भी आश्वासन दिया है।मुख्यमंत्री से मिलने गये एसके अग्रवाल ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) में शामिल किए गए रेडीमेड गारमेंट को बढ़ावा देने के लिए स्कूल ड्रेस की खरीद यहां के उद्यमियों से कराए जाने की मांग की। इस मांग के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अब बच्चों को ड्रेस देने की बजाय उनके खाते में आनलाइन धन उपलब्ध कराने की तैयारी कर रही है, जिससे वे अपने अनुसार ड्रेस खरीद सकें। इस कदम से गुणवत्ता को लेकर उठने वाले सवाल भी समाप्त हो जाएंगे। सरकार की ओर से एक साल में दो ड्रेस दिया जाता है और प्रत्येक ड्रेस की कीमत 300 रुपये निर्धारित है। एसके अग्रवाल ने गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में गारमेंट पार्क की स्थापना एवं फ्लैटेड शेड बनाने की भी मांग की।

## शस्त्र लाइसेंस धारकों को किए नोटिस जारी

मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन भी तैयारी में जुट गया है। प्रशासन ने चुनाव को लेकर शस्त्र लाइसेंस धारकों को नोटिस जारी किए हैं। चुनाव से पहले शस्त्र जमा करने होंगे। सिटी मजिस्ट्रेट ने 20 फरवरी तक सभी थानों से रिपोर्ट भी तलब की है। प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू होने के बाद 22 फरवरी से शस्त्र जमा होने लगेंगे। शस्त्र धारकों की सहूलियत के अनुसार हथियार जमा कराने की छूट दी जाएगी। आपराधिक इतिहास वाले लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। जिले में करीब 38 हजार शस्त्र लाइसेंस धारक हैं। प्रशासन ने मालखाने एवम शस्त्र की दुकानों पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था रखने का निर्देश जारी किए हैं। कोई व्यक्ति सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र नहीं जमा करेगा तो कमेटी निर्णय लेगी। थानाध्यक्षों को प्रशासन को पत्र देना होगा कि क्षेत्र में कोई आपराधिक इतिहास वाला लाइसेंस धारी नहीं है। सिटी मजिस्ट्रेट विनीत कुमार सिंह ने बताया कि लाइसेंस जमा कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## किसी आपदा से निपटने में मुख्य कड़ी है लेखपाल: डीएम

मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। सचिव एवं राहत आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिला ग्राम्य विकास संस्थान धनीपुर में 3 दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीएम चंद्र भूषण सिंह व एडीएम वित्त विधान जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला ग्राम्य विकास संस्थान धनीपुर की जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. प्रियंका शर्मा ने डीएम अलीगढ़ व एडीएम वित्त को पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यशाला में डीएम ने अपने विचार रखते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए लेखपाल मुख्य कड़ी होते है इसलिए वे पूरी मेहनत के साथ कार्यशाला के को करे। तथा किसी भी प्रकार की आपदा में लोगो को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाकर उनके खाने पीने की व्यवस्था करना प्राथमिकता होनी चाहिए।एडीएम वित्त विधान जायसवाल ने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करे जिससे किसी भी प्रकार की आपदा से बचाव किया जा सकता है जिन तहसीलो के गांव नदीध्नहर के किनारे है उनको समय समय पर जागरूक किया जाए जिससे वे अपना वचाव कर सके यही शासन की मंशा है।

# ज्योति त्यागी ने यूपीपीसीएस की परीक्षा पास कर असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर चयन पाया

» अवनीश त्यागी



बिजनौर। ग्राम महमूदपुर में जन्मी ज्योति ने गांव के ही सरकारी स्कूल से अपनी 10वी तक कि पढ़ाई करने बाद, 12 की पढ़ाई स्योहारा के बिड़ला कॉलेज से की, ओर इअ की धामपुर के एसबीडी कॉलेज से करने के बाद टइअ की पढ़ाई कुरुक्षेत्र युनिवर्सटी से की।ज्योति की शादी पास के है गांव बगवाड़ा के अंकित शर्मा से हुई जो एयरफोर्स में कार्यरत है।सफलता पर क्या कहती है ज्योति त्यागी ज्योति का कहना है कि शादी के बाद मेरे पति ने मुझे वढढउर की परीक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। शुरू में मुझे यह भी नहीं पता था कि यह परीक्षा क्या होती है, किस लिए होती है,और इसका पैटर्न क्या है। लेकिन मेरे सास ससुर और पति के भरपूर सहयोग और आशीर्वाद के साथ मैंने इस परीक्षा को पास किया। उन्होंने ये भी बताया कि इसके लिए उन्होंने किसी भी कोचिंग सस्थन से कोचिंग नहीं की, स्वम तैयारी की और सफलता हासिल की। पति अंकित शर्मा जो की एयर फोर्स में है, का कहना है कि ज्योति की मेहनत ही उसे इस मुकाम पर लेकर गई है। ज्योति ने पहले भी 2017 ओर 2018 में भी परीक्षा पास कर थी लेकिन इंटरव्यू तक पहुंचने के बाद भी चयन नहीं हो पाया था फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार तैयारी करती रही और 2019 की परीक्षा जिसका रिजल्ट कल आया है में चयन पाया। ज्योति के पिता सुरेंद्र सिंह त्यागी का कहना है कि ज्योति शुरू से ही पढ़ने में होशियार थी लेकिन उस समय की परिस्थिति में उसे पढ़ने के लिए इंगलिश मीडियम स्कूल उपलब्ध नहीं था फिर भी उन्होंने इस मुकाम पर पहुचकर यह साबित कर दिया है कि दिल में कुछ करने का जज्बा हो तो परिस्थितियां कुछ भी हो सफलता मिलती ही है। ज्योति त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं लोकसभा प्रभारी सत्यवीर त्यागी, एडवोकेट के छोटे भाई की बेटी है, ज्योति त्यागी के तहेरे भाई और सत्यवीर त्यागी के बेटे मुकेश कुमार त्यागी,डी जी सी (सिविल बिजनौर वर्तमान में कार्यरत हैं। उधर हल्दौर ब्लाक के गांव माढ़ी पुट्ठा निवासी धर्मेन्द्र सिंह चिकारा की सुपुत्री अलका चिकारा ने यूपीएससी2019 परीक्षा पास की। उन्हें भी डिप्टी जेलर का पद मिला है। जिसके बाद परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अलका अपनी कामयाबी का श्रेय आने परिजनों सहकर्मियों और खास तौर से अपने दादा को देना चाहती हैं। अलका गंज के एक प्राइमरी विद्यालय में सहायक अध्यापिका के पद पर नियुक्त हैं।

## मिशन शक्ति खेल प्रतियोगिता विजयी छात्राओं को जिलाधिकारी द्वारा किया गया सम्मानित



» मदरलैंड संवाददाता

बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकांत पाण्डेय ने मिशन शक्ति के अन्तर्गत बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तरीय एथलेटिक्स, बालीबाल, दौड़, लाग जम्प, बैडमिन्टन प्रतियोगिता-2021 में प्रतिभाग करने वाली प्रथम, द्वतीय एंव तृतीय श्रेणी प्राप्त विजेयता छात्राओं को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी संजय कुमार यादव, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि सुनील कुमार सागर सहित अन्य अधिकारी एवं खेल विभाग के कौच मौजूद थे। जिलाधिकारी रमाकांत पाण्डेय ने उपस्थित छात्राओं एवं उनके प्रशिक्षकगणों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में सफलता तीन सिद्वांतों के साथ प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर, स्वास्थ मस्तिष्क और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी सफलता प्राप्त की जा सकती है, लेकिन इसके साथ सकारात्मक रूप से लगन, मेहनत और धैर्य की अनिवार्यता जरूरी है।

## ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को लेकर जिलाधिकारी से मिले देवानंद परिहार

» शंकरदेव तिवारी



आगरा। पिनाहट ब्लाक की सबसे बडी ग्राम पंचायत में विकास कार्यो के नाम पर प्रधान की ओर से केवल आश्वासन ही मिलने के बाद भाजपा युवा नेता देवानंद परिहार ने जिलाधिकारी से मिलकर जल्द नाली खरंजे के कार्यो को कराने की मांग की। देवानंद परिहार जिलाधिकारी आगरा प्रभु एन सिह से मिले और ब्लाक पिनाहट की सबसे बडी ग्राम पंचायत विप्रावली के वर्तमान प्रधान पर द्वेष भावना से कार्य करने का आरोप लगाते हुए मांग की कि प्रधान से बार बार कहने पर भी उन्होने अमरसिहपुरा, बीच कापुरा, नयाबांस, सूबेदार पुरा सडक, खरंजा, नाली,तालाब क सौन्दर्यीकरण,गांव के पानी की निकासी जैसे तमाम निर्माण कार्य नही कराये गये।जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है।अपर मुख्य सचिव के निरीक्षण के दौरान भी जब लोगों ने शिकायत करनी चाही तो ग्राम प्रधान ने जल्द काम कराने का आश्वासन दिया किन्तु आज तक कोई काम नही कराया। युवा नेता ने जिलाधिकारी से मांग की कि वे जल्द इन सभी कार्यो को करवाये जिससे लोगों को हो रही समस्याओं से छुटकारा मिल सके। वही देवानंद ने बताया कि जिलाधिकारी ने सभी कार्यो को कराने का भरोसा दिलाया है।

## देश की आंतरिक सुरक्षा में सहयोगी बने युवा पीढ़ी

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। देश की सीमा पर सुरक्षा के लिए सेना है। लेकिन देश की आंतरिक सुरक्षा भी जरूरी है। इसका दृष्टिकोण स्वास्थिक, सामाजिक, आर्थिक और भी बहुत कुछ हो सकता है। रक्तदान किसी को जीवनदान करने से कम नहीं। इसी उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार के 72वें जन्मदिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन एसएन अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. रजनीश त्यागी ने यह वक्तव्य बोलते हुए कहा कि 72वें जन्म दिवस पर लक्ष्य तो 72 यूनिट रक्तदान का रखा गया था, लेकिन युवाओं और मंच के सदस्यों के उत्साह ने इसे 108 यूनिट तक पहुंचा दिया। सरकारी ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर को आयोजित करने का उद्देश्य यह है कि इसका लाभ सीधे तौर पर गरीब और असहाय लोगों को मिल सके। कार्यक्रम संयोजक राज परिहार ने बताया कि शिविर में हिन्दुस्तान कॉलेज व एमपीएस कॉलेज के विद्यार्थियों, मंच के सदस्यों व समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया व रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंच के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह, संरक्षक ब्रिगेडियर मनोज कुमार, समन्वयक डॉ. राजीव उपाध्याय, गौरी शंकर, कार्यक्रम संयोजक राज परिहार, शैलेन्द्र शर्मा, सचिन गोयल, रवि करौतिया, डॉ. रेनूका डंग, अतुल सरीन, रविन्द्र पाल टिम्मा, पवन सिंह, प्रो. वेद त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

## सरकारी फ्लैट में मिला युवक का शव

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। थाना लोधा क्षेत्र के गांव भरतपुर में प्लाट के पास युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया औश्र घटना की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस को घटनास्थल पर नमकीन, सिगरेट,शराब व सल्फास की गोलियां मिली हैं। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

अलीगढ़ के लोधा क्षेत्र के गांव भरतपुर निवासी छोटे लाल 35 वर्ष पुत्र रंजीत सिंह का शव आज सुबह जोफरी रोड के पास पड़ा मिला। घटनास्थल पर कमरे में नमकीन के पाउच, सिगरेट, शराब व सल्फास पाये गये। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को मोर्चुरी में रखवा दिया और स्वजन को सूचित कर दिया।छोटे लाल को सारसॉल स्थित सरकारी आवास मिला हुआ था एवं एक प्लॉट लोधा में जोफरी रोड पर भी खरीद लिया था, जिसमें एक कमरा भी बना हुआ था। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक पति पत्नी में अनबन थी जिसके चलते युवक न घर पर जाता था और न ही जोफरी रोड स्थित अपने प्लॉट पर जाता था। वह प्लाट के आसपास ही कहीं रात बिताता था। बुधवार रात को प्लाट में कैसे और किसके साथ पहुंचा और उसकी मौत कैसे हुई इसका पता नहीं लग सका है। थाना पुलिस के मुताबिक अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जायेगी।

## स्वच्छता से हम स्वस्थ ही नहीं आर्थिक रूप से हो सकते हैं मजबूत:सीडीओ

» अर्जुनदेव वार्ष्णेय



अलीगढ़। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत सामुदायिक, महिला एवं बाल मैत्रिक शौचालय का गुणवत्तापूर्ण निर्माण, रख-रखाव एवं प्रबन्धन के लिए एक दिवसीय राज्यव्यापी जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन विकास भवन स्थित गॉधी सभागार में किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अनुनय झा द्वारा कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को अपनाकर हम सिर्फ स्वस्थ ही नहीं रह सकते वरन् अपने आसपास के वातावरण को कार्योपयोगी बनाने के साथ ही अपने वार्षिक बजट में काफी बचत कर सकते हैं। सीडीओ ने कहा कि जनपद अलीगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत काफी सराहनीय कार्य किए गये हैं। इसके लिए उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों समेत अपनी पूरी टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि टीम भावना से कार्य करने का ही परिणाम रहा कि राज्य में जनपद के प्रथम आने पर भारत सरकार द्वारा दो पुरस्कारों से नवाजा गया। अब तक 575 सामुदायिक शौचालयों को महिला समूहों को हस्तांतरित कर उनका संचालन ही नहीं किया जा रहा बल्कि उनको रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय वर्ष के अन्त तक सभी सामुदायिक शौचालयों को महिला समूहों को हस्तगत कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है जब 2018 के आंकड़ों के अनुसार देश में 66.5 प्रतिशत महिलाओं को नहाने के लिए उचित जगह उपलब्ध नहीं है। आंकड़ों के अनुसार 48 प्रतिशत को शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है। 34 प्रतिशत मल कूड़े में फेंका जा रहा है एवं 31 प्रतिशत मल खुले में फेंक दिया जा रहा है, वहीं बच्चों द्वारा शौचालय प्रयोग करने का प्रतिशत 5 फीसद से भी कम है। सामुदायिक शौचालय का महिलाओं एवं बच्चों के लिए विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि महिलाओं एवं बच्चों को शत-प्रतिशत शौचालय की सुविधा उपलब्ध हो। कार्यशाला में कुमार साकेत द्वारा सामुदायिक शौचलयों के थर्ड पार्टी वेरीफिकेशन द्वारा हितधारकों की क्षमतावर्धन की रूप रेखा, गौरव वर्मा द्वारा चैकलिस्ट और सत्यापन के चरणों का परिचय और महत्व, अपूर्व प्रसाद द्वारा विशेष रूप से अपशिष्ट स्थ्रीकरण, तालाब एवं सोख्ता गड्ढा पर विस्तार से जानकारी मुहैया कराई गयी। इस अवसर पर उप निदेशक पंचायत एस.के. सिंह, डीपीआरओ पारूल सिसौदिया, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), जिला कंसलटेंट एसबीएम आदि उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति और फिट इंडिया मूवमेंट का संयुक्त प्रयास स्वास्थ्य परीक्षण: नगर आयुक्त



» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। रोटरी क्लब व नगर निगम द्वारा मिशन शक्ति व फिट इंडिया मूवमेंट के तहत नगर निगम के सफाई कर्मचारियों सामान्य कर्मचारियों व अधिकारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए दो दिवसीय हेल्थ कैम्प का आयोजन नगर निगम सेवाभवन में किया गया। चलने वाले हेल्थ कैम्प का उद्घाटन उपाध्यक्ष नगर आयुक्त प्रेम रंजन सिंह व आईआईएमए के अध्यक्ष डॉ विपिन गुप्ता, डॉ विपिन गोयल व डॉ निति गोयल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया।

नगर निगम में आयोजित दो दिवसीय हेल्थ कैंप में नगर आयुक्त प्रेम रंजन सिंह और अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिव कुमार मुख्य अभियंता कुलभूषण वार्ष्णेय कर अधीक्षक राजेश कुमार स्टेनो देश दीपक तरुण पाठक संजय सक्सेना आदि कर्मचारियों ने अपने हेल्थ चेकअप कराया। नगर आयुक्त ने अपना ब्लड प्रेशर चेक कराया जिसमें सामान्य ब्लड प्रेशर आया

हेल्थ कैंप में आईएमए के अध्यक्ष डॉ विपिन गुप्ता ने कोविड-19 के दौरान टेलीमेडिसिन में दिए गए सहयोग की भांति सफाई कर्मचारियों अधिकारियों और सामान्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सदैव आईएमए का सहयोग देने का आश्वासन नगर आयुक्त को दिया।

नगर आयुक्त ने कहा स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की जन जागरूकता के लिए सफाई मित्रों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग और सचेत रहने की बेहद आवश्यकता है उन्होंने कहा स्वच्छता के सिपाहियों के बल पर ही कोविड-19 से जीत संभव हो चुकी है। नगर निगम के कुछ कर्मचारियों की डायबिटीज हेल्थ चेकअप के दौरान बढ़ी हुई आई जिसको देखते हुए अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने कर्मचारियों को सुबह टहलने के साथ-साथ योग को अपनी आदत बनाने की नसीहत दी

नगर आयुक्त ने रोटरी क्लब की इस मुहिम की सराहना करते हुए हेल्थ कैंप में निशुल्क सेवाएं दे रहे आईएमए अध्यक्ष सहित सभी डॉक्टर्स का आभार व्यक्त किया।

नगर निगम में आयोजित हेल्थ चेकअप की समस्त व्यवस्थाएं राजेश गुप्ता कर अधीक्षक एवं मीडिया कवरेज एहसान रब द्वारा की गई।

हेल्थ चेकअप में आईएमए अध्यक्ष डॉ विपिन गुप्ता डॉ विपिन गोयल डॉ निति गोयल डॉ विनोद सक्सेना डॉ राकेश अग्रवाल सुनीता गुप्ता शशि पवार निधि गुप्ता नीरज संजय आदि ने सहयोग किया।

## कटपुला की रंग रोगन का काम हुआ शुरू-जल्द नए रूप में दिखेगा कटपुला

» मदरलैंड संवाददाता



अलीगढ़। एडीए के उपाध्यक्ष नगर आयुक्त प्रेम रंजन सिंह के निर्देश पर शहर और सिविल लाइन को जोड़ने वाले ऐतिहासिक कटपुला की सूरत बदलने की कवायद नगर निगम द्वारा शुरू कर दी गयी है।

गुरूवार को उपाध्यक्ष नगर आयुक्त ने कटपुला का अधीनस्थों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष नगर आयुक्त ने कटपुला के एतिहासिक महत्व को बरकार रखते हुये इसे स्मार्ट सिटी परियोजना अन्तर्गत स्मार्ट बनाने के लिये प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश मुख्य अभियन्ता कुलभूषण वार्ष्णेय को दिये। उपाध्यक्ष नगर आयुक्त ने प्रस्ताव तैयार होने तक कटपुला की रैलिंग की मरम्मत नई रैलिंग लगवाये जाने, रंगाई पुताई, लाइट पोल व बृहद रूप से प्लाटनेंशर कटपुला के सिटी साइड पर कराये जाने के निर्देश अधीनस्थों को दिये। उपाध्यक्ष नगर आयुक्त ने कटपुला को वॉल राइटिंगध्पेटिंग से सजाने व कटपुला सिटी साइड पर चढ़ते समय अलीगढ़ नगर निगम आपका स्वागत करता है का ग्लोसाइन बोर्ड लगाने के निर्देश अधीनस्थों को दिये। उपाध्यक्ष नगर आयुक्त प्रेम रंजन सिंह ने कहा कठपुला अलीगढ़ का गौरव है और इस एतिहासिक धरोहर को सहेज कर रखने के लिये नगर निगम और शहरवासियों को एक साथ-साथ प्रयास करने की जरूरत है उन्होनें कहा कि कटपुला के एतिहासिक महत्व को बरकार रखते हुये आवश्यक सभी काम अलीगढ़ विकास प्राधिकरण व नगर निगम अलीगढ़ कराने के लिये पूर्ण रूप से प्रयासरत है।

## सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े एवं विश्लेषण के लिए शुरू किया गया एप्प

» धर्मेन्द्र राघव

अलीगढ़। भारत सरकार देश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के प्रति संवेदनशील है। किसी भी समस्या का तब तक निस्तारण नहीं किया जा सकता जब तक उसके सही आंकड़े, कारण एवं स्थित का सही ढ़ंग से विश्लेषण ना किया जाए। भारत सरकार के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाओं के सही आंकड़े जुटाने और उनका विश्लेषण करने के लिए केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन0आईसी0) के सहयोग से इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेन्ट डाटाबेस आई रॉड नामक एप्प विकसित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक (यातायात) सतीश चन्द्र ने उक्त विचार थाना क्वार्सी के अन्तर्गत बरौला बाईपास एवं थाना जवाँ के अन्तर्गत बाईपास पर आयोजित इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेन्ट डाटा आई रॉड एप्प के ड्राई रन के अवसर पर व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख व्यक्ति मारे जाते हैं और प्रत्येक वर्ष दुर्घटनाओं में मृत होने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। यातायात नियमों के पालन में लापरवाही बरतने के साथ-साथ अपेक्षित सुधार न होने का एक प्रमुख कारण यह भी है कि हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं से सम्बन्धित आँकड़ों का न तो भली प्रकार से संग्रहण ब्वसससमबजपवद पाता है और न ही इन आँकड़ों का सही विश्लेषण ।दंसलेपे हो पाता है, जिसके कारण अपेक्षित सुधार परिलक्षित नहीं हो पा रहा है। इन्हीं कमियों को दूर करने के उद्देश्य से केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन0आईसी0) के सहयोग से इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेन्ट डाटाबेस आई रॉड नामक एप्प विकसित किया गया है। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) फरीदउद्दीन ने कहा कि इस एप्प में अपने-अपने विभाग



से सम्बन्धित दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी को पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं चिकित्सा विभाग द्वारा भरा जाएगा। इस विस्तृत सूचना का प्रयोग दुर्घटनाओं के विश्लेषण तथा सुधार कार्यवाही में प्रभावी रूप से किया जा सकेगा। इस ड्राई रन में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अमिताभ चतुवेर्दी, रोल आउट मैनेजर पत।क सुनील सिंह, एन0आई0सी0, थाना क्वार्सी व थाना जवाँ के पुलिस निरीक्षक उपस्थित रहे।

# एमसीएम के स्टाफ के सदस्यों एवं छात्राओं ने ऑनलाइन पोर्टल पर लिया संकल्प

» विनोद कुमार



चंडीगढ़। अपने हितधारकों में समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने और जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनाने के लिए दिशा में भारत सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों को अग्रसर करते हुए मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज की महिलाओं की स्वच्छ समिति ने मायगव, जीओआई ऑनलाइन प्रतिज्ञा प्लेटफॉर्म पर प्रतिज्ञाएँ ली और शिक्षा मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन क्विज में भी भाग लिया। कॉलेज के कर्मचारियों और छात्राओं ने भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर सड़क सुरक्षा प्रतिज्ञा, सुरक्षित भारत प्रतिज्ञा, ईंधन संरक्षण 2021 प्रतिज्ञा, नशा मुक्त भारत प्रतिज्ञा तथा आत्मनिर्भर भारत के लिए प्रतिज्ञा ली। कॉलेज की छात्राओं ने देशभक्ति प्रश्नोत्तरी, टेस्ट योर रोड सेफ्टी क्विज, 1971 बांग्लादेश लिबरेशन वॉर क्विज, फार्मर्स फर्स्ट क्विज, ईट राइट क्विज, और क्विज ऑन जेंडर सेंसिटाइजेशन तथा कानूनी जागरूकता जैसे ऑनलाइन क्विज में भी भाग लिया।

कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव ने स्टाफ और छात्राओं को हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों के प्रति रचनात्मक योगदान देने के बारे में जागरूक करने के लिए स्वच्छता समिति की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि एमसीएम भारत सरकार की स्वच्छ भारत अभियान, उन्नत भारत अभियान जैसी कई पहलों पर निरंतर प्रयासरत है।

# डीसी रेट बढ़ाने और अन्य मांगों के समर्थन में कर्मचारियों ने रैली करके मटका फोड़ प्रदर्शन किया

» विनोद कुमार,



चंडीगढ़। ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन एंड एमसी एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के आह्वान पर क्रमवार मटका फोड़ आंदोलन की कड़ी में दूसरा मटका फोड़ प्रदर्शन कर्मचारियों की मांगों पर विचार ना करने पर सीपी डिवीजन नंबर 3 सेक्टर 16 में चंडीगढ़ प्रशासन और एमसी का मटका फोड़ कर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने चंडीगढ़ प्रशासन और एमसी के अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारे बाजी की। चंडीगढ़ प्रसाशन के अड़ियल रवैये की आलोचना की।

ज्वाइंट एक्शन कमेटी का शिष्टमंडल कन्वीनर अशवनी कुमार को अगुवाई में हरजीत सिंह संधू एस डी एम को मिला और कर्मचारियों की मांगों का मांग पत्र एडवाइजर चंडीगढ़ को सौंपा। एसडीएम ने भरोसा दिया के एडवाइजर को मांग पत्र भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई ठेकेदार आउटसोर्सिंग कर्मचारियों से पैसे मांगता है तो तुरंत मुझे शिकायत करो। उस ठेकेदार पर करवाई होगी। कर्मचारियों को संबोधन करते हुए ज्वाइंट एक्शन कमेटी के कन्वीनर अशवनी कुमार और चेयरमैन सुरमुख सिंह ने कहा कि चंडीगड़ प्रसाशन और एमसी के प्रसाशनिक अधिकारी कर्मचारियों की ज्याज मांगों को मानने के लिए त्यार नही है और ना ही कर्मचारियों की मांगों पर बात कर रहे हैं। अशवनी कुमार ने कहा अगर मांगे पूरी नही की गई तो मटका फोड़ आंदोलन की क्रमवार लड़ी में तीसरा मटका फोड़ आंदोलन एमसी कार्यलय सेक्टर 17 में 25 फरवरी को होगा।

कर्मचारियों को अशवनी कुमार, सुरमुख सिंह के इलावा, नरिंदर कुमार, राजिंदर कुमार, कुलदीप सिंह, सरवन कुमार, संजय दुहन, रविंदर बिंदु, सुरिंदर सिंह, रवि सिंह, सत्य प्रकाश, याद राम, गुरमीत सिंह, लालजीत, महिपाल, कमल कुमार और सुरिंदर शर्मा ने संबोधन किया।

# गुरदासपुर में भाजपा प्रत्याशी को मिले मात्र 9 वोट, कहा-कांग्रेस ने बदल दी ईवीएम




**चंडीगढ़।** पंजाब में संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेस ने शानदार जीत दर्ज की है। यहां के सात नगर निगमों में से छह में उसने विजय पताका फहराई है। साथ ही सातवें नगर निगम में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। इसके अलावा कांग्रेस ने 109 नगर परिषद एवं नगर पंचायतों में भी अधिकतर पर जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही कांग्रेस ने इस तरह शहरी निकाय के चुनावों में विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ कर दिया है। कांग्रेस की जीत की आंधी इस कदर थी कि बीजेपी सांसद सनी देओल के लोकसभा क्षेत्र गुरदासपुर में सभी 29 सीटों पर कांग्रेस ने अपना परचम लहराया है। गुरदासपुर नगरपालिका परिषद वार्ड संख्या 12 से भाजपा की कैंडिडेट को सिर्फ 9 वोट ही मिले हैं। जिसके बाद उन्होंने ईवीएम बदलने और फर्जी दस्तखत के आरोप लगाए हैं।

किरण ने दावा किया कि उनके परिवार के ही 15 से 20 लोगों ने उनके लिए मतदान किया लेकिन उन्हें सिर्फ 9 वोट मिले। किरण ने दावा किया कि मेरी पूरी लेन ने मुझे वोट देने का वादा किया था, लेकिन मेरे पक्ष में एक भी वोट नहीं आया। यहां तक कि दस्तखत तक फर्जी थे। भाजपा नेता ने दावा किया कि ह्यउन्हें कांग्रेस ने परेशान किया और उनके पति की रेहड़ी हटा दी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुझे स्कूल से निकाल दिया गया।

किरण ने दावा किया कि वह चुनाव जीत रहीं थीं लेकिन मशीनों (ईवीएम) को बदल कर कांग्रेस के पक्ष में वोटिंग कर दी गई। बता दें केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ जारी किसान आंदोलन के दौरान नगर निगमों के प्रदेश में हुये चुनाव में कांग्रेस ने बठिंडा, होशियारपुर, कपूरथला, अबोहर, बटाला एवं पठानकोट में जबरदस्त जीत दर्ज की है। मोगा में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है और बहुमत से वह छह सीट पीछे रह गई है। विपक्ष को 109 नगर परिषद एवं नगर पंचायतों में भी अधिकतर सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। इस स्तर पर 1,817 वार्ड में से कांग्रेस ने 1,102 वार्ड पर जीत हासिल की। शिअद ने 252, आप ने 51, भाजपा ने 29 और बसपा ने पांच सीटें जीतीं। इसके अलावा 374 निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वीर हकीकत राय बलिदान दिवस आयोजित

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। प्रतिवर्ष वीर हकीकत राय बलिदान दिवस का आयोजन चंडीगढ़, पंचकूला व मोहाली की सभी आर्य संस्थाओं के सहयोग से आर्य समाज सैक्टर-27 चण्डीगढ़ द्वारा किया जाता है। करोना के चलते इस वर्ष यह आयोजन समाज द्वारा मंगलवार 16 फरवरी सांय 6 बजे से ऑनलाइन गूगल मीट पर अंतर राष्ट्रीय स्तर पर किया गया। इसका संचालन बहुत ही सुचारु रूप से इस समाज की प्रधान डॉ. मधु राका द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता डॉ साध्वी उत्तमायति (प्रधान संचालिका, सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल एवम् अध्यक्ष, दिल्ली प्रांतीय आर्य महिला सभा) तथा चंडीगढ़ के ही *युवा वक्ता आर्य आदित्य शर्मा ने अपनी ओजस्वी वाणी से आज के विषय पर अपने बहुत ही सुंदर विचार रखे। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने भी गायत्री मंत्र सुनाए व कविता पाठ इत्यादि किया। समाज के कई सदस्यों ने और समाज के पुरोहित जी ने भजनों से सभी का मन मोह लिया। देश विदेश से वेबीनार में जुड़े हुए लोगों और बच्चों का खूब उत्साह उस समय देखने को मिला जब उनसे भी भजन और मंत्र सुनाने के निवेदन मिले। प्रधान जी ने भी अपनी माता जी की लिखी एक प्रासंगिक कविता सुनाई। कैनेडा से जुड़े समाज के मंत्री श्री राज कुमार मल्होत्रा जी ने भी एक सुन्दर भजन की प्रस्तुति दी और अंत में सभी का धन्यवाद किया। यद्यपि इस समाज का यह पहला ऑनलाइन आयोजन था किन्तु इसकी सफलता का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि लगभग 70-80 लोगों ने इस कार्यक्रम में जुड़ कर धर्म लाभ उठाया। शांति पाठ व जय घोष से कार्यक्रम का समापन हुआ।

### सोलन में दबंगों ने दलित परिवार की जलाई तीन गाड़ियां, सड़क किनारे थी पार्क

सोलन। सोलन जिले के डिनण गांव में कुछ दबंगों एक दलित परिवार की तीन गाड़ियों को जला दिया। तीनों गाड़ियां सड़क किनारे गाड़ियां पार्क की थी। पीड़ितों ने कहा कि जब वह मौके पर पहुंचे तो तीनों गाड़ियों में इतनी भीषण आग लग चुकी थी, जब फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची तो उससे पहले ही तीनों गाड़ियां जलकर राख हो चुकी थी। पीड़ितों का आरोप है कि गांव के ही एक दबंग परिवार द्वारा उनकी तीनों गाड़ियों को आग लगाई गई है और उनके ऊपर बीते कई सालों से लगातार अत्याचार हो रहे हैं। वह दलित समाज से संबंधित है और यहां पर ऊंची जाति द्वारा उनके ऊपर लगातार अत्याचार किया जा रहा है। उनकी ऊंचे समाज के लोगों के साथ एक पुरानी रंजिश चल रही है। पीड़ितों ने कहा कि ऊंची जाति के लोगों के मकान के साथ जगह खरीद कर मकान बनाने की कोशिश की तो पहले तो आरोपियों ने उनका मकान तोड़ दिया गया। 17 जनवरी को पहले ठाकुर समाज के लोगों द्वारा इनके ऊपर जानलेवा हमला किया गया और अब इनकी तीन गाड़ियों को आग लगा दी गई। पीड़ितों ने नेशनल हाईवे शिमला-बिलासपुर पर करीबन आधा घंटा प्रदर्शन भी किया और पुलिस प्रशासन एवं सरकार से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

### कांगड़ा पुलिस ने तेंदुए की तीन खाल के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

कांगड़ा। कांगड़ा जिले की पुलिस ने वन्य जीवों के खाल की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। देहरा पुलिस ने कुंदलीहार में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके कब्जे से तीन तेंदुए की खालें बरामद की हैं, जिसकी अनुमानित कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपये है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ये कार्रवाई की। पुलिस कई दिनों से तस्करों के इस गिरोह को पकड़ने के लिए जाल बिछा रही थी, जिसमें उसे बुधवार को कामयाबी मिली है। डीएसपी देहरा अंकित शर्मा ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान ज्वालामुखी से देहरा की तरफ आ रहे एक बाइक को गांव कुंदलीहार में जब रोकने का इशारा किया गया तो वो नहीं रुके। बाइक सवार दो युवकों ने घबराहट में बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने पीछा करने के बाद कुछ दूर पर उन्हें दबोच लिया।

### हिमाचल में धूप खिलने से तापमान में हुई बढ़ोतरी, दो दिन बारिश-बर्फबारी के आसार

शिमला। हिमाचल प्रदेश में अचानक मौसम के करवट लेने के बाद धूप खिली रही। इससे अधिकतम तापमान में सामान्य से तीन से चार डिग्री की बढ़ोतरी हो गई। हालांकि, आगामी 21 और 22 फरवरी को प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों किन्नौर और लाहौल-स्पीति में बर्फबारी होने के आसार हैं। फिलहाल सूबे में दिन में तेज धूप के चलते अब गर्मी का एहसास होने लगा है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, कुल्लू जिले में दिसंबर के तीसरे सप्ताह में हुई भारी बर्फबारी से बंद औट-आनी-सैंज हाईवे-305 पर बुधवार से बस सेवा शुरू हो गई है। जलोड़ी दर्रे से होकर निगम की दो बसें सराज के लिए रवाना हुई। बता दें कि लंबे समय के बाद निगम की बसों की आवाजाही होने से 69 पंचायतों को राहत मिली है।

# होशियारपुर डीसीए ट्राइडेंट इंटर डिस्ट्रिक्ट एक दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट की विजेता

» विनोद कुमार,



चंडीगढ़। पंजाब स्तरीय ट्राइडेंट इंटर डिस्ट्रिक्ट एक दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट के आज ट्राइडेंट काम्प्लेक्स बरनाला के मैदान में हुए शानदार फाईनल मुकाबले में होशियारपुर डीसीए ने मुक्तसर डीसीए को 44 रनों से हराकर ट्राइडेंट इंटर डिस्ट्रिक्ट एक दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट जीता। खराब मौसम के चलते मैच कुछ देरी से शुरू हुआ और ओवेर्स की कुल संख्या को 50 से घटा कर 34 की गयी। आज का महत्वपूर्ण टॉस मुक्तसर डीसीए की टीम ने जीता और पहले बल्लेबाजी के लिए होशियारपुर डीसीए की टीम को आमंत्रित किया।

होशियारपुर टीम की बल्लेबाजी की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उनके शुरू के चार बल्लेबाज 17 ओवेरस में मात्र 73 रन जोड़ कर ओउट हो गये, लेकिन इसके बाद हैप्पी कुलवीर (54 गेंदों में 53 रन, 3 चौके और 2 छक्के की मदद से) और करमबीर सिंह (40 गेंदों में 43 रन, 4 चौके और 2 छक्के की मदद से) ने पारी को संभाला और बाद में मनजिंदर सिंह ने 14 गेंदों पर 4 चौंको व 2 छक्को की मदद से 31 रनो का अहम योगदान दिया। होशियारपुर टीम ने 34 ओवेरस में कुल 8 विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाये। मुक्तसर डीसीए के गेंदबाजों में अमनदीप सिंह सिकंदर ने अपने 7 ओवेर्स में 56 रन दे 4 विकेट लिए।

जवाब में, मुक्तसर डीसीए के शेरबाज बराड व विश्व प्रताप की 5 ओवर में 33 रन की ओपनिंग सांझेदारी से अच्छी शुरूआत की। इसमें शेरबाज बराड ने 14 गेंद पर 19 रन का विशेष योगदान दिया। लेकिन होशियारपुर के गेंदबाज धमन्दीप सिंह ने अपने स्पेल में शेरबाज बराड को आउट करके पहला झटका दिया और इसके तुरंत बाद करण सैनी ने दुसरे सलामी बल्लेबाज विश्व प्रताप को भी आउट कर वापिस भेजा। मुक्तसर डीसीए ने उसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और होशियारपुर टीम के स्कोर को चुनौती देने के लिए अच्छी साझेदारी नहीं बना सकी। ध्रुव वर्मा ने 25 और अमनदीप सिंह सोनू ने 35 रन बनाये और मुकाबला देने की कोशिश की। लेकिन और कोई भी बल्लेबाज पिच पर टिक नहीं पाया और 34 ओवरों में 8 विकेट पर 180 के कुल स्कोर बना पाए। होशियारपुर टीम के लिए करण सैनी 7-0-19-3, आशीष घई 7-0-31-3 ने अच्छी गेंदबाजी की और अपनी टीम को 44 रनों से जीत दिला दी।

होशियारपुर डीसीए के आशीष घई को उनकी उत्कृष्ट गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

कॉप्स क्लब बठिंडा में 17 फरवरी को हुए टूनार्मेंट में तीसरे स्थान के लिए खेले गए अन्य मैच में बठिंडा ने नवांशहर डीसीए को 95 रनों से हराकर मैच जीता। उदय सहारन (बठिंडा डीसीए) को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# सनी देओल की संसदीय सीट पर बीजेपी उम्मीदवार को मिले 9 वोट

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के मंच पर राशिद अलवी, इमरान मसूद, इमरान प्रतापगढ़ी, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नूरबानो और शेरबाज खान कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के जारी प्रदर्शन के बीच पंजाब में हुए स्थानीय निकाय चुनाव में सत्तारुढ़ कांग्रेस को धमाकेदार जीत मिली है तो भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और आम आदमी पार्टी को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। सनी देओल के संसदीय क्षेत्र में बीजेपी की एक उम्मीदवार को महज 9 वोट ही मिले। स्थानीय निकाय चुनाव परिणाम के बाद विपक्ष की ओर से सत्तारुढ़ कांग्रेस पर चुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया गया है। गुरदासपुर नगरपालिका परिषद की वार्ड संख्या 12 से बीजेपी उम्मीदवार किरण कौर को महज 9 वोट ही मिले हैं। चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद बीजेपी उम्मीदवार किरण ने फर्जी तरीके से हस्ताक्षर कराने और ईवीएम को बदलने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए हैं।



किरण कौर का दावा है कि अकेले उनके परिवार से ही 15 से 20 सदस्यों ने उनके पक्ष में वोट दिया था, लेकिन उन्हें सिर्फ 9 वोट ही मिले। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए किरण कौर ने कहा, ह्यकांग्रेस ने हमें धोखा दिया है। हमारे परिवार की ओर से 15 से 20 वोट डाले गए। जबकि मुझे केवल 9 वोट मिले। हमारी पूरी लेन ने मेरे लिए वोट देने का वादा किया था, लेकिन मेरे पक्ष में किसी का भी वोट नहीं दिया गया। हमारे हस्ताक्षर तक फर्जी थे। किरण कौर ने कांग्रेस नेताओं पर उनके परिवार को परेशान करने का भी आरोप लगाया। किरण का कहना है, ह्यहमें उनके (कांग्रेस) द्वारा परेशान किया गया। मेरे पति की रेहड़ी (गाड़ी) हटा दी गई। मुझे स्कूल से भी निकाल दिया गया।

बीजेपी उम्मीदवार ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने उनसे सीट खाली करने को भी कहा था। उन्होंने कहा, मैंने छोड़ने से मना कर दिया। मैं जीत रही थी, लेकिन उन्होंने रात में मशीनों को बदल दिया और कांग्रेस के पक्ष में वोट डाल दिए गए।

# पंजाब निकाय चुनाव में कांग्रेस ने लहराया परचम, तीसरे नंबर पर खिसका अकाली दल

**चंडीगढ़।** पंजाब निकाय चुनाव में कै अमरेंद्र सिंह के करिश्मे से कांग्रेस ने परचम लहरा है। कांग्रेस ने नगर परिषद/नगर पंचायत की 1817 में से 1102 सीटों पर जीत के साथ नगर निगम की 351 में से 271 सीटों पर अपना कब्जा जमाया है। वहीं, शिरोमणि अकाली दल को नगर परिषद/नगर पंचायत में 252 और नगर निगम में 33 सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। विधानसभा चुनाव में तीसरे नंबर पर खिसका अकाली दल भाजपा के साथ गठबंधन टूटने के बावजूद इन चुनावों में दूसरे स्थान पर रहा है। इस लिहाज से अकाली दल और उसके अध्यक्ष सुखबीर बादल के लिए ये नतीजे एक संजीवनी की तरह हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी को नगर परिषद/नगर पंचायत में 51 सीटों पर जबकि नगर निगम की 9 सीटों पर जीत मिली है। इस क्रम में भाजपा को नगर परिषद/नगर पंचायत में 29 जबकि नगर निगम में 20 सीटों पर जीत मिली है। निकाय चुनाव में आजाद उम्मीदवारों का खूब जलवा रहा है। आजाद उम्मीदवारों ने नगर परिषद/नगर पंचायत की 374 सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि नगर निगम की 18 सीटों पर भी कब्जा जमाया है।

# पंजाब निकाय चुनाव में दिखा किसान आंदोलन का गुस्सा, बीजेपी को भारी नुकसान

**चंडीगढ़।** कृषि कानून के विरोध में पिछले 82 दिनों से दिल्ली के अलग-अलग बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने पंजाब में हुए निकाय चुनाव में बीजेपी को बड़ा झटका दिया है। नगर निगम चुनाव के नतीजों में न केवल पंजाब में बीजेपी के प्रति लोगों का गुस्सा दिखाई दे रहा है बल्कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की भी झलक साफ कर दी है। पंजाब में 14 फरवरी को 117 स्थानीय निकायों के चुनाव हुए थे, जिसमें से 109 नगरपालिका परिषद और नगर पंचायत हैं, वहीं, 8 नगर निगम शामिल हैं। आठ नगर निगम अबोहर, बठिंडा, बाटला, कपूरथला, मोहाली, होशियारपुर, पठानकोट और मोगा और 109 नगर पालिका परिषदों के 2252 वाड्र्स के चुनाव परिणाम आज घोषित किए जा रहे हैं। शुरूआती नतीजों में कांग्रेस जहां कमाल करती दिख रही है, वहीं नतीजों से ऐसा लग रहा है कि भाजपा को कृषि कानूनों का नुकसान हो चुका है। कांग्रेस ने आठ नगर निगम में से 7 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। मोहाली नगर निगम का परिणाम कल आएगा। इस तरह से देखें तो कांग्रेस ने सभी 7 नगर निगमों पर कब्जा कर लिया है।

नगर निगम के चुनाव नतीजों पर एक नजर बठिंडा नगर निगम में कांग्रेस को 47 सीटें मिली हैं जबकि बीजेपी का अब तक खाता भी नहीं खुला है। बाटला नगर निगम में कांग्रेस 35, अकाली दल 6, बीजेपी 4, आप 3 तथा निर्दलीय 1 सीट हासिल कर चुके हैं। मोगा नगर निगम में कांग्रेस 20, अकाली दल 15, बीजेपी 1, आप 4, निर्दलीय 10 सीटों पर जीत चुके हैं।

कपूरथला नगर निगम में कांग्रेस 43, अकाली दल 3, निर्दलीय 2 सीटों पर विजयी रहे हैं। पठानकोट नगर निगम में कांग्रेस 37, अकाली दल 1, बीजेपी को 11 सीटों पर संतोष करना पड़ा है। अबोहर नगर निगम में कांग्रेस 49 तथा अकाली दल को 1 सीट हासिल हुई है। इसके साथ ही होशियारपुर नगर निगम में कांग्रेस 31, बीजेपी 4, आम आदमी पार्टी 2 सीटों पर जीती हैं।

# नगर निकाय चुनाव में सनी देओल के संसदीय क्षेत्र में भाजपा का सूपड़ा साफ

**चंडीगढ़।** दिल्ली की अलग-अलग सीमाओं पर चल रहे किसानों के आंदोलन का सबसे ज्यादा घाटा भाजपा और आम आदमी पार्टी को हुआ है। पंजाब के नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस को भारी जीत मिली है। जबकि शिरोमणि अकाली दल (शिअद) दूसरे पायदान पर है।

इतना ही नहीं शिअद से अलग होकर चुनाव लड़ रही भाजपा को दिग्गजों के इलाकों में भी हार का सामना करना पड़ा।

गुरदासपुर से सांसद सनी देओल के क्षेत्र में भी भाजपा को निराशा ही हाथ आई। 29 वार्डों के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस ने सभी सीटों पर जीत हासिल की है। यहां पर विरोधियों का सूपड़ा साफ हो गया है।

किसान आंदोलन के चलते कांग्रेस को बठिंडा में भी रिकॉर्ड जीत हासिल हुई है। कांग्रेस नेता मनप्रीत सिंह ने बताया कि बठिंडा में पहली बार कांग्रेस का मेयर बनेगा। इसकी जानकारी उन्होंने ट्वीट के जरिए दी।

इसके अलावा कांग्रेस के सोशल मीडिया डिपार्टमेंट के चेयरमैन रोहन गुप्ता ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि पंजाब में भाजपा साफ। जल्द देश भी पंजाब की राह पर चलकर स्वच्छ भारत अभियान के तहत भाजपा का सूपड़ा साफकर देश को नफरत और झूठ की राजनीति से मुक्त करेगा। क्योंकि अब किसान की आवाज ही देश की आवाज है।

# सैमसंग ने ट्रू 48MP क्वाड कैमरे के साथ भारत में लॉन्च किया सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ गैलेक्सी A12

» ïïïï

चंडीगढ़ : भारत के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सी अ12 को लॉन्च करने की घोषणा की। यह इस साल भारत में गैलेक्सी अ सीरीज का पहला फोन है। गैलेक्सी अ12 में ट्रू 48टढ क्वाड कैमरा, जबर्दस्त 6.5 इंच का HD+ इनफिनिटी-V डिस्प्ले, शक्तिशाली 5000MAH बैटरी और कई अन्य इनोवेटिव फीचर्सहैं। अपने शानदार फीचर्स के साथ गैलेक्सी A12 के साथसैमसंग 15000 रुपये के नीचे वाले स्मार्टफोन सेगमेंट को पूरी तरह झिंझोड़ने वाला है।सैमसंग इंडिया में डायरेक्टर और मोबाइल मार्केटिंग विभाग के हेड आदित्य बब्बर ने कहा, हर किसी तक नए आविष्कारों के फायदे पहुंचाने की सोच पर आगे बढ़ते हुए सैमसंग एक बार फिर




सेगमेंट में पहली बार ऐसे नए ऑफरों की सौगात लेकर उतरने वाला है, जिन्हें एक अद्भुत पीढ़ी और उनकी उभरती हुई डिजिटल जरूरतों के लिहाज से डिजाइन किया गया है। हम अब तक के सबसे अफोर्डेबल गैलेक्सी अ डिवाइस – गैलेक्सी अ12, जिसमें गैलेक्सी अ सीरीज की सारी खूबियां मौजूद हैं, के साथ 2021 की शुरूआत करते हुए बेहद रोमांचित हैं। नई पीढ़ी का यह डिवाइस ट्रू 48MP क्वाड कैमरे के साथ आता है जो भारत में 15000 रुपये से नीचे के सेगमेंट में फोटोग्राफी और जीवनशैली का अद्भुत अहसास देगा।

गैलेक्सी A12 शक्तिशाली 48MP कैमरे के साथ लैस है जो आपको स्पष्ट और साफ तस्वीरें लेने में मदद करता है। गैलेक्सी अ12 का ट्रू 48टढ क्वाड कैमरा सुनिश्चित करता है कि हर पल को विलक्षण गुणवत्ता के साथ कैद किया जा सके। आइसोसेल GM2 सेंसर के साथ ट्रू 48MP का प्राइमरी लेंस 4.8 करोड़ पिक्सेल के साथ उच्च स्पष्टता का आउटपुट देता है। गैलेक्सी A12 में 5MP अल्ट्रा वाइड कैमरा है जो भू-भाग के दृश्यों की आश्चर्यजनक तस्वीरें खींचता है। इस स्मार्टफोन में मैक्रो लेंस भी है जो आपकी तस्वीरों में क्लोज-अप और गूढ़ सौंदर्य के साथ-साथ उसकी गहराई को भी उभारता है, जिसके कारण आप उस तथ्य पर फोकस कर पाते हैं, जो आपके लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है। गैलेक्सी A12 में 8MP का फ्रंट कैमरा है जो आपको हाई-रिजॉल्यूशन के सेल्फी खींचने की सुविधा देता है।

# हरियाणा में लगातार 9वें दिन छाई घनी धुंध, 47 साल का रिकॉर्ड टूटा

**चंडीगढ़।** हरियाणा में लगातार 9 दिन से छाई घनी धुंध ने 47 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। फरवरी माह में इससे पहले साल 1974 में लगातार 7 दिन धुंध छाई रही थी। हालांकि, प्रदेश में तापमान अब धीरे-धीरे बढ़ने लगा है।

मौसम विभाग के अनुसार, अम्बाला में रात का तापमान 8.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1 डिग्री कम है। अम्बाला का न्यूनतम तापमान देश के मैदानी इलाकों में सबसे कम रहा।

मौसम विभाग ने बताया कि 31 मार्च तक सर्दी मानी जाती है, लेकिन फरवरी के दूसरे पखवाड़े से ठंड का असर कम होने लगता है। अब 21 और 22 को पहाड़ी इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ से बर्फबारी या बारिश हो सकती है। इससे प्रदेश के कुछ इलाकों में पारा कम हो सकता है, जिससे धुंध भी छाएगी और रात का तापमान भी 4-5 दिन में बढ़ने का अनुमान है। बता दें कि हरियाणा में गुरुवार की सुबह आम दिनों की तरह हल्की धुंध हुई, जो सूर्य के चमकने के साथ ही जल्द ही गायब भी हो गई। इसके साथ ही नमी में भी कमी देखी जा रही है। अभी तक उत्तर पूर्वी हवाओं के कारण सुबह व देर रात्रि के सम।

धुंध देखने को मिल रही थी। पिछले दो से तीन दिनों में सूर्य भी 11 बजे के बाद निकल रहे थे, तो मंगलवार को 8 बजे तक सूर्य ने चमकना शुरू कर दिया। ऐसे में ठंड से लोगों को राहत जरूर मिली है। किसानों को शक है कि यह पीला रतुआ रोग न हो।

कृषि विज्ञानियों ने कहा कि पीला रतुआ रोग के लक्षण नहीं है। गेहूं की न्यूट्रिएंट की कमी के कारण यह स्थिती हुई है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# जम्मू-कश्मीर में पूर्ण राज्य की बहाली का इंतजार ...?

"खैर अनुच्छेद 370 अब इतिहास हो चुका है क्योंकि पिछले 70 सालों के दौरान इस अनुच्छेद के प्रवधानों में इतनी बार फेरबदल किये गये कि इसका वजूद नाम भर को ही रह गया था। मगर 35 ए को इसके साथ ही समाप्त करने से जम्मू-कश्मीर के नागरिकों को वे मूलभूत अधिकार प्राप्त हुए जो देश के किसी भी अन्य राज्य के नागरिकों को प्राप्त हैं। विशेष रूप से दलित व अनुसूचित जाति के लोगों को। अतः मानवाधिकारों की वकालत करते हुए हमें जम्मू-कश्मीर के इस पक्ष की भी चर्चा करनी चाहिए। जहां तक इसे पूर्ण राज्य का दर्जा दिये जाने का सवाल है तो भारत की संसद यह कार्य कभी भी कर सकती है, सवाल सिर्फ परिस्थितियों में सुधार होने का है।"

» अशोक भाटिया

सर्व विदित है कि 19 47 में विभाजन के बाद पाकिस्तान ने कश्मीर के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे पाक-अधिकृत कश्मीर कहा जाता है। जम्मू एवं कश्मीर का लगभग 35 फीसदी हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में है, जहां से पाकिस्तान दिवस पर इमरान खान अपने भारत विरोध का बिगुल फूक रहे हैं।दूसरी ओर, भारत की संसद द्वारा पारित जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन कानून में जम्मू एवं कश्मीर विधानसभा क्षेत्र के लिए 90 सीटों के अलावा पाक-अधिकृत कश्मीर क्षेत्र के लिए 24 सीटों का विशेष प्रावधान किया गया है। पाक-अधिकृत कश्मीर के नाम पर ही कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी जैसे नेता संसद में यू एन का अजब सुर अलाप रहे थे। मणिशंकर अय्यर और अधीर रंजन को संसद में सन 1964 के रिकॉर्ड का अध्ययन करना चाहिए, जब अनुच्छेद 370 की समाप्ति के लिए संसद में पेश प्राइवेट बिल को कांग्रेस के सात सांसदों का समर्थन मिला था। उसके बाद कांग्रेस की पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार के समय भारत की संसद ने प्रस्ताव पारित कर पाकिस्तान से पाक-अधिकृत कश्मीर वापस लेने की मांग भी की थी। अब गृहमंत्री अमित शाह ने पाक-अधिकृत कश्मीर को वापस लेने की मांग को संसद में दोहराया है. तो क्या पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर के भारत में पूर्ण विलय के बाद ही जम्मू एवं कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा...? अब तो गेंद पूर्ण रूप से केंद्र सरकार के पाले में है और अब अनुच्छेद 370 और 35 ए का अवरोध भी नहीं है। और तो और अब तो नेशनल कांफ्रेंस के प्रांतीय अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह राणा ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किये जाने के बारे में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान का शनिवार को स्वागत किया और कहा कि यह लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये उठाया जाने वाला कदम होगा। हम जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किये जाने के बारे में दिये गए गृह मंत्री के बयान का स्वागत करते हैं। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिये। सभी दलों को राजनीति से ऊपर उठकर जम्मू-कश्मीर को इसकी पहचान वापस दिलाने की दिशा में काम करना याहिये। पर उन्होंने पार्टी के अनुच्छेद 370 के पुराने स्टैंड के बारे में कुछ नहीं कहा।



खैर अनुच्छेद 370 अब इतिहास हो चुका है क्योंकि पिछले 70 सालों के दौरान इस अनुच्छेद के प्रवधानों में इतनी बार फेरबदल किये गये कि इसका वजूद नाम भर को ही रह गया था। मगर 35 ए को इसके साथ ही समाप्त करने से जम्मू-कश्मीर के नागरिकों को वे मूलभूत अधिकार प्राप्त हुए जो देश के किसी भी अन्य राज्य के नागरिकों को प्राप्त हैं। विशेष रूप से दलित व अनुसूचित जाति के लोगों को। अतः मानवाधिकारों की वकालत करते हुए हमें जम्मू-कश्मीर के इस पक्ष की भी चर्चा करनी चाहिए। जहां तक इसे पूर्ण राज्य का दर्जा दिये जाने का सवाल है तो भारत की संसद यह कार्य कभी भी कर सकती है, सवाल सिर्फ परिस्थितियों में सुधार होने का है। राज्य के लोगों को पंचायती राज व्यवस्था के तहत जिस प्रकार केन्द्र सरकार ने अधिकार सम्पन्न बनाने के साथ उनके विकास में सीधी भागीदारी की नीयत दिखाई है उसका दिल खोल कर स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि इस व्यवस्था में आम कश्मीरी अपने विकास के लिए सीधे सक्रिय होगा। भारत में अर्ध राज्यों से पूर्ण राज्य का दर्जा देने का एक महत्वपूर्ण इतिहास भी मौजूद है। हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा पंजाब से इसके अलग होने के कई वर्षों बाद दिया गया था। इसी प्रकार उत्तर-पूर्व भारत के राज्यों को भी यह दर्जा रातों-रात नहीं मिला। बेशक जम्मू-कश्मीर इस मामले में पहला उदाहरण है जिसे पूर्ण राज्य से अर्ध राज्य का दर्जा दिया गया मगर इसके पीछे वे ठोस कारण हैं जिनकी वजह से केन्द्र को ऐसा कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इनमें सबसे महत्वपूर्ण इस राज्य का भारतीय संघ में समावेशी तरीके से विलय था। अलग संविधान होने की वजह से शेष देशवासियों की नजरों में इसका भारतीय संघ में विलय ऊपर से गुंथा हुआ महसूस होता था जबकि पूरा देश एक स्वर में हमेशा यह आवाज बुलन्द करता रहता था कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न व अटूट अंग हैं।

पिछले वर्ष की राज्यसभा की कार्यवाही में यह हकीकत संसद के रिकार्ड में दर्ज है कि स्वयं गृहमन्त्री ने इसका पुनर्गठन विधेयक रखने के बाद कहा था कि अनुच्छेद 370 इस राज्य में आतंकवाद को बढ़ावा देने, खास कर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को, सहायक रहा है। पाकिस्तान की नामुराद फौजें इस अनुच्छेद का लाभ उठा कर कश्मीरियों में अलगाववाद की भावनाएं पनपाने के प्रयास करती रही हैं। जबकि दूसरी तरफ यह पुख्ता इतिहास है कि कश्मीर नागरिक शुरू से ही पाकिस्तान के निर्माण के विरुद्ध रहे हैं। यदि और बारीकी से हम विश्लेषण करें तो इसे केन्द्र शासित राज्य का दर्जा देकर श्री शाह ने सारी जिम्मेदारी अपने ऊपर लेने की हिम्मत तब दिखाई जब घाटी में आतंकवादी गतिविधियां कम नहीं हुई थी। किसी भी राज्य का विकास इस बात पर निर्भर करता है कि उसके राजनीतिक नेतृत्व की नीयत क्या है। कमोबेश इस राज्य में अब्दुल्ला व मुफ्ती परिवार ने ही भारत के लोकतन्त्र की परिपाटी का लाभ उठाया और राज्य में इन परिवारों से बाहर कोई नेतृत्व उभर ही नहीं सका। इसमें लोगों का दोष बिल्कुल नहीं है क्योंकि उन्हें क्षेत्रीय नेतृत्व ने 370 के मायाजाल में ही उलझाये रखा। इस मायाजाल को तोड़ने का काम जब गृहमन्त्री श्री शाह ने किया तो इन नेताओं में बगावती सुरों तक की झलक देखने को मिली परन्तु यह केवल 'वक्ती उबाल' था जो उबल कर बाहर आ गया और खतम भी हो गया।

यह लेखक की निजी राय है

## संपादकीय

# भूकंप की चिंता



देश के अलग-अलग राज्यों में भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। हालांकि पिछने कुछ दिनों में ऐसे ही झटके विदेशों में भी सुनने को मिले हैं। गनीमत सिर्फ यह रही कि कहीं से भी किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं मिली। दो दिन पहले बिहार और अब असम में भूकंप आने की खबर मिली है। भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गई। कुछ दिन पहले भी जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। दिल्ली सिस्मिक जोन-4 में आता है और हाल के वर्षों में राजधानी और उसके आसपास के इलाके में हल्के झटके आते रहे हैं। धरती के अंदर हुई इस हलचल को दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कई शहरों में महसूस किया गया था। सिस्मिक जोन-5 को भूकंप के लिहाज से सबसे अधिक खतरनाक माना जाता है। दिल्ली, पटना, श्रीनगर, कोहिमा, पुडुचेरी, गुवाहाटी, गंगटोक, शिमला, देहरादून, इंफाल, चंडीगढ़, अंबाला, अमृतसर, लुधियाना, रुड़की सिस्मिक जोन-4 व 5 में हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, गुजरात, उत्तर बिहार और अंडमान-निकोबार के कुछ इलाके जोन-5 में शामिल हैं। भारत में समय-समय पर भूकंप के खतरों पर चर्चा चलती रहती है। कुछ साल पहले नेपाल में आए भयानक भूकंप के बाद तो भारत में खतरे वाले शहरों को लेकर चिंता बढ़ गई थी। लेकिन हकीकत यह है कि आज तक हम जागरूकता और एहतियात के उस पैमाने के पास भी नहीं पहुंच सके हैं, जो इस बात के लिए आश्वस्त कर सके कि आपदा का सामना करने के लिए भारत तैयार है। हर बार हमारी तैयारी को शक की निगाह से ही देखा जाता है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि देश के 38 शहर हाई रिस्क जोन में हैं। अहमदाबाद के इंस्टीट्यूट ऑफ सीस्मोलॉजिकल रिसर्च के विशेषज्ञों का मानना है कि कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के नीचे भूकंपीय खाइयां मौजूद हैं, जिनके चलते यहां अगले 50 वर्षों के अंदर कभी-भी नेपाल जैसा भूकंप आ सकता है। वर्ष 2001 में गुजरात में आए भूकंप के बाद देश में इस मामले को लेकर जागरूकता कुछ हद तक बढ़ी है। बड़े शहरों में ज्यादातर भूकंप-रोधी इमारतें ही बन रही हैं। जो नई मल्टीस्टोरी रिहायशी कॉलोनियां बसी हैं, उनमें से ज्यादातर में ढांचे के मामले में एहतियाती उपाय किए गए हैं। फिर भी कई जगहों पर बिल्डिंग कोड का पालन नहीं होता। खासकर कम ऊंची इमारतों के मामले में, और वह भी निजी निर्माण में। ऐसा उन जगहों पर भी हो रहा है, जो भूकंप के हिसाब से संवेदनशील मानी जाती हैं। समय आ गया है कि भूकंप को लेकर एक राष्ट्रीय योजना पर काम किया जाए। जन-जागरूकता अहम हिस्सा होना चाहिए। लोगों में अब भी भूकंप को लेकर कई तरह की गलतफहमियां हैं। बचाव के उनके तरीके गलत हैं। जापान की तरह हमारे यहां भी शिविर लगाकर या फिर स्कूलों में कुछ बेसिक ट्रेनिंग दी जा सकती है, जो बुरे वक्त में लोगों के काम आ सकती है। सवाल यह नहीं है कि देश में भूकंप को लेकर क्या सावधानी बरती गई है सवाल आपदा के बाद प्रबंधन का है। हमें समय रहते प्रबंधन का खाका दुरुस्त करना होगा। चमोली हादसे के बाद प्रबंधन को देखकर कुछ राहत महसूस हुई है, फिर भी इस दिशा में अभी और ज्यादा प्रयास किए जाने की जरूरत है।

# जब बदल रहे जल, जंगल और जमीन के मायने तो कैसे बचेगा पर्यावरण?

"प्रकृति पर आधारित संघर्ष की घटनाएं भारत में बढ़ती जा रही हैं। इसका बड़ा कारण आधिपत्य का भाव है। साथ ही वन, भूमि, जल और मत्स्य क्षेत्र पर हक जताने की कवायद से जुड़ा है। यह हक जताने की कवायद आज संघर्ष में तब्दील हो चुकी है। दरअसल यह संघर्ष खास वर्ग की लालसा, सरकारी नीतियों और संसाधनों पर कब्जे से उत्पन हुआ है। देश के 80 फीसदी संसाधनों पर 20 फीसदी का कब्जा है, वहीं देश की 80 फीसदी जनता के पास केवल 20 फीसदी संसाधन ही हैं, यही विषमता और खास वर्गों की हितकारी नीतियों ने प्राकृतिक संसाधनों को दिनों-दिन नष्ट करने में अहम भूमिका निभाई है।"

भारत को अपनी समस्याओं से पार पाने और उनके उत्तर तलाशने के लिए बार-बार गांधी की तरफ लौटना ही होगा। आने वाले कई वर्षों तक गांधी न तो राजनीति में अप्रासंगिक हो सकते हैं न ही समाजविज्ञान में। आगत समय के संकटों को लेकर उनकी चिंता और चिंतन किसी कुशल समाजशास्त्रीय से भी महत्वपूर्ण नर आते हैं। 'पर्यावरण' शब्द का प्रयोग भले ही गांधी के चिंतन में न हो लेकिन उन्होंने इन सब समस्याओं पर चिंता और चिंतन किया है जिन्हें आज पर्यावरण के तहत देखा जाता है। गांधी की दृष्टि एकदम साफ थी वह पर्यावरण -दोहन के खिलाफ थे।

साथ ही उनका विरोध आधुनिक 'गमला संस्कृति' से भी था। गांधी के लिए 'पर्यावरण' जीवन से अलग नहीं था। वह इसे 'नैतिक चेतना' से जोड़ने पर बल देते थे, संयम, स्वावलंबन, संरक्षण और स्वच्छता उसी चेतना के अंग हैं। मनुष्य और प्रकृति का सहचर का संबंध है। सभ्यता के विकास के साथ यह संबंध कमजोर होता गया। हमारे देश में जल, जंगल और जमीन भारतीय संस्कृति और पवित्रता के प्रतीक माने जाते हैं।

नदियों को देवतुल्य सम्मान देकर पूजा जाता है, जमीन को मां का दर्जा दिया जाता है और वनों को पूजा जाता है जबकि आधुनिक जीवन शैली ने इन शब्दों के मायने बदल दिए हैं। इन तीनों के साथ खिलवाड़ और व्यक्तिगत लालसाओं के चलते प्रकृति को हम संरक्षित करने के बजाय नष्ट करने में लगे हैं जिसका नतीजा है कि प्रकृति हमारे खिलाफ खड़ी नजर आती है। वन खत्म हो रहे हैं या किए जा रहे हैं, जल स्तर लगातार गिर रहा है, नदियां सूख रही हैं, जो कुछ बची हैं वह प्रदूषित हो गई हैं या बड़ी-बड़ी कंपनियों के कब्जे में हैं। जमीन का अंधाधुंध अधिग्रहण और कॉर्पोरेट भूमाफियों की सांठ-गांठ से आम लोग तो विस्थापित हो ही रहे हैं साथ ही जमीन भी धीरे-धीरे खत्म हो रही है।



प्रकृति पर आधारित संघर्ष की घटनाएं भारत में बढ़ती जा रही हैं। इसका बड़ा कारण आधिपत्य का भाव है। साथ ही वन, भूमि, जल और मत्स्य क्षेत्र पर हक जताने की कवायद से जुड़ा है। यह हक जताने की कवायद आज संघर्ष में तब्दील हो चुकी है। दरअसल यह संघर्ष खास वर्ग की लालसा, सरकारी नीतियों और संसाधनों पर कब्जे से उत्पन हुआ है। देश के 80 फीसदी संसाधनों पर 20 फीसदी का कब्जा है, वहीं देश की 80 फीसदी जनता के पास केवल 20 फीसदी संसाधन ही हैं, यही विषमता और खास वर्गों की हितकारी नीतियों ने प्राकृतिक संसाधनों को दिनों-दिन नष्ट करने में अहम भूमिका निभाई है। परंतु आरंभ से ऐसा नहीं था।

इस जमीन पर मानव जाति के पदचिह्न बहुत पुराने हैं। कई युग पहले ही भारत ने प्राकृतिक वन भूमि की स्थिति को त्याग दिया था। 10,000 साल पहले, प्रस्तर युग में ही विन्ध्याचल के पहाड़ों में जंगली सूअर और हिरणों का शिकार, मधु संग्रहण और सपाट मैदानों के निवासियों के साथ व्यापार आम बात थी। भोपाल के पास गुफाओं में पाई जाने वाली चित्रकारी इस बात का सबूत हैं। पाँच हजार साल पहले विंध्य के पशुपालक भेड़ों के लिए कटघरा बनाने के लिए ताल के पेड़ काटते थे और अपने को गर्म रखने के लिए उपले जलाते थे। मनुष्य और प्रकृति एक दूसरे पर निर्भर थे।

आरंभ में प्रकृति के साथ मनुष्य का रिश्ता 'उपयोग' था न की आज कि तरह 'उपभोग' का। जैसे-जैसे आबादी बढ़ने लगी प्रकृति और मनुष्य का रिश्ता कमजोर होता गया। हमने आज प्रकृति को अपनी मुट्ठी में कर रखा है और उसका संरक्षण करने के बजाय भरपूर दोहन कर रहे हैं। यह दोहन औपनिवेशिक काल से आरंभ हुआ और बदस्तूर आज तक जारी है। अगर हमें एक ऐसी मशीन मिल जाए जिसमें बैठकर समय की सैर कर सकें और 18वीं शताब्दी के बीच के भारत की झांकी को देखकर तुरंत दो शताब्दी आगे पहुंचें तो हमें एक ऐसा उपमहाद्वीप दिखाई देगा जहां पानी और भूमि का चेहरा पूरी तरह बदल गया है। इस बदलाव के पीछे उपनिवेशी मानसिकता और मनुष्य की असीमित लालसों की बड़ी भूमिका है।


1928 में 'यंग इंडिया' में गांधी ने भविष्य को आंकते हुए लिखा कि 'भगवान न करे कि भारत कभी भी पश्चिम के देशों कि तरह औधोगीकरण को अपनाए। एक छोटे से द्वीप राज्य (इंग्लैण्ड) के आर्थिक साम्राज्यवाद ने आज सारी दुनिया को बन्दी बना रखा है। अगर 30 लाख लोगों का देश इस प्रकार के बर्ताव पर उतर आए तो दुनिया ही उजड़ जाएगी'। गांधी की यह चिंता लाजमी थी। आज के भारत की स्थिति को देखते हुए यह भय पैदा करने वाला ख़्याल है। यह बात तो हुई बर्बरता और उपभोग की लेकिन आज हमारी मूल चिंता है संरक्षण। कैसे हम अपने प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करें? क्योंकि मनुष्य और प्रकृति का संबंध जीवन-मरण का संबंध है। आधुनिक सभ्यता ने इस संबंध को कमजोर भी किया और खत्म करने की कोशिश भी की।

हमारे जीने के तरीके और पर्यावरण से संबंध रखने पर गांधी की दी गई आधुनिक सभ्यता की दार्शनिक आलोचना बहुत मायने रखती है- 'आधुनिक सभ्यता का विशिष्ट लक्षण है जरूरतों का अपरिमित बाहुल्य' जबकि प्राचीन सभ्यताओं में इन पर रोक लगाई जाती थी और जरूरतों को नियंत्रित किया जाता था त्रयंग इंडिया 2/6/1927। अस्वाभाविक उत्तेजना के साथ उन्होंने यंग इंडिया में लिखा कि ह्यइस पागल चाह से वे तहे दिल से नफरत करते हैं जो दूरी और समय को खत्म करना चाहती है।

वह भी भूख को बढ़ाती है, जिसे पूरा करने के लिए लोग दुनिया का कोना कोना छानने को तैयार हैं। अगर यही आधुनिक सभ्यता का प्रतीक है, और मेरी समझ में है भी, तो मैं इसे पैशाचिक ही कहूँगा (यंग इंडिया 17/3/1927। गांधी जी के इस कथन और 'आधुनिक सभ्यता' के विकास के बीच ही कहीं न कहीं संरक्षण के बीज भी हमें खोजने होंगे। जिनमें गांधी जी का यह कथन कि ह्यप्रकृति में सभी की आवश्यकताओं की पूर्ति करने की क्षमता है पर लालसा एक मनुष्य की भी नहीं। इस पूरे संदर्भ को देखें तो हम पाते हैं कि इस बेलगाम प्राकृतिक दोहन का मुख्य कारण हमारी बढ़ती जरूरतें और अनियंत्रित लालच है। इसलिए संरक्षण में सबसे पहले हमें अपनी जरूरतों और लालसाओं पर नियंत्रण करना होगा।

कहा जाता है की अगला विश्वयुद्ध यदि हुआ तो उसका कारण जल-संकट होगा। संसार में उपलब्ध जल का 97 प्रतिशत जल खारा है, शुद्ध जल की मात्रा सिर्फ तीन प्रतिशत है। उसमें से दो प्रतिशत उत्तरी एवं दक्षिणी ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा हुआ है। शेष एक प्रतिशत जल में से आधा भू-जल है और आधा वर्षा के रूप में धरती पर प्राप्त होता है, जिसे सहेजकर रखने की परम्परा अब तक भारत में विकसित नहीं हो पाई है। कम-वृक्षारोपण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अपनाने की अनिवार्यता होनी चाहिए। मीरा बेन ने 1949 में लिखा दुख की बात है कि आज के शिक्षित और संपन्न वर्ग अपने अस्तित्व का मूलाधार धरती माता और उससे पोषित जीवों से अनजान हैं। मौका मिलते ही मनुष्य प्रकृति की सुनियोजित से-कम नवनिर्मित भवनों में दुनिया को लूटने, बर्बाद करने में और अव्यवस्थित करने में लग जाता है। अपने विज्ञान और मशीनों के प्रयोग से कुछ समय के लिए उसे भले ही बहुत लाभ मिलता हो, पर आखिरी नतीजा विध्वंस ही होगा।

**प्रकाश उप्रेती**



वीरेन्द्र सिंह परिहार

# इदम् न मम, इदम् राष्ट्रीय स्वाहा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर का जन्म 19 फरवरी 2006 को नागपुर के रायकर मामा के बाड़े में हुआ। इनके पूर्वज जिनका उपनाम पाध्ये था, वह 1363 में विजय नगर साम्राज्य से कोंकण के गोलवली ग्राम में आ गए थे, इसलिए इनका उपनाम गोलवलकर कहा जाने लगा। नागपुर में इन्टरमीडिएट की परीक्षा पास कर गुरुजी ने आगे पढ़ाई के लिए काशी हिन्दू विश्व विद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया, जहां प्राणिशास्त्र विषय से एम.एस.सी. में अव्वल रहे और वहीं पर तीन वर्श तक प्राध्यापक भी रहे। यहीं से उन्होंने संघ में प्रवेश किया और 1932 में काशी में संघ चालक बन गए। 1933 में नागपुर लौटकर एल.एल.बी. की परीक्षा उत्तीर्ण कर दो वर्शों तक वकालत भी की। 13.01.1937 को उन्होंने रामकृष्ण आश्रम सरगाछी (बंगाल) में स्वामी अखंडानंद से दीक्षा प्राप्त की, उन्होंने गुरुजी से कहा- कुछ पराक्रम करो! श्री गुरुजी मार्च 1937 में पुनः नागपुर वापस आ गए और मई 1938 में नागपुर के संघ शिक्षा वर्ग के सर्वाधिकारी हुए। 13.08.1939 को तात्कालीन सरसंघचालक डॉक्टर हेडगेवार ने उन्हें सरकार्यवाह घोषित कर दिया। डॉ. हेडगेवार के निधन के बाद 03.07.1940 को गुरुजी ने सरसंघचालक के नाते विधिवत पद ग्रहण किया। इसके बाद उनके राष्ट्रव्यापी प्रवास शुरू हुए। 1966 में मद्रास में एक महिला पत्रकार ने कहा कि गुरुजी किसी भी स्त्री से नहीं मिलते। इस पर गुरुजी का उत्तर था कि 'बिलकुल ठीक है, मैं किसी स्त्री से नहीं, मैं तो माँ से मिलता हू।' उन्होंने 1970 में ही बांग्लादेशियों की घुसपैठ पर चिन्ता व्यक्त कर दी थी। गुरुजी की दूर-दृष्टि कुछ यूँ थी कि जिस समय देश में हिन्दी-चीनी भाई-भाई के नारे लग रहे थे, उन्होंने चकित करनेवाला रहस्योद्घाटन किया कि चीन ने अक्साईचिन तथा नेफा जिसे वर्तमान में अरुणांचल प्रदेश कहते हैं, उसकी हजारों वर्ग मील जमीन पर कब्जा कर लिया है। 1953 में जब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी काश्मीर में सत्याग्रह करने के लिए जाने वाले थे तो एक पत्र में उन्होंने यह लिखा कि यदि वह काश्मीर गए तो वापस लौटकर नहीं आ सकेंगे। दुर्भाग्य से वह पत्र डॉक्टर साहब को प्राप्त ही नहीं हो सका। इसी तरह से कानपुर के एक सार्वजनिक आयोजन में शास्त्री जी को सोवियत रूस जाने से मना किया था कि फिर वह लौटकर नहीं आ सकेंगे। ऐसे दिव्य दृष्टि सम्पन्न थे- श्री गुरुजी।

उनके जैसे अपने देश का विस्तृत दौरा शायद ही किसी और ने किया हो, दौरों में वह सदैव किसी कार्यकर्ता के घर रुकते थे और वहां आत्मीय वातावरण निर्मित कर देते थे। वह कम-से-कम पॉच पत्र अपने हाथ से लिखते थे, यह भी एक रिकार्ड ही है। दूसरों के स्वास्थ्य के बारे में दस बार पूछते थे। नागपुर में रहने पर बीमार स्वयंसेवकों के घर मिलने जाते, अस्पताल जाते। मेरे देश के अनेक गरीब बांधवों को दोनों समय भोजन नहीं मिलता इस भावना से प्रेरित होकर वह मात्र एकबार भोजन करते थे। बद्रीनाथ की यात्रा में जब उन्हें डांडी में बैठने के लिए कहा गया तो उन्होंने साफ कहा कि मनुष्य के कंधों पर चढ़कर चलने के लिए उन्होंने केवल अंतिम महायात्रा का प्रसंग निश्चित कर रखा है। वह धोती के सिवा कुछ नहीं पहनते थे। इसी यात्रा में भयावह शीत के दौरान जब रज्जू भैया ने धोती के नीचे एक सूती पजामा पहनने का आग्रह किया, साथ ही जूते और मोजे का। तो उनका कहना था- 'पहाड़ पर अनेकों व्यक्ति शीत-निवारक वस्त्रों के बिना काम चलाते हैं, तो मुझे सर्दी से बचने के लिए इतने वस्त्रों की क्या आवश्यकता है?' उनका स्पष्ट कथन था कि सुविधाओं का क्रम निम्न सोपान पर खड़े लोगों के साथ शुरू होना चाहिए और आदर्शों को जीने का दायित्व ऊपर के लोगों से शुरू होना चाहिए। अपने इस कथन को उन्होंने अपने ऊपर पूरी कठोरता से लागू किया। उन्होंने भावात्म राष्ट्रीयता पर बल दिया, एकात्मता की बातें कही, राष्ट्रीय चरित्र की आवश्यकता बतायी। राजनीति की मयार्दाओं का उल्लेख करते हुए सांस्कृतिक अधिष्ठान पर समाज के संगठन का संदेश दिया।

उनका कहना था कि हम सब समाज के अंग हैं और एक ही चैतन्य हम सब में विद्यमान है और इस चैतन्य भाव से हम सब समान होने के कारण परस्पर पूरक हैं। एक-दूसरे के साथ एकरस हैं। वह अस्पृस्यता के घोर विरोधी थे और इसे क्षुद्रभाव और मानसिक विकृति का प्रतीक मानते थे। अस्पृस्यता का विरोध उन्होंने मात्र भाषणों में ही नहीं, इसे उन्होंने अपने जीवन में भी एकाकार किया था। एकबार वह बिहार में वंचितों की एक बस्ती में गए। चाय-पान कर जब लौटने लगे तो उनके साथ के अन्य लोगों को उल्टियॉ होने लगी, पर गुरुजी सामान्य ही बने रहे। गुरुजी ने कहा कि आप लोगों का ध्यान बस्ती की गंदगी पर रहा और आप लोगों ने वहां की गंदगी पी डाली, पर मैंने उनका प्यार और स्नेह पी डाला, उसी से मुझे अमृत तुल्य पोषण प्राप्त होता है।

यह लेखक की निजी राय है

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

**संक्षिप्त समाचार**

## सिर्फ 10 देशों में हुआ 75 फीसदी कोविड वैक्सिनेशन

जेनेवा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कोविड-19 रोधी टीके के अनुचित वितरण की आलोचना की। गुतारेस ने कहा कि 75 फीसदी टीकाकरण सिर्फ 10 देशों में हुआ है और जोर दिया कि जल्द से जल्द हर देश के सभी लोगों को टीका मिले इसके लिए वैश्विक प्रयास होने चाहिए। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि 130 देशों को टीके की एक खुराक नहीं मिली है और इस महत्वपूर्ण क्षण में टीके का समान वितरण वैश्विक समुदाय के समक्ष सबसे बड़ा नैतिक परीक्षण है। गुतारेस ने टीके के उचित वितरण के लिए तत्काल वैश्विक टीकाकरण योजना लाने की जरूरत बताई, जिसमें वैज्ञानिक, टीका निमार्ता और प्रयास को वित्तपोषित करने वाले शामिल हों। महासचिव ने समूह-20 (जी-20) की प्रमुख आर्थिक शक्तियों से योजना को स्थापित करने और इसके कार्यान्वयन और वित्तपोषण को समन्वित करने के लिए एक आपातकालीन कार्य बल की स्थापना करने का आह्वान किया। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डोमिनिक राब ने सुरक्षा परिषद से संघर्ष वाले क्षेत्रों में संघर्ष विराम के लिए एक प्रस्ताव स्वीकार करने की आह्वान किया ताकि कोविड-19 टीके की आपूर्ति की जा सके।

## प्रिंस फिलिप की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

लंदन। ब्रिटेन की महारानी एजिलाबेथ द्वितीय के पति 99 वर्षीय प्रिंस फिलिप को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उनके बीमार महसूस करने के बाद उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर जाया गया। जानकारी के मुताबिक प्रिंस फिलिप को निजी किंग एडवर्ड अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलिप के चिकित्सक की सलाह पर उन्हें एहतियातन भर्ती किया गया है। प्रिंस फिलिप के कुछ दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने की संभावना है, ताकि उनके स्वास्थ्य पर नजर रखी जा सके और वह आराम कर सकें। ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग के नाम से जाने जाने वाले फिलिप 2017 में अपने सार्वजनिक कर्तव्यों से सेवानिवृत्त हो गए थे और वह सार्वजनिक तौर पर कभी-कभार ही नजर आते हैं। इंग्लैंड में कोरोना वायरस के कारण हाल में लगे लॉकडाउन के दौरान वह लंदन के पश्चिम में स्थित विंडसर कैसल में महारानी के साथ रह रहे थे। रिपोर्ट्स के अनुसार प्रिंस फिलिप को कोरोना वायरस का संक्रमण नहीं है। हालांकि उनके उम्र के कारण डॉक्टर उन पर चौबीस घंटे नजर बनाए हुए हैं।

## आस्ट्रेलिया का दूसरे सबसे बड़े शहर मेलबर्न में लॉकडाउन खत्म

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे बड़े शहर मेलबर्न में कोविड के मद्देनजर लागू बंद से बुधवार को छूट दे दी गई है। यहां पृथकवास से संबंधित होटल से कोविड-19 के मामले सामने आने के बाद लॉकडाउन लगाया गया था। मेलबर्न विक्टोरिया प्रांत की राजधानी है। सरकार ने अब तक यह नहीं बताया है कि ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूनार्मेंट में दर्शकों की वापस होगी या नहीं। विक्टोरिया के प्रीमियर डेनियल एंड्रियुज ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी टूनार्मेंट के अंतिम दिनों के दर्शकों के बारे में जल्द ही जानकारी साझा करेंगे। मेलबर्न से संक्रमण के प्रसार के मद्देनजर पूरे विक्टोरिया प्रांत में लॉकडाउन लागू किया गया था। एंड्रियुज ने बताया कि पिछले 24 घंटे में संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आने के बाद देर रात 11 बजकर 59 मिनट पर ज्यादातर प्रतिबंध हटा लिए जाएंगे। विद्यालय और कारोबारी प्रतिष्ठान खोले जा सकेंगे। लोगों को अब भी मास्क पहनने और घरों में पांच अतिथियों को ही बुलाने की अनुमति है। सरकार का कहना है कि यहां कोविड-19 के 25 मरीज के संक्रमण मुक्त होने क बाद ही इस रोक को खत्म किया जाएगा। ये सभी मामले मेलबर्न हवाईअड्डे के होटल से जुड़े हैं, जहां यात्रियों को बाहर से आने पर 14 दिन तक पृथकवास में रखा जाता है।

## बॉन्ड गर्ल की भूमिका निभानी चाहती जोसफिन जोबर्ट

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड स्टार ईवा ग्रीन की कजिन फ्रांसीसी अभिनेत्री जोसफिन जोबर्ट बॉन्ड गर्ल की भूमिका निभाना चाहती है। जोबर्ट ने कहा कि मुझे यह रोल बहुत पसंद आया और यह बहुत मजेदार है। कई लोगों और प्रशंसकों ने मुझसे कहा कि तुम्हें अगली बॉन्ड गर्ल होना चाहिए। ऐसे संदेश बार-बार आते हैं और मैं उनके स्क्रीनशॉट लेकर रख लेती हूं ताकि यदि मैं कास्टिंग डायरेक्टर से मिलूं तो उन्हें दिखा सकूं। जोबर्ट फिलहाल एक फिल्म लिख रही हैं और उन्हें लगता है कि यह फिल्म ऐसी है, जो हॉलीवुड में तूफान ला देगी। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी मां के साथ मिलकर एक ब्लॉकबस्टर फिल्म लिखी है। हम बड़ा सपना देख रहे हैं।ह्व उन्होंने बताया कि दर असल, जब मैं छोटी थी तब मैं मॉडल बनना चाहती थी। मेरी मम्मी मुझे मॉडलिंग एजेंसी में ले गईं लेकिन वहां की महिला ने हमसे रूखा व्यवहार किया और कहा कि मैं फोटोजेनिक नहीं हूं। यहां तक कि उसने कहा कि मैं कभी भी स्टेज पर नहीं आ पाऊंगी। बता दें कि ईवा ग्रीन ने 2006 की वैश्विक हिट फिल्म 'कसीनो रोयाल' में जेम्स बॉन्ड्स की गर्लफ्रेंड वेस्पर लिंड का किरदार निभाया था।

## म्यांमार में बड़ी हिंसा की आशंका को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जाहिर की



जेनेवा। संयुक्त राष्ट्र में मानवाधिकार मामलों के विशेषज्ञ ने म्यांमार में तख्तापलट के विरोध में बड़े प्रदर्शनों के बीच देश में बड़ी हिंसा की आशंका को लेकर आगाह किया है। संयुक्त राष्ट्र के दूत टॉम एंड्र्यू ने कहा कि उन्हें यंगून में सैनिकों को भेज जाने की खबरें मिली हैं। जिनेवा ने कहा, पहले भी, ऐसी सैन्य कार्रवाईयों में बड़े स्तर पर लोगों की जान गई हैं, लोग गायब हुए हैं या उन्हें हिरासत में लिया गया है। एंड्रयू ने कहा कि व्यापक स्तर पर प्रदर्शन और सैनिकों की तैनाती के मद्देनजर उन्हें डर है कि हम म्यांमा के लोगों के खिलाफ सेना की क्रूर कार्रवाई देख सकते हैं। सेना और पुलिस की हिंसक कार्रवाइयों की आशंका के बीच देश में बुधवार को व्यापक स्तर पर प्रदर्शन होने वाले हैं। गौरतलब है कि यंगून और अन्य शहरों में प्रदर्शनकारियों के समूह एक फरवरी को हुए सैन्य तख्तापलट के खिलाफ एवं देश की निर्वाचित नेता आंग सान सू ची एवं उनकी अपदस्थ सरकार के सदस्यों की हिरासत से रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। देश में हुए सैन्य तख्तापलट ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को स्तब्ध कर दिया। तब से सैन्य शासन ने प्रदर्शनकारियों पर दबाव बढ़ाया है जिनमें कुछ प्रदर्शनों पर बल प्रयोग करना और इंटरनेट सेवाएं निलंबित करना आदि कदम शामिल हैं।

# अंटार्कटिका हिमखंडों के नीचे पहली बार मिले रहस्यमयी जीव, वैज्ञानिक भी हैरान

**लंदन।** दुरूह जीवन वाले बफीर्ले अंटार्कटिका के हिमखंडों के नीचे करीब एक किलोमीटर की गहराई में विचित्र प्रकार के जीवों की खोज हुई है। ये जीव माइनस तामपान में बिल्कुल अंधेरे में रहते हैं। इनके बारे में इससे पहले इंसानों को कोई जानकारी नहीं थी। इन्हें खोजने के लिए साइंटिस्ट्स ने अंटार्कटिका में मौजूद फिलच्नर-रॉने आइस सेल्फ में 900 मीटर की ड्रिलिंग की। इसके बाद जब उन्होंने इस छेद से कैमरा अंदर डाला तो वो अंदर का नजारा देख हैरान रह गए। इन जीवों की खोज के बारे में फ्रंटियर्स इन मरीन साइंस नामक जर्नल में रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। जिसमें बताया गया है कि अंटार्कटिका के दक्षिण-पूर्वी वेड्डेल सागर में मौजूद फिलच्नर-रॉने आइस सेल्फ की नीचे ये जीव मिले हैं। ये आइस सेल्फ खुले समुद्र से 260 किलोमीटर दूर है। इस आइस सेल्फ की मोटाई करीब 900 मीटर है।



इससे पहले इस तरह के जीवों की खोज कभी नहीं हुई। रिपोर्ट में बताया गया है कि ये जीव समुद्री बफीर्ले पत्थरों पर चिपके रहते हैं। फिलहाल ये नहीं पता चला है कि ये किस तरह के जीव हैं। लेकिन कहा जा रहा है कि ये स्पॉन्ज है। या फिर ऐसे कोई जीव जिनके बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है। न ही ये दुनिया के किसी किताब में बताए गए हैं। ये जीव फिलच्नर-रॉने आइस सेल्फ घनघोर अंधेरे में रहते हैं। यहां का तापमान माइनस 2.2 डिग्री सेल्सियस है। इस तरह की परिस्थितियों में रहने वाले जीव अभी तक नहीं खोजे गए थे। ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वे के बायोजियोग्राफर और इन जीवों को खोजने वाले प्रमुख खोजकर्ता डॉ. हव ग्रिफिथ कहते हैं कि ऐसे जीव पहले कभी नहीं देखे गए। ये सर्द, अंधेरी और बर्फ से जमी हुई दुनिया में जीने के हिसाब से खुद को बदल चुके हैं। इनमें इस स्थिति में रहने की क्षमता है।

डॉ. ग्रिफिथ कहते हैं कि इन्हें खोजने के बाद हमारे मन कई तरह के सवाल आए। ये जीव खाते क्या हैं? ये यहां तक कैसे पहुंचे? ये जीव कितने समय से इस बफीर्ली दुनिया में हैं? क्या ये नई प्रजाति के जीव हैं या फिर जो हम बाहर की बफीर्ली दुनिया के ऊपर देखते हैं वहीं हैं? डॉ. ग्रिफिथ कहते हैं कि दक्षिणी सागरों में तैरने वाले समुद्री हिमखंडों के नीचे की दुनिया अब भी ज्यादा खोजी नहीं गई है। ऐसे हिमखंड अंटार्कटिका महाद्वीप का 15 लाख वर्ग किलोमीटर का इलाका घेरते हैं। लेकिन अभी तक इंसानों ने सिर्फ टेनिस कोर्ट के क्षेत्रफल जितने इलाके में ही खोजबीन की है। अभी तक इस तरह की विषम परिस्थितियों में रहने वाले जो जीव मिले हैं, उनमें छोटे शिकारी कीड़े, मछलियां, जेलीफिश या क्रिल शामिल हैं। लेकिन पहली बार कोई फिल्टर फीडिंग जीव मिला है। यानी जो पानी में आने वाले बेहद छोटे जीवों को खाकर जिंदा रहता हो। ये अपने शरीर से पानी को फिल्टर करके जीवों को खा जाते हैं।

डॉ. ग्रिफिथ के साथी डॉ. जेम्स स्मिथ बताते हैं कि हम तो ड्रिलिंग करके समुद्र के नीचे के सेडिमेंट यानी मिट्टी उठाने के प्रयास में थे।

## फेसबुक से हुई चूक, ऑस्ट्रेलिया में खुद का पेज ही कर दिया ब्लॉक

**कैनबरा।** फेसबुक ने कहा है कि उसने ऑस्ट्रेलिया के लोगों के समाचार देखने और शेयर पर पाबंदी लगा दी है। कंपनी ने इसके लिए नए प्रस्तावित कानूनों का हवाला दिया है। कहा जा रहा है कि देश में प्रस्तावित कानून में पत्रकारिता के लिए बड़ी डिजिटल कंपनियों से भुगतान किए जाने की बात कही गई है। इस प्रक्रिया के चलते फेसबुक, ऑस्ट्रेलिया में समाचार से संबंधित पेज ब्लॉक कर रहा था। इसी बीच उसने गलती से अपना ही फेसबुक पेज ब्लॉक कर डाला। कंपनी की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलिया के प्रकाशक फेसबुक में न्यूज प्रकाशित करना जारी रख सकते हैं. लेकिन ऑस्ट्रेलिया के दर्शक इन लिंक्स को न ही देख पाएंगे और न ही साझा कर पाएंगे। फेसबुक के ऑस्ट्रेलियन यूजर्स राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खबरें शेयर नहीं कर पाएंगे। इतना ही नहीं ऑस्ट्रेलिया से





बाहर रहे अंतरराष्ट्रीय यूजर्स भी ऑस्ट्रेलिया की खबरें शेयर नहीं कर सकेंगे।

अब कंपनी इस मामले को लेकर पेज ब्लॉक करने की प्रक्रिया से गुजर रही है। इस स्थानीय प्रतिबंध के चलते कई आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हुईं1 कोविड जंगल की आग और तूफान की जानकारी देने वाले पेज खाली हो गए। वहीं अग्निशमन, स्वास्थ्य और मौसम विभाग को भी पूरे ऑस्ट्रेलिया में फेसबुक पेज के साथ दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अब इसी बीच फेसबुक ने अपना पेज भी ब्लॉक कर दिया। खबरों के अनुसार गुरुवार सुबह पेज एकदम खाली नजर आ रहा है।

## नेतन्याहू ने की कोविड और ईरान के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन से की बात



**तेल अवीव।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को फोन को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से बातचीत की। बाइडन के सत्ता संभालने के बाद करीब एक महीने तक दोनों राष्ट्र प्रमुखों के बीच बात नहीं होने से इजराइल में दोनों सहयोगी देशों के बीच संबंधों को लेकर चिंता जाहिर की जाने लगी थी। दोनों नेताओं के बीच बातचीत होने के बारे में सबसे पहले घोषणा नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से की गई। कार्यालय की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया कि बातचीत 'गर्मजोशी भरी एवं दोस्ताना' थी और नेतन्याहू तथा बाइडन के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। इसके बाद बाइडन ने संवाददाताओं से कहा, ह्वहमारे बीच अच्छी बातचीत हुई।ह्व

इजराइल में 23 मार्च को चुनाव होने हैं। नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से कहा गया, ह्वदोनों नेताओं ने लंबे समय से जारी अपने निजी संपर्कों को रेखांकित किया और कहा कि इजराइल एवं अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत बनाए रखने की खातिर वे मिलकर काम करेंगे।

इसमें बताया गया कि दोनों नेताओं के बीच चर्चा में ह्वईरान की ओर से परमाणु हथियारों के विकास के कारण उत्पन्न खतरेह्व, कोरोना वायरस महामारी से लड़ाई के प्रयासों और अरब देशों के साथ इजराइल के समझौतों का विस्तार करने की मंशा के विषय शामिल थे।

## भारत ने वैक्सीन राष्ट्रवाद को लेकर दुनिया को सख्त संदेश दिया

**जेनेवा।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में वैक्सीन राष्ट्रवाद को लेकर दुनिया को सख्त संदेश दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वैक्सीन राष्ट्रवाद को तुरंत बंद कर हमें सक्रिय तौर पर अंतरराष्ट्रीयवाद को बढ़ावा देना चाहिए। बता दें कि भारत ने अभी तक दुनियाभर के करीब 25 देशों को कोरोड़ों डोज कोरोना वैक्सीन की सप्लाई की है। इसमें काफी बड़ी मात्रा फ्री में दी गई कोरोना वैक्सीन की है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बात को रेखांकित किया कि खुराकों की जमाखोरी से महामारी के खिलाफ लड़ाई और सामूहिक स्वास्थ्य सुरक्षा हासिल करने के वैश्विक प्रयास नाकाम हो जाएंगे। जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के विचार के लिए नौ बिंदुओं को रेखांकित किया, ताकि दुनिया कोविड-19 महामारी





को निर्णायक रूप से पीछे छोड़कर ज्यादा लचीली बनकर उभरे। कोविड-19 महामारी के संदर्भ में विरोधों के उन्मूलन पर संकल्प 2532 (2020) के कार्यान्वयन पर खुली बहस के दौरान जयशंकर ने कहा कि वैक्सीन राष्ट्रवाद बंद कीजिए, इसके बजाय सक्रिय रूप से अंतरराष्ट्रीयवाद को बढ़ावा दीजिए। अतिरिक्त खुराकों को जमा करने से सामूहिक स्वास्थ्य सुरक्षा हासिल करने के हमारे प्रयास नाकाम होंगे। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि महामारी का फायदा उठाने के लिए गलत जानकारी पर आधारित अभियान चलाए जा रहे हैं। ऐसे कुटिल लक्ष्यों और गतिविधियों को निश्चित रूप से रोका जाना चाहिए।

जयशंकर ने इस बात पर चिंता जताई कि टीका वितरण के संदर्भ में वैश्विक समन्वय का आभाव मतभेद और मुश्किलें पैदा करेगा तथा गरीब देश इससे सर्वाधिक प्रभावित होंगे। उन्होंने रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय मिति (आईसीआरसी) के अनुमान का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे इलाकों में करीब छह करोड़ लोग जोखिम के दायरे में हैं। जब कोई देश सिर्फ अपने नागरिकों या अपने यहां रहने वाले लोगों के लिए वैक्सीन डोज सुरक्षित करने की कोशिश करता है तो इसे 'वैक्सीन राष्ट्रवाद' नाम दिया जाता है। ऐसी स्थिति तब होती है जब कोई देश वैक्सीन को अन्य देशों में उपलब्ध होने से पहले ही उन्हें अपने घरेलू बाजार और अपने नागरिकों के लिए एक तरह से रिजर्व करने की कोशिश करता है।

## अंडमान में कोविड-19 के चार नए मामले, कुल संक्रमितों की संख्या 5,013 हुई

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में कोविड-19 के चार नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 5,013 हो गई। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को दक्षिणी अंडमान में चार नए मामले सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि यहां आठ मरीजों का इलाज चल रहा है और सभी मरीज दक्षिणी अंडमान जिले में हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर और मध्य अंडमान निकोबार कोविड-19 मुक्त है, क्योंकि यहां इस वायरस का एक भी मरीज नहीं है। यहां अब तक 4,943 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और 62 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अब तक 4,047 स्वास्थ्य कर्मियों और अग्रिम मोर्चे पर काम कर रहे लोगों को कोविड-19 के टीके लगे हैं।

## अमेरिका में अभूतपूर्व बिजली संकट ने अरबपति एलन मस्क को कार में सोने पर किया मजबूर

**वॉशिंगटन।** कई संकट ऐसे होते है जो पैसों की बहुलता भी दूर नहीं कर पाते हैं। मंगल ग्रह पर शहर बसाने का सपना देख रहे धरती के दूसरे सबसे रईस अरबपति एलन मस्क भी अमेरिका के टेक्सास राज्य में जारी ऐतिहासिक बिजली संकट की चपेट में आ गए हैं। हालत यह है कि भीषण सर्दी और बर्फबारी के बीच एलन मस्क को खुद को गरम रखने के लिए अपनी बहुचर्चित इलेक्ट्रिक कार में सोना पड़ रहा है। मस्क अब टेक्सास राज्य में बिजली की सप्लाई करने वाले ग्रिड ऑपरेटर पर भड़क गए हैं। पिछले 4 दिन से चल रहे इस बिजली संकट की चपेट में टेक्सास राज्य के 30 लाख लोग आ गए हैं और 21 लोगों की मौत हो गई है। मस्क ने ऑपरेटर को गैरजिम्मेदार करार दिया है। एलन मस्क ऑस्टिन के पास टेस्ला की नई फैक्ट्री लगा रहे हैं। गतवर्ष दिसंबर महीने में वह सिलिकॉन वैली से यहां पर आए थे। उन्होंने ट्वीट करके बिजली ऑपरेटर पर अपनी भड़ास निकाली। टेक्सास राज्य में तापमान माइनस में चला गया है जिससे कंपनी की बिजली बनाने की क्षमता प्रभावित हुई है। इस वजह से बुधवार को टेक्सास राज्य के 30 लाख लोगों को बिना बिजली के ही रहना पड़ा।

बिजली की इस कटौती का असर अंतरिक्ष से भी देखा जा रहा है। अंतरिक्ष से ली गई तस्वीरों में दिखाई दिया है कि यह ब्लैकआउट काफी दूर तक पसरा हुआ है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अभी और ज्यादा बर्फबारी हो सकती है जिससे बिजली संकट के और ज्यादा गहराने के आसार बढ़ गए हैं। बिजली संकट की वजह से मस्क को अपनी कार को 'कैंप मोड' में करके उसमें सोना पड़ रहा है।



लीबिया में मुअम्मर गदाफी शासन से मुक्त होने का एक दशक पूरा होने पर उत्साहित होते हुए लोग। - फोटो

## चीन में कोई भी मीडिया समूह स्वतंत्र नहीं, एक रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**बीजिंग।** चीन में मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार कोई भी मीडिया समूह चीन में स्वतंत्र नहीं है। सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी ने मीडिया समूहों पर शिकंजा कसा हुआ है, इसकारण उनके पास पार्टी के हितों के अनुरूप चलने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। रिपोर्ट में बीबीसी पर प्रतिबंध के कदम पर चीन में निक्केई के ब्यूरो चीफ तेत्सुशी ताकाहाशी ने कहा कि 2012 में शी चिनफिंग के सत्ता संभालने के बाद से मीडिया पर नियंत्रण बढ़ा है।

अखबारों, चैनलों और रेडियो स्टेशनों के पास कोई विकल्प नहीं है। बता दें कि चीन के नेशनल रेडियो एंड टेलीविजन एडमिनिस्ट्रेशन ने बीबीसी वर्ल्ड न्यूज की ब्रॉडकास्टिंग को प्रतिबंधित कर दिया है। यूनाइटेड स्टेट्स एंड यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने बीबीसी पर प्रतिबंध लगाने की चीनी कार्रवाई की निंदा की है। ईयू ने कहा कि चीन को बीबीसी वर्ल्ड न्यूज पर अपने प्रतिबंध को बदल देना चाहिए क्योंकि इससे चीनी संविधान और मानव अधिकारों का उल्लंघन हुआ है।

हालांकि उसका कहना है कि बीबीसी ने शिनजियांग में मानवाधिकारों के उल्लंघन की झूठी रिपोर्ट चलाई है। कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र ने कोरोना से निपटने के मामले में चीन के कदमों को लेकर बीबीसी पर गलत रिपोर्टिंग का आरोप लगाया है। एक हफ्ता पहले ही ब्रिटिश मीडिया रेगुलेटर ऑफकॉम ने चीन के सरकारी अंग्रेजी चैनल सीजीटीएन (चाइना ग्लोबल टेलीविजन नेटवर्क) का लाइसेंस रद कर दिया था जिसके बाद चीन ने जवाबी कदम उठाने की धमकी दी थी। चीन ने कोरोना और अल्पसंख्यक उइगरों के उत्पीड़न को लेकर बीबीसी द्वारा की गई रिपोर्टिंग की आलोचना की और ब्रिटिश प्रसारणकर्ता के साथ अपना विरोध दर्ज कराया।

## ऐस्टरॉइड खत्म न कर दे धरती पर जीवन, पूरी आकाशगंगा में इंसानी बस्ती बसाना चाहते हैं एलन मस्क

**लंदन।** दुनिया सबसे अमीर शख्स और स्पेसएक्स और टेस्ला के मालिक एलन मस्क इंसानों के लिए जीवन कई ग्रहों पर मुमकिन बनाना चाहते हैं लेकिन इसके पीछे वजह क्या है? हाल ही में जो रोगन के साथ पॉडकास्ट पर उन्होंने बताया कि धरती के सामने कई खतरे हैं जिन्हें देखते हुए उन्हें लगता है बाहर भी ठिकाना ढूंढना जरूरी है। मस्क ने इस दौरान बताया कि पूरी आकाशगंगा को अपना घर बनाया जा सकता है, कुछ पड़ोसी गैलेक्सियों को भी। हाल ही में मस्क की कंपनी ने एक साथ सबसे ज्यादा सैटलाइट लॉन्च करने का भारत का रेकॉर्ड तोड़ा है और आसमान में सबसे बड़े सैटलाइट बेड़े की तैयारी में लग गई है। मस्क का कहना है कि इंसान प्राकृतिक आपदाओं के साथ अपनी करतूतों के भी भरोसे हैं। उन्होंने पॉडकास्ट में बताया, ह्वयह सिर्फ हमारी प्रजाति के बारे में नहीं है। कई विशाल उल्कापिंड, महाज्वालामुखी, महाद्वीप अपनी जगह से हटे हैं, धरती कभी बर्फ की गेंद जैसी थी और कभी बेहद गर्म। धरती का भूगर्भिक इतिहास बहुत लंबा और जटिल है और कई बार जीवन को विलुप्त करने वाली घटनाएं हुई हैं, कम नहीं।



मस्क आगे बताते हैं कि परमिन -टेरासिस की घटना में 90 प्रतिशत प्रजातियां खत्म हो गईं। बचने वाली ज्यादातर प्रजातियां फंगस और स्पज थे। इंसान उस स्थिति में नहीं बच सकते थे। धरती को ऐस्टरॉइड की टक्कर जैसी घटनाओं के खतरे को देखते हुए मस्क इंसानों को रोशनी से कम गति पर भी एक सौर मंडल से दूसरे तक पहुंचाना चाहते हैं। ह्वतबाही का देवताह्व कहा जाने वाला ऐस्टरॉइड अपोफिस अगले महीने धरती के करीब से गुजरने जा रहा है। यह महाविनाशक ऐस्टरॉइड सोलर सिस्टम में मौजूद सबसे खतरनाक चट्टानों में से एक माना जाता है।

स्पेसएक्स स्टारशिप के एसएन10 प्रोटोटाइप को लॉन्च करने की तैयारी में है जो स्पेस ट्रैवलिंग के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। यह बार-बार इस्तेमाल के लायक सिस्टम होगा जिसका मुख्य उद्देश्य 100 लोगों को मंगल पर ले जाना है, या उसके भी आगे। पिछले साल जब स्पेसएक्स का स्टारशिप रॉकेट एसएन8 क्रैश हो गया था, तो समझा जाने लगा कि मस्क को कितना बड़ा झटका लगा होगा। हालांकि, कंपनी की एसएन सीरीज के अगले रॉकेट न सिर्फ तैयार हैं बल्कि जल्द ही उनका लॉन्च भी किया जा सकता है। इसमें सबसे आगे है स्टारशिप एसएन9 और फिर एसएन10 और एसएन11 मिड बे में तैयार खड़े हैं जबकि एसएन16 तक प्रोडक्शन साइट पर पहुंच चुके हैं। अपोफिस करीब 370 मीटर चौड़ा है। यह ऐस्टरॉइड कितना शक्तिशाली है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यह अगर पृथ्वी से टकराता है तो 88 करोड़ टन टीएनटी के विस्फोट के बराबर असर होगा। हवाई विश्वविद्यालय के खगोलविदों ने कहा है कि यह ऐस्टरॉइड तेजी से गति पकड़ रहा है और अगले 48 सालों में यह पृथ्वी से टकरा सकता है। हालांकि इसकी संभावना बहुत कम है, फिर से भी नासा के वैज्ञानिक इसके हर कदम पर नजर रख रहे हैं। वैज्ञानिकों ने कहा कि अभी यह पृथ्वी से टकराएगा या नहीं इसका ठीक-ठीक पता वर्ष 2029 में चल सकेगा।

## मरियम नवाज ने कहा, जनता इमरान को दोबारा सत्ता में लाने की भूल न करे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गुजरांवाला के निकट स्थित वजीराबाद में रैली को संबोधित कर विपक्षी गठबंधन पीडीएम की नेता व पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी मरियम ने कहा है कि देश की जनता इमरान को दोबारा सत्ता में लाने की भूल न करे वरना उन्हें फिर पछताना होगा। मरियम ने कहा कि इमरान के सत्ता में आने के बाद महंगाई सातवें आसमान पर पहुंच गई है। लोगों को पेटभर खाना नसीब नहीं हो रहा है। देश की जनता को जीने के लिए जबरदस्त जद्दोजहद करनी पड़ रही है। इस सरकार ने देश को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है।

उन्होंने जनता से सवाल किया कि क्या किसी को इमरान के वादे के मुताबिक नौकरी या घर मिला है। मरयम ने कहा कि इमरान ने सत्ता में आने से पहले 10 लाख लोगों को नौकरी, बेघरों को 50 लाख घर देने का वादा किया था लेकिन आज तक उनका ये वादा पूरा नहीं हुआ है। मरियम ने खुद को पंजाब की बेटी बताकर कहा कि इमरान ने देश की जनता को गुमराह कर पंजाब के भोले-भाले लोगों के साथ वहां लगातार धोखा करते रहे। मरियम ने कहा कि पंजाब उनके और उनके पिता के दिल में बसता है। आज न सिर्फ वजीराबाद बल्कि पूरे देश की जनता इस सरकार से हताश हो चुकी है। सरकार को सत्ता से बेदखल करना चाहती है। लोगों को दो वक्त का पेट भर खाना तक इस सरकार में नहीं मिल पा रहा है। मरियम ने कहा कि इमरान सरकार के इतने वर्ष बाद लोगों की उम्मीदें पूरी तरह से खत्म हो चुकी हैं। देश में नौकरियां खत्म हो चुकी हैं। काम-धंधे ठप हो चुके हैं। महंगाई हर रोज बढ़ रही है। ये सभी कुछ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की गलत नीतियों की वजह से हुआ है। मरयम ने कहा कि नवाज शरीफ दोबारा सत्ता में आएंगे और ये सब कुछ ठीक हो जाएगा।

# राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक महेश जोशी ने किये सपरिवार धोलागढ़ देवी के दर्शन

## दोहती का मुंडन करा कन्याओं कराया भोजन

» मदरलैंड संवाददाता

कठूमर । राजस्थान विधानसभा के मुख्य सरकारी सचेतक महेश जोशी ने सपरिवार देवी धौलागढ़ के दर्शन कर दोहती का कराया मुंडन।

जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अवधेश बेरवा ने बताया कि डॉक्टर महेश जोशी व उनकी पत्नी कौशल जोशी, बड़े भाई सुरेश जोशी व उनकी पत्नी मिनाक्षी जोशी पुत्र रोहित जोशी, पुत्र वधू दिव्या जोशी बड़ी बहन व अपनी दोहिती के साथ सड़क मार्ग द्वारा दोपहर 2:00 बजे अपनी कुलदेवी देवी धोलागढ़ के दर्शन करने पहुंचे । वहा देवी धोलागढ़ के मुख्य पुजारी द्वारा विधि विधान के साथ महेश जोशी को सपरिवार पूजा अर्चना कराई गई और उनकी दोहती काव्या का मुंडन संस्कार करा कर कन्याओं को भोजन कराया। और उन्हें भेंट दी गई। जोशी परिवार द्वारा इस अवसर पर भक्तों को फल



वितरित किए । इस अवसर पर महेश जोशी ने क्षेत्र एवं देश की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी। इस अवसर पर मंदिर कमेटी द्वारा डॉक्टर जोशी का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर बहतुकंला सरपंच रामचरण यादव, कपिल पंडा ,धौरया पंडित सहित अनेक लोग मौजूद थे। इसके बाद महेश जोशी सह-परिवार राजगढ़ के ग्राम देवती प्रस्थान कर गए।

# नगर पालिका तिजारा की साधारण सभा की होगी बैठक में प्रस्तावित बजट प्रस्तुत एव चर्चा

» मदरलैंड महावीर प्रसाद

तिजारा । नगर पालिका मंडल तिजारा की साधारण सभा की बैठक 20 फरवरी को दोपहर 12 -30 बजे नगर पालिका सभागार में झब्बू राम सैनी अध्यक्ष नगर पालिका मंडल तिजारा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। अधिशासी अधिकारी कुमार संभव अवस्थी ने बताया बैठक में प्रस्तावित बजट 2021 -2022 पर चर्चा , स्टेडियम हेतु नर्सिंग कॉलेज के पास भूमि आवंटन व विकास कार्यों एव सफाई हेतू प्रस्तावित वित्तीय स्वीकृति तथा विवाह व अन्य समारोह मे अंबेडकर भवन व अन्य नगर पालिका जगहों के किराया , विधुत व सफाई आदि पर निर्धारित शुल्क पर चर्चा चर्चा होगी ।

# अलवर की प्रतिभाएं देश विदेशों में काबिलियत का लोहा मनवा रही है: मंत्री जूली

» मदरलैंड संवाददाता



अलवर श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि अलवर एजुकेशन हब के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भी अलवर की प्रतिभाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपने काबिलियत का लोहा मनवा रहे हैं।

श्रम मंत्री गुरुवार को काला कुआं स्थित अरिहंत क्लासेज के उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि समय के अनुसार शिक्षा में भी बदलाव आया है पहले केवल पास किया जाता था फिर डिवीजन और अब मेरिट मेरिट में भी बड़ी प्रतिस्पर्धा उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जाए ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके। श्रम मंत्री जुली ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह अलवर के विकास के लिए बड़े प्रोजेक्ट लेकर आए शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने के उद्देश्य से अलवर में यूनिवर्सिटी राज्य सरकार द्वारा खोली गई ताकि अलवर जिले के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व हुनर रखने वाले विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें यदि सही दिशा दी जाए तो निश्चित ही वे सफलता का परचम लहराने में ओर अधिक मेहनत करेंगे।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्रवृत्ति निशुल्क कोचिंग जैसी विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है इस दौरान सभापति बीना गुप्ता, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष कमलेश सैनी,अभिषेक तनेजा, शादी खान, राकेश बैरवा, महेंद्र सैनी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### फिल्म राज मंत्री टीकाराम विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे आज शामिल

मदरलैंड संवाददाता, अलवर। श्रम राज्यमंत्री टीकाराम जूली शुक्रवार को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।निजी सहायक राजेश शर्मा ने बताया कि श्रम मंत्री सुबह 10:00 बजे मुंडावर के गांव झझारपुर में स्वागत समारोह में शामिल होंगे जबकि 11:00 बजे गंडाला में शहीद अजीत सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

### श्रम मंत्री टीकाराम जूली ने की सुनवाई निस्तारण के दिए अधिकारियों को निर्देश



मदरलैंड संवाददाता, अलवर ।श्रम,कारखाना एवं बॉयलर्स निरीक्षण विभाग (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता एवं इंदिरा गांधी नहर परियोजना विभाग राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने गुरुवार को अलवर मोती डूंगरी स्थित अपने कार्यालय परिसर में सोशल डिस्टेंसिंग की पालना करते हुए जनसुनवाई की जिसमे 84 फरियादियों ने अपनी परिवेदनाएं दी। श्रम राज्य मंत्री जूली ने जिलेभर से परिवेदनाएं लेकर आए लोगों की समस्याओं को गम्भीरता पुर्वक सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को दूरभाष से त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

# आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से करें अधिकारी: विधायक कान्ती प्रसाद

» मदरलैंड देशबंधु जोशी ब्यूरो चीफ

अलवर। थानागाजी पंचायत समिति थानागाजी के सभा भवन में आयोजित उपखंड स्तरीय अधिकारियों एवं सरपंच - सचिव बैठक का आयोजन थानागाजी विधायक कान्ती प्रसाद मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।सभा भवन में सुबह 11 बजे से प्रारम्भ हुई मीटिंग में सरपंच संघ की ओर से विधायक कान्ती प्रसाद मीणा का माला पहनाकर स्वागत किया गया ।मीटिंग में सभी सरपंचो ने क्रमशः अपनी अपनी ग्राम पंचायतों की समस्या अधिकारियों के सामने रखी । मीटिंग में विधायक कान्ती प्रसाद ने सभी सरपंचो की समस्या सुनने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन से जुड़े कार्यों में लापरवाही नही चलेगी ।बिजली विभाग के सहायक अभियन्ता को निर्देशित करते हुए विधायक मीणा ने कहा कि लाइन मैन फील्ड में प्राइवेट आदमी रखते है जो गलत है , उन पर कार्यवाही की जाए । सरकारी बोरिंग के बिजली बिलों की रीडिंग दुबारा से जांच तुरन्त हो एवं जिन बोरिंग में पानी नही है लेकिन उनका भी बिल अभी भी आ रहा है , ऐसे कनेक्शन निगम द्वारा तुरन्त काटे जाए ।विधायक कान्ती प्रसाद ने सभी ग्राम पंचायतों में आबादी वाले रास्तों को रिकॉर्ड में दर्ज करने के लिए उपखंड अधिकारी को कहा । पटवार घरों की अनुपलब्धता की वजह से पटवारी मुख्यालय पर नही रुकते है इसलिए



उपखण्ड अधिकारी को निर्देशित किया कि जब तक पटवार भवन नही बनते तब तक पटवारी राजीव गांधी सेवा क्रेन्द्र पर बैठकर कार्य सम्पादित करेंगे ।

विधायक महोदय ने सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों को कार्यालय समय मे मुख्यालय पर रुकने के लिए भी कहा ताकि आमजन को छोटे छोटे कार्यो के लिए इधर उधर भटकना नही पड़े । उपखण्ड स्तरीय बैठक में नरेगा कार्यो की गुणवत्ता , हर श्रमिक को कार्य मिले इसके लिए भी विकास अधिकारी को निर्देशित किया ।ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि के समय सिंगल फेस बिजली सुचारू रूप से चालू रहे और वीसीआर संबंधित मामलों के लिए भी सहायक अभियंता को मोनिटरिंग करने के लिए कहा । आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था में सुधार हो इसके लिए भी विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया ।

मीटिंग को उपखण्ड अधिकारी डॉ. नवनीत कुमार ने संबोधित करते हुए कहा की आमजन से जुड़े हर कार्यों के निस्तारण के लिए हर अधिकारी कर्मचारी पूरे समय तैयार है । उपखण्ड अधिकारी ने कहा कि हर कर्मचारी अपने नियमित समय पर अपने अपने मुख्यालय पर उपस्थित रहे , लापरवाही मिलने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी ।मीटिंग में सरपंच संघ अध्यक्ष रामेश्वर दयाल यादव, सरपंच कप्तान सिंह, विकास अधिकारी कजोड़मल मीणा, सरपंच महेश चंद सैनी, बिजली विभाग के सहायक अभियंता कालूराम शर्मा , पीएचईडी सहायक अभियंता सियाराम गुर्जर , तहसीलदार थानागाजी , सरपंच हरिप्रसाद वर्मा , सरपँच शोभा श्याम सिंह , सरपँच पिंकी वर्मा , सरपँच प्रियंका नरुका सहित सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे ।

# परिश्रम से दिव्यांग बालक परचम लहरा सकते हैं: श्रम मंत्री जूली

» मदरलैंड संवाददाता



अलवर । श्रम राज्यमंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि प्रतिभा और परिश्रम से दिव्यांग बालक परचम लहरा सकते है।

श्रम मंत्री जूली गुरुवार को जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान की ओर से यशवंत स्कूल में आयोजित मेडिकल कम फंक्शनल असेसमेंट कैम्प में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित बालकों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के लिए आयोजित चार दिवसीय शिविर से जिले भर के बच्चे लाभान्वित होंगे ।उन्होंने कहा कि दिव्यांग बालक असक्षम नहीं बल्कि सक्षम है ।दिव्यांग होना ऐसे बच्चों के लिए अभिशाप नहीं बल्कि इनकी ताकत है।

जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की दूरगामी सोच के साथ दिव्यांगों के कल्याण के लिए अनेक निर्णय लिये है ।ऐसे बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की भावना है कि दिव्यांग बालकों को पर्याप्त संरक्षण व सुविधा मिले इसके लिए सरकारी नौकरियों में दिव्यांगजनों का आरक्षण 4 फीसदी किया है। राज्य स्तर पर दिव्यांग सलाहकार बोर्ड और जिला स्तर पर समिति का गठन का प्रावधान किया है ।विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग बालकों का मेडिकल परीक्षण हेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ।इन शिविरों में चिकित्सकीय परीक्षण के आधार पर दिव्यांग बालकों को लाभान्वित किया जाता है। ऐसे बालकों को आवश्यक उपचार सहित कृत्रिम अंग व रेल और बस रियायत के पास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दिव्यांग बालकों को आने जाने की व्यवस्था के अलावा भोजन की व्यवस्था भी प्रदान की जा रही है। इन शिविरों के माध्यम से दिव्यांग बालको को काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे इस शिविर में नहीं आ पाए हैं उन्हें भी चिन्हित कर उनके लिए विशेष शिविर लगाकर प्रमाण पत्र बनाने की व्यवस्था की जाए।यदि कोई कर्मचारी दिव्यांग बच्चों के चिन्हीकरण में लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए शिविर में चिकित्सकों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर सभापति बीना गुप्ता, कार्यकारी जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी, राकेश बैरवा, सुनील पाटोदिया, गौरीशंकर, पूरण सिरमोलिया, शादी खान साजिद खान जोगेंद्र कोचर केके खंडेलवाल, सीबीईओ वीरेंद्र यादव, एडीपीसी चाणक्य लाल शर्मा, राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अधिकारी व कर्मचारीयों कि लापरवाही के चलते पानी को तरसे

## पानी के संकट से जूझते कितने ही परिवार कस्बे से कर चुके हैं पलायन

» मदरलैंड गिर्राज प्रसाद सोलंकी

लक्ष्मणगढ़ उपखंड मुख्यालय पर स्थित जलदाय विभाग के आला अधिकारीयों व कर्मचारियों कि इस तरह लापरवाही के चलते कस्बे वासियों के कंठ पानी को तरसे ,आए दिन इन कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही के चलते हुए ,कभी भी जलदाय विभाग की सप्लाई बाधित हो जाती है। जिससे कस्बे वासियों को खांसी परेशानी उत्पन्न होती है ।विभाग का यह रवैया आज का ही नहीं काफी लंबे समय से चला आ रहा है। आमजन इन्हें फोन करें तो फोन उठाते नहीं, अधिकारी मुख्यालय पर रहते नहीं, कर्मचारी से बात करें तो सीधे मुंह बात करते नहीं, झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं।जबकि अगर सप्लाई में कोई परेशानी है, कोई दिक्कत है तो 1 दिन पूर्व इन्हें पेपर के माध्यम से आमजन तक सूचना देनी चाहिए। क्योंकि बोरिंग से लाइट चोरी होती है ।इनकी लाइन से पानी की सप्लाई के लिए अवैध कनेक्शन बने हुए हैं ,और तो और जलदाय विभाग का पानी हमने खेतों में सप्लाई होते हुए देखा है।आये दिन सप्लाई बाधित कर मोटर



खराब होने का बहाना करते रहते हैं। इधर ग्रामीण लोगों का कहना है, कि कर्मचारियों ने मोटर बांधने वाले मैकेनिक से सांठगांठ कर रखी है ।जिसके चलते सरकार का मोटा पैसा उठाते हैं, और मोटर को फूका हुआ बताते हैं। इन्हें अपने जेब की फिक्र होती है ।जनता पानी के लिए तरसे उसकी इन्हें कोई फिक्र नहीं यह लापरवाही के कारण भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं।इस तरह आमजन इन पर आरोप लगाते हैं। कर्मचारियों का हाल यह है 20, 20 वर्षों से कर्मचारी एक ही जगह जमे हुए हैं। आमजन इनकी व इनके विभाग की शिकायत करने जाएं तो आमजन पर राजकार्य में बाधा लगाने की फिराक में रहते हैं।जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय विधायक कभी इस ओर ध्यान नहीं इनकी पानी की सप्लाई इन की व्यवस्था इनके हिसाब से चलनी है। इनकी ओर से तो चाहे पूरा गांव पलायन कर जाए, जब यह अधिकारी खुद ही गांव में मुख्यालय पर नहीं रुकते नाही फोन अटेंड नहीं करते आखिर इनके ऊपर किसका हाथ है। सोचने का विषय है। कस्बे के लिए दिए जाने वाला पानी जिसका कलर भी सफेद ना होकर के लाल है या पीला है ,पानी बर्तन में भरकर रखो तो बर्तन का रंग भी बदल जाता है। पानी में फ्लोराइड कितना है। जिससे कि इंसान तो क्या देव प्रतिमाएं भी खंडित होने लगी है। लक्ष्मणगढ़ में अक्सर घुटने के बालों के दांतो के रोगी तो है इसी के साथ पानी के कारण ही नपुसंकता भी बढ़ती जा रही है ।दूषित पानी की सप्लाई जलदाय विभाग करता है ।आज भी यहां पर शुद्ध आरो का पानी नहीं है । जिसके शिकायत अब मानव अधिकार आयोग को दी जाएगी। क्योंकि जलदाय विभाग की लापरवाही के चलते आमजन के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कस्बे में प्रातकाल ही क्या महिलाएं क्या बच्चे कंधे पर हेड पंप को लेकर इस तरह चलते हैं जैसे फौज में जवान अपनी तोप को लेकर चलता है। काफी घरों में परिवारों में पानी की व्यवस्था के लिए अपने अपने रिक्शे व पानी के टैंक बनवा कर रखे हैं जैसे ही सप्लाई आती है तो इधर उधर पानी की व्यवस्था के लिए भागते फिरते हैं ।जलदाय विभाग की लापरवाही के कारण यहां पानी का व्यापार चरम सीमा पर है यह सब जलदाय विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण व्यापार पनप रहा है अब देखना यह है कस्बे वासियों के लिए शुद्ध पानी की सही व्यवस्था हो पाती है या नहीं।

# चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



» मदरलैंड,सुनिल जालिन्द्रा

बहरोड़।उपखंड के कांकर छाजा ग्राम के ग्रामीणों ने चारागाह भूमि से अतिक्रमण कहटवाने के लिए बहरोड़ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि कांकर छाजा में खसरा न. 169 जो कि चारागाह भूमि है। उस पर गॉव के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है। ग्रामीण सहमति से उक्त चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाना चाहते हैं।उक्त भूमि पर सभी की सहमति से नवयुवक मंडल ने खेल मैदान तैयार किया है। इसी क्रम में गुरूवार को ग्रामीणों ने बहरोड़ उपखण्ड अधिकारी संतोष कुमार मीणा को उक्त चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। इस अवसर पर दीपक दहिया, विशाल दहिया, विकास दहिया, रवि राव, सुनील यादव, कृष्ण यादव, शैलेन्द्र यादव, पंकज, जतिन यादव, कृष्ण कुमार, अंकित यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# किसान मोर्चा टिकट ग्रुप आंदोलन रॉकी ट्रेन

» मदरलैंड संवाददाता

राजगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा टिकट ग्रुप के राजगढ़ तहसील अध्यक्ष सहित आसपास के दर्जनों किसानों द्वारा मालाखेड़ा रेलवे स्टेशन पर 12:00 बजे से 4:00 बजे तक रेल रोको आंदोलन की शुरूआत ट्रैक पर बैठकर की गई राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर 12:00 बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस अपने नियत समय पर पहुंची। लेकिन यह ट्रेन 3 बजे तक रुकी रही यात्रियों से वार्ता वार्ता के दौरान पाया गया कि हम लोगों को दूर जाना है लेकिन किसान आंदोलन के द्वारा हमें परेशानी हो रही है।वही राजगढ़ तहसील के टिकट ग्रुप के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 12:00 से 4:00 तक रेल रोको आंदोलन सफल रहा साथ ही शाम के समय तहसील अध्यक्ष धनपाल मीणा मालाखेड़ा से 4:00 बजे छाछ पी कर रवाना हुए जो एक संदेश के रूप में औपचारिकता बताइए जिसमें उन्होंने बताया कि किसान को छाछ पीने लायक भी इस सरकार ने नहीं छोड़ा ऐसे में जब तक इस सरकार को उखाड़कर नहीं सकेंगे तब तक लगता है इन काले काले कानूनों का समापन नहीं होगा।

# अलवर शहर विधायक निधि कोष से 20.42 लाख की राशि की स्वीकृत

» मदरलैंड संवाददाता



अलवर शहर विधायक संजय शर्मा ने अलवर शहर के विभिन्न वार्डो में स्थित पार्को में विकास कार्य एवं अन्य निर्माण कार्यो हेतु विधायक निधि कोष से तकमीना अनुसार 20.42 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की। जिसके अन्तर्गत एनईबी हा0 बोर्ड में राजकीय डिस्पेन्सरी के पास स्थित पार्क में राशि 3.25 लाख, आदर्श कॉलोनी दाउदपुर में स्थित सुभाष पार्क में राशि 1 लाख, एनईबी के पीछे, सुभाष नगर में श्री ताराचन्द शर्मा के मकान से श्री राधामोहन उपाध्याय के मकान तक सी. सी. सड़क निर्माण कार्य में राषि 5 लाख, वार्ड नं0 65 में श्री चन्द्रभान जांगिड़ के मकान से मुख्य नाले तक व सोनिया के मकान से मुख्य नाले तक एवं मनोहर मिस्त्री के मकान से मुख्य नाले तक नाली निर्माण कार्य में राशि 9.41 लाख, वार्ड नं0 61 में श्री सुरेश यादव के मकान से प्लाट नं0 16 कालूराम मीणा के मकान तक, राशि 1.76 लाख से सी.सी. सड़क निर्माण कार्य सहित आदि उक्त कार्य कराये जावेगें। उक्त समस्त कार्यो की जिला परिषद अलवर द्वारा प्रथम किशत के रूप में 16.32 लाख रुपए की राशि की प्रशासनिक व वित्तिय स्वीकृति भी जारी कर दी गई है।कार्यकारी एजेन्सी नगर विकास न्यास, अलवर एवं नगर परिषद, अलवर द्वारा शीघ्र ही टेण्डर प्रक्रिया होने के पश्चात उक्त समस्त विकास एवं निर्माण कार्य शुरू करने की कार्यवाही की जावेगी।

# अजरका में रेलवे ट्रेक पर दिखा किसानों का रेल रोको आंदोलन





» मदरलैंड संवाददाता

अलवर जिले सहित प्रदेश भर में किसान संगठनों नें गुरुवार को 4 घंटे तक ट्रेनों के आवागमन को बाधित कर किसान आंदोलन को एक नई दिशा देना का प्रयास किया ।इस दौरान रेलवे जोन में सभी ट्रेनें प्रभावित हुई । जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा । गुरुवार को राजस्थान सीमा के आखिरी रेलवे स्टेशन अजरका में रेलवे ट्रैक पर किसानों ने धरना प्रदर्शन करते हुए रेल ट्रैक ट्रैक पर कब्जा जमाए रखा और ढोल नगाड़ों के साथ में ट्रैक को जाम किया।जिससे किसान आंदोलन को एक नई दिशा मिली साथ ही भारी संख्या में क्षेत्रीय किसानों ने इसमे भाग लिया। इस मौके पर रेलवे प्रशासन चाक चौबंद रहा । साथ ही ट्रैक की सुरक्षा हेतु अतिरिक्त जाब्ता मौजूद रहा ।जिसमें राजस्थान पुलिस, रेलवे पुलिस, एडिशनल एसपी महावीर शेखावत, मुण्डावर एसएचओ लक्ष्मीकांत शर्मा, एसडीएम मुण्डावर राम सिंह राजावत मौके पर व्यवस्था बनाए रखने । किसानों ने रेल रोको आंदोलन ललित यादव, बलबीर छिल्लर, बस्तीराम यादव , करण सिंह चौधरी के नेतृत्व में यार्ड पर बैठ कर ट्रैक के बीच विरोध प्रदर्शन किया । असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए आरपीएफ व जीआरपी एवम राजस्थान पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही।

# सिटीजन बोले, देर से ही सरकार ने लिया सराहनीय निर्णय







» राजकुमार

रुड़की। ढंडेरा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। तमाम ग्रामीणों, बुद्धिजीवियो और पूर्व सैनिकों ने सरकार के फैंसले का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय बताया है। लंढौरा के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र पुंडीर ने कहा कि भाजपा जो कहती है वो करती है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास की सोच के साथ आगे बढ़ रही है। ढंडेरा को नगर पंचायत का दर्जा देकर त्रिवेंद्र सरकार ने गांव और ग्रामीणों के हित में बेहद सराहनीय फैंसला लिया है। गांव के नगर पंचायत बनने से यहां विकास और रोजगार दोनों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होने इसके लिए मुख्यमंत्री, शहरी विकास मंत्री, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अच्छी सोच की प्रशंसा की। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिपाल बालियान ने ढंडेरा को नगर पंचायत बनाए जाने पर मुख्यमंत्री और शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक का आभार जताया। कहा कि मुख्यमंत्री और शहरी विकास मंत्री विकास की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार विकास को गति देने में लगी है। हर क्षेत्र में आज उत्तराखण्ड आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक के प्रयासो से आज लक्सर-ढंडेरा रोड़ का भी कार्य शुरू हो चुका है, जल्द ही क्षेत्र के लोगों को ढंडेरा-लक्सर रोड़ हाईवे के रूप में मिलेगा। उत्तराखण्ड युवा संगठन संस्थापक राकेश चैहान ने कहा कि देर से ही सही, लेकिन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने ढंडेरा को नगर पंचायत का दर्जा देकर सराहनीय कदम उठाया है। सरकार का यह फैंसला स्वागतयोग्य है, जिसने पूरे क्षेत्र को खुशी और एक बड़ी सौगात दे दी है। पूर्व सैनिक बलवंत सिंह रावत, नरेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि सरकार ने घोषणा में देर की है, लेकिन चलो देर से ही सही अब सरकार ने सही कदम तो उठाया है। ग्रामीण और क्षेत्रवासी सरकार के इस फैंसले का स्वागत करते हैं। नगर पंचायत बनने से पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल है। पूर्व सैनिक चंद्र दत्त पाण्डेय ने भी ढंडेरा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने पर खुशी जताई। कहा कि हरीश रावत सरकार के फैंसले के बाद से ग्रामीण इस तरफ नजरे टिकाए थे, देर से ही सही सरकार ने ग्रामीणों को ढंडेरा के नगर पंचायत बनाए जाने की सौगात दे दी है। उन्होने कहा कि इससे गांव के युवाओ को रोजगार मिलेगा, गांव का विकास बढ़ेगा। सबसे बड़ी ड्रेनेज की समस्या के समाधान की भी अब संभावनाए बढ़ गई हैं। चंद्र दत्त पांडेय ने कहा कि ढंडेरा नगर पंचायत बनाए जाने का प्रस्ताव कैबिनेट में पास होने के बाद से गांव में जश्न का माहौल है।

## ढंडेरा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने पर झूमे भाजपाई



रुड़की। ढडेरा को नगर पंचायत बनाए जाने से भाजपाई झूम उठे हैं। जगह-जगह भाजपाईयो ने मिठाई बांटकर कैबिनेट के फैंसले का जश्न मनाया। अशोक नगर बुचड़ी फाटक पर भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री सतीश नेगी के नेतृत्व में भाजपाईयो व स्थानीय लोगों ने मिठाई बांटकर ढंडेरा व 4 अन्य गांव को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने पर खुशी जाहिर की। सतीश नेगी ने कहा कि भाजपा विकास को तरजीह देती है। दावों में भाजपा विश्वास नहीं करती। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने ढंडेरा और 4 अन्य गांव को नगर पंचायत का दर्जा देकर यह साबित कर दिया है। सरकार के इस सराहनीय फैंसले से हर तरफ लोगों के चेहरे खिले हैं। हर कोई सरकार के फैंसले का स्वागत कर रहा है। देव सिंह सामंत शिवाजी कॉलोनी अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने ढंडेरा को नगर पंचायत का दर्जा देकर बेहद ही सराहनीय कदम उठाया है। इससे गांव में विकास और रोजगार दोनों को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर सुमन भारत बड़थ्वाल, गब्बर सिंह, दिगंबर सिंह नेगी, शिव सिंह रावत, किशन रावत, दीवान सिंह मेहता, सुदर्शन सिंह नेगी, गुरुप्रसाद डोभाल, राम सिंह भंडारी, संजय पाल, पंजाब सिंह, मनोज पाल, मातबर सिंह रावत आदि मौजुद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ढंढेरा के नगर पंचायत बनने पर बोले कांग्रेसी, घोषणा में कर दी देर

मदरलैंड संवाददाता, रूड़की। ढंडेरा को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास पाल, गौरक्षा विभाग प्रदेशाध्यक्ष देवेंद्र पाल ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता से जो उन्होंने वादा किया था वह पूरा किया और अब ढंडेरा का चैमुखी विकास होगा। वहीं कांग्रेस नेता उदय सिंह पुंडीर ने कहा की भाजपा सरकार ने नगर पंचायत की घोषणा में काफी देर कर दी है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के समय में ही ढंडेरा को नगर पंचायत बनाने का शासनादेश हो गया था। उत्तराखंड कैबिनेट ने बुधवार को ही बैठक में हरिद्वार जिले के 4 ग्रामों को नगर पंचायत का दर्जा दिया है जिसमें नारसन ब्लॉक क्षेत्र का सबसे बड़ा गांव ढंडेरा भी शामिल है। पीसीसी सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदय सिंह पुंडीर ने बताया कि 2016 में कांग्रेस के मुख्यमंत्री हरीश रावत ने ढंडेरा को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की घोषणा की थी लेकिन घोषणा अस्तित्व में नहीं आ पाई और प्रदेश में सरकार बदलने पर भाजपा सरकार ने उक्त मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया अब चुनाव को देखते हुए भाजपा को यह घोषणा करनी पड़ी है। इसके बाद 2017 में जब भाजपा की सरकार प्रदेश में आई तो रवि राणा ने नगर पंचायत की घोषणा करवाने के लिए प्रयास शुरू किए मामला कोर्ट तक भी गया वही पिछले दिनों कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने ढंडेरा को नगर पंचायत बनाने के लिए हरी झंडी दी। बुधवार को हुई केबिनेट की बैठक में हरिद्वार जिले में पांच नगर पंचायत घोषित की है। एक पाडली गुर्जर जिसमें पनियाला भी शामिल है। रामपुर ,इमलीखेड़ा और ढंढेरा का नाम शामिल है।

### 20 फरवरी तक निपटाएं कुभ के सभी कार्यः मेलाधिकारी

मदरलैंड संवाददाता, हरिद्वार। कुंभ को ध्यान में रखते हुए अस्थाई कार्यो की प्रगति समीक्षा के दौरान मेलाधिकारी दीपक रावत ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट से टेंटों के निर्माण के बारे में जानकारी हासिल की। मेलाधिकारी ने 20 फरवरी तक सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने नीलधारा में सेक्टर मजिस्ट्रेट का टेंट लगने, लेकिन पानी का कनेक्शन न होने की जानकारी दी। इस पर जल निगम के अधिशासी अभियंता मोहम्मद मीसम ने चंडीटापू के आइवेल से पानी मीडिया सेंटर तक पहुंचने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो दिन में सेक्टर मजिस्ट्रेट के टेंट में भी पेयजल आपूर्ति हो जाएगी। पंतद्वीप सेक्टर में बिजली-पानी न होने की जानकारी पर मेलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। लालजी वाला, कनखल, ज्वालापुर में सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस के लिए टेंट न लगने का कारण भी मेलाधिकारी ने अधिकारियों से पूछा। गौरी शंकर में पानी की आपूर्ति न होने पर जल निगम के अधिकारियों ने कनेक्शन कराने की जानकारी दी। बताया कि रोड़ीबेलवाला के 150 शौचालयों में पानी की आपूर्ति हो गई है। कश्यप घाट क्षेत्र में शौचालय में पानी न होने पर बताया गया कि इस पर काम चल रहा है। गौरीशंकर द्वीप में एक हजार शौचालय बनाने के लक्ष्य की जानकारी भी अधिकारियों ने दी। मेलाधिकारी ने गौरी शंकर और पंतद्वीप क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा की। मेलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों से पुलिस लाइन में पानी की आपूर्ति आदि व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों को सभी प्रमुख स्थानों पर 27 फरवरी तक मूत्रालय की व्यवस्था पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप मेलाधिकारी अंशुल सिंह, दयानंद सरस्वती, नोडल अधिकारी होमगाड्र्स डॉ. राहुल सचान, सीओ कमल सिंह समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत

मदरलैंड संवाददाता, मंगलौर। जिला सहारनपुर के देवबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नन्हेड़ा निवासी विजय साइकिल से मंगलौर गंगनहर पुल के पास से जा रहा था तभी अचानक से एक अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी, जिसके कारण विजय की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी सड़क दुर्घटना में मुरादनगर के गांव टियर निवासी हिना अपने पति सबिन के साथ मोटरसाइकिल से ऋषिकेश जा रही थी जब उनकी मोटरसाइकिल हरिद्वार दिल्ली बाईपास के लिए बनाए जा रहे अंड़रपास पर पहुंची तभी एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक पर बैठी हिना और उसका पति सड़क पर जा गिरे और ट्रक ने सड़क पर गिरी हिना को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे हिना की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की सरकारी अस्पताल में भेज दिया है। आरोपित वाहन चालक मौके से फरार हो गए हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि सड़क दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन चालकों की तलाश की जा रही है।

## कैडेटो ने रैली निकाल किया यातायात नियमों को जागरूक

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। आनन्द स्वरुप आर्य सरस्वती विद्या मन्दिर रुड़की के 84 बटालियन यूके एनसीसी कैडेटो ने दो दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत गुरूवार को दूसरे दिन जागरुकता रैली निकालकर जनजागरण किया एवं यातायात के नियमों की जानकारी दी। आनन्द स्वरुप आर्य सरस्वती विद्या मन्दिर के 35 जे.डी, जे.डब्लू एवं 35एस डीएसडब्लू. कैडेटो ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली मे बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इससे पूर्व कैडेटो ने संगोष्ठी, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता मे भी पूरे हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया। 84 उत्तराखण्ड बटालियन एनसीसी रूड़की के कमान अधिकारी कर्नल राजेन्द्र सिह ने कैडेटो को प्रेरित करते हुये कहा कि एनसीसी की युवा शक्ति के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों एवं राष्ट्रहित के कार्यो मे महत्वपूर्ण एवं आवश्यक परिवर्तन सम्भव किया जा सकता है। स्कूल, कॉलेज के छात्रों के साथ-साथ जनमानस को सड़क सुरक्षा का महत्व समझने, समझाने की अत्यंत आवश्यकता है। जिससे सभी लोग यातायात के नियमों का पालन करे और किसी भी परिस्थिति मे वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग न करे। एनसीसी के प्रत्येक कैडेट की ये जिम्मेदारी बनती है कि सामाजिक गतिविधियो एवं सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के माध्यम से भारत जैसे बडे देश मे सड़क दुर्घटनाओ को रोकने मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर सड़क दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाये एवं स्वयं भी इन नियमों का शत प्रतिशत पालन करें। जागरूकता रैली का शुभारम्भ करते हुये उप प्रधानाचार्य मोहन सिंह मटियानी एवं उप प्रधानाचार्य प्रशासन कलीराम भट्ट ने कहा कि वाहन निर्धारित गति सीमा पर चला कर हम अपने साथ-साथ दूसरों की भी जान बचा सकते है। साथ ही हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करके दुर्घटनाओ में होने वाली मृत्यु दर को भी कम किया जा सकता है। इस अवसर पर जसवीर पुंडीर, लेफ्टिनेंट विशाल शर्मा, टीओ नीरज नौटियाल, 84 बटालियन के सूबेदार वीरेन्द्र सिंह, हवलदार रंजीत, रविकपूर, गोपाल शर्मा, कैडेट हर्ष त्यागी, अनमोल, चादवीर, नितिन, आदित्य, आर्यन, लव, लक्ष्मी रावत, एलिस, आयुषि, चार्ली, विधि, वंशिका मौजुद रहे।

## एएसडीएम ने लिया ढंडेरा में जलभराव की समस्या का जायजा

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। एएसडीएम आईएएस पूरण सिंह ने गुरूवार को ढंडेरा पहुंच गांव में जलभराव की समस्या का जायजा लिया। कांग्रेस नेताओ ने एएसडीएम को समस्या बताते हुए जल्द इसके निदान की मांग की। कांग्रेस पीसीसी सदस्य ठाकुर उदय सिंह पुंडीर और अन्य ग्रामीणों की मांग पर दोपहर में एएसडीएम आईएएस पूरण सिंह ढंडेरा पहुंचे। यहां कांग्रेस पीसीसी सदस्य ठाकुर उदय सिंह पुंडीर, प्रदेश प्रवक्ता श्रीगोपाल नारसन, किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव अनिल पुंडीर, उदय सिंह पुंडीर व किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष देवेश शर्मा ने मिलापनगर व मिशन रोड़ पर घरों के बाहर सड़क पर बह रहे घरों के गंदे पानी को लेकर नाराजगी जताई। तमाम कांग्रेसियो ने एएसडीएम को लक्सर रोड़ व मिलापनगर की गलियों में घुमाकर जल्द जलभराव की समस्या के निदान की मांग की। निरीक्षण के बाद एएसडीएम ने कांग्रेस नेताओ को जल्द समस्या का समाधान कराने का भरोसा दिलाया। बता दें कि मिलापगनर में सड़कें बिन बरसात तालाब बनी हैं। तमाम सड़कों पर घरों का गंदा पानी बह रहा है, जिस कारण ग्रामीणों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। शिवालिक पब्लिक स्कूल से लेकर योगेश्वर पब्लिक स्कूल तक मिशन रोड़ का भी यही हाल है। 5 दिन पूर्व ढंडेरा पहुंचे सीएम हरीश रावत के सामने भी मिलापनगर व गांव के अन्य लोगों ने इस समस्या को उठाया था। नाराज ग्रामीणों ने इसके विरोध में स्थानीय विधायक व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन भी किया था। जिसके बाद से कांग्रेसी सड़कों और जलभराव की समस्या को लेकर सड़क पर बने हैं। पीसीसी सदस्य ठाकुर उदय सिंह पुंडीर का कहना है कि स्थानीय विधायक क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नहीं करा पा रहे हैं। पूरे क्षेत्र के लोग नरक का जीवन जी रहे हैं। सड़के बदहाल है, जल निकासी की कोई सुविधा नहीं है। क्षेत्र में बरोजगारी लगातार बढ़ रही है।

## संदीप कश्यप समेत कई ने ली कांग्रेस की सदस्यता



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। बाजुहेड़ी निवासी पत्रकार एवं समाजसेवी संदीप कश्यप ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। उनके नेतृत्व में कई ग्रामीणों ने कांग्रेस का दामन थामा। विधायक फुरकान अहमद ने संदीप व उनके साथियों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस दौरान विधायक ने कहा कि पूरे देश में आज भाजपा के खिलाफ आक्रोश है। मोदी सरकार ने महंगाई से आम आदमी की कमर तोड़ दी है। रसोई गैस, डीजल, पैट्रोल के दाम दिन आसमान छू रहे हैं। काले कृषि कानूनों को लेकर आज देश का किसान सड़क पर है। विधायक ने कहा कि भाजपा और मोदी सरकार पूरी तरह से किसान, मजदूर को मिटाने में लगी है। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वाले संदीप कश्यप ने कहा कि भाजपा ने युवाओ, मध्यमवर्ग को ठगने का काम किया है। आज हर कोई महंगाई की मार और मोदी सरकार के झूठे वादों से परेशान है। लोग अब भाजपा को छोड़कर कांग्रेस की तरफ बढ़ रहे हैं। कहा कि देश और प्रदेश में आने वाला समय कांग्रेस का है। इस अवसर पर नाजिम प्रमुख, कुलदीप कश्यप, राजकुमार बाजुहेड़ी, सौरभ सैनी मेहवड़, संदीप भगत आदि मौजुद रहे।

## बारातियो से भरी बस के हुए ब्रेक फेल

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। सहारनपुर के मोहल्ला नूर बस्ती निवासी इरशाद के पुत्र फिरोज की बरात मंगलौर के मोहल्ला लाल बड़ा निवासी नदीम की बहन को ब्याहने के लिए आ रही थी। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे सहारनपुर से झबरेड़ा होकर चली बारातियों से भरी बस गदर जुड़ा में अचानक से ब्रेक फेल होने विद्युत पोल से टकरा गई। सड़क किनारे एक मिस्त्री की दुकान के बाहर खड़े कई वाहनों को भी टक्कर मा दी। बस गहरे गड्ढे में जा गिरी। बस के अचानक से अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरने से बारातियों में हाहाकार मच गया साथ ही आसपास दुकानदारों और राहगीरों में भी अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद बस में बैठी सवारियों को बाहर निकाला। बस में सवार आस मोहम्मद तरन्नुम कयूम अब्बास सना आदि करीब आधा दर्जन बारातियों को हल्की चोट आई। जिन्हें गांव में ही उपचार दिलाया गया। बिजली के हाईटेंशन खंबे के टूटने से एक बड़ा हादसा होने से भी टल गया। अवर अभियंता सौरभ भाटी का कहना है कि यदि हाईटेंशन लाइन का तार बस पर गिर जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## कृषि कानूनों के विरोध में किसानों ने किए ट्रेनों के पहिए जाम

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। तीन कृषि कानून के विरोध में भारतीय किसान यूनियन, उत्तराखंड किसान मोर्चा, अखिल भारतीय किसान यूनियन और किसान कामगार मोर्चा की ओर से रुड़की रेलवे स्टेशन पर धरना दिया गया। जब किसान रेलवे ट्रैक की ओर बढ़ रहे थे तभी पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस बात को लेकर किसानों व पुलिसकर्मियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। किसी तरह से पुलिस अधिकारियों ने किसानों को मनाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने इसके बाद किसान एक नंबर प्लेटफार्म पर पहुंचे और रेलवे ट्रैक पर पहुंचकर धरना शुरू कर दिया। इस मौके पर उत्तराखंड किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड ने कहा कि सरकार किसानों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। तीनों कृषि कानून का पूरे देश में विरोध हो रहा है। इसके बावजूद सरकार कानून वापस नहीं ले रही है। सरकार को चाहिए कि तत्काल कानून वापस ले। भाकियू के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष संजय चैधरी ने कहा कि किसान अब किसी भी सूरत में कदम वापस नहीं खींचेंगे। सरकार को यह कानून वापस लेना होगा। इस मौके पर किसान मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह भाटी, रवि चैधरी, कार सिंह आदि मौजूद रहे। करीब घंटा भर रेलवे ट्रैक पर रहने के बाद किसानों ने नायब तहसीलदार को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन दिया। इस दौरान एसपी देहात परमिंदर डोभाल एसपी जीआरपी मनोज आदि मौजूद रहे।

## आईआईटी में खुला ड्रोन रिसर्च सेंटर, आपदा की देगा जानकारी

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। आइआइटी रुड़की में ड्रोन रिसर्च सेंटर खोला गया है। इस सेंटर का फसलों की वास्तविक स्थिति एवं आपदा की सही वजह का पता लगाने आदि कार्यों में अहम योगदान रहेगा। इसके अलावा छात्रों को स्टार्ट अप शुरू करने में भी ड्रोन रिसर्च सेंटर मदद करेगा। आइआइटी रुड़की के 1994 बैच के पूर्व छात्रों की पहल पर संस्थान में ड्रोन रिसर्च सेंटर खोला गया है। ड्रोन रिसर्च सेंटर के बारे में जानकारी देने के लिए गुरुवार को संस्थान में आयोजित प्रेसवार्ता में निदेशक प्रोफेसर अजीत कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि संस्थान में ड्रोन रिसर्च खोलना 1994 बैच के छात्रों का विचार था। उन्होंने बताया कि संस्थान के पूर्व छात्रों की ओर से काफी मंथन के बाद ड्रोन रिसर्च सेंटर खोलने पर सहमति बनी। पूर्व-छात्र संस्थान में कोई ऐसा सेंटर खोलना चाहते थे, जो सीमित अवधि तक नहीं, बल्कि लंबे समय तक समाज के लिए काम करें। जिसके बाद ड्रोन रिसर्च सेंटर खोलने का निर्णय लिया गया। निदेशक ने बताया कि कृषि, रेलवे, आपदा आदि क्षेत्रों में ड्रोन रिसर्च सेंटर अपनी अहम भूमिका निभाएगा। जिन जगहों पर मैनुअली जाना संभव नहीं होता है वहां से ड्रोन टॉप व्यू उपलब्ध करवाएगा। आइजी अमित सिन्हा ने कहा कि आइआइटी रुड़की में खोला गया ड्रोन रिसर्च सेंटर मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र और आपदा को ध्यान में रखते हुए ही इस सेंटर की शुरूआत की गई है। सेंटर में नए-नए रिसर्च होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा मैन्युफैक्चरिंग का कार्य भी होगा। उन्होंने बताया कि चमोली में आई आपदा में ऋषि गंगा में सर्च और रेस्क्यू में ड्रोन ने अहम भूमिका निभाई है। पूर्व छात्र अनीश रखेजा ने कहा कि ड्रोन रिसर्च सेंटर खुलने से आत्मनिर्भर भारत की तरफ भी कदम बढ़ेगा। प्रेसवार्ता से पूर्व आइजी अमित सिन्हा ने लैब का भी निरीक्षण किया। वहीं वर्चुअल कार्यक्रम में इस सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर डॉ. बीआर गुर्जर, डॉ. धर्मेंद्र सिंह और पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

## अब अतिक्रमण पर चलेगा डंडा

**मदरलैंड संवाददाता, मंगलौर।** नगर पालिका परिषद में चकबंदी अधिकारी, नगर पालिका व तहसील कर्मचारियों के बीच बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में नगर पालिका ईओ नंदन कुमार, चेयरमैन हाजी दिलशाद अली आदि मौजूद रहे। बैठक में तय हुआ कि क्षेत्र में मौजूद तालाब और अन्य सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है नगर पालिका की संपत्ति को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने को लेकर एक टीम का गठन किया गया। इसमें चकबंदी सीओ अनिल कुमार और सहायक चकबंदी अधिकारी महेंद्र सिंह चकबंदी कानून को इकबाल अली के अलावा मंगल और नगर पालिका अवर अभियंता गुरदयाल सिंह और सफाई निरीक्षक आदेश कुमार को शामिल किया गया। टीम को निर्देशित किया गया कि वह एक माह मे कस्बे में किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर उसकी रिपोर्ट तैयार करेंगे। एक माह में तालाबों व अन्य सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को चिन्हित कर अपनी रिपोर्ट नगरपालिका को प्रेषित करेंगे। अधिशासी अधिकारी नंदन कुमार ने बताया कि सरकारी भूमि के चिन्हित होने के बाद उन्हें कब्जा मुक्त कराए जाने के लिए कार्रवाई की जाएगी बैठक में चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ शमशाद वसीम इकरामुल हक फारूकी मोहम्मद सफी एहसान खुर्शीद आदि सभासद मौजूद रहे।

# यश बैंक ने एफडी की ब्याज दरों में किया बदलाव




**मुंबई ।** निजी क्षेत्र के यस बैंक ने फिक्स्ड डिपोजिट पर मिलने वाली ब्याज दरों को रिवाइज किया है। बैंक वरिष्ठ नागरिकों को 4 फीसदी से लेकर 7.5 फीसदी तक ब्याज दर ऑफर कर रहा है। यह ब्याज दर सामान्य लोगों के लिए 2 करोड़ रुपए से कम की एफडी के लिए है। यह बदलाव बैंक के सभी टर्म डिपोजिट्स पर 8 फरवरी, 2021 से प्रभावी हो गया है। बता दें कि यस बैंक अपने सभी ग्राहकों को शॉर्ट टर्म में न्यूनतम 7 दिनों से लेकर लांग टर्म में 10 साल तक के लिए फिक्स्ड डिपोजिट की सुविधा देता है। कोरोना महामारी के चलते बैंक में जमा राशि पर मिलने वाली ब्याज दर में पिछले कुछ समय में काफी गिरावट आई है। यश बैंक के रिवाइज्ड एफडी ब्याज दर के मुताबिक बैंक नियमित ग्राहकों को 7 दिनों से 14 दिन के अंदर मैच्योर होने वाले एफडी पर 3.5 प्रतिशत ब्याज दर ऑफर कर रही है। वहीं ग्राहको को 15 दिन से 45 दिन के एफडी पर 4 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। 46 से 90 दिनों में मैच्योर होने वाले एफडी पर 4.50 प्रतिशत और 3 महीने से लेकर 6 महीने के फिक्स्ड डिपोजिट पर 5 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा। वहीं बैंक 6 महीने से लेकर 9 महीने के अंदर मैच्योर होने वाले फिक्स्ड डिपोजिट पर 5.50 प्रतिशत, 9 महीने से 1 साल के अंदर के एफडी पर 5.75 प्रतिशत और 1 साल से 2 साल के कम समय के एफडी पर 6.25 प्रतिशत ब्याज देगी। इसके साथ ही कस्टमर्स को 2 साल से 3 साल के मिड टर्म एफडी पर 6.50 प्रतिशत और 3 साल से 10 साल में मैच्योर होने वाले फिक्स्ड डिपोजिट पर 6.75 प्रतिशत की सालाना दर से ब्याज मिलेगा। 3 साल से कम समय की एफडी पर वरिष्ठ नागरिकों को 0.5 प्रतिशत अधिक ब्याज मिलेगा। वहीं 3 साल से ऊपर के एडी पर 0.75 प्रतिशत अधिक ब्याज मिलेगा यानी 7 से 14 दिन के एफडी पर सीनियर सिटीजंस को 4 प्रतिशत तो 10 साल के एफडी पर 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा।

# एलएंडटी को 2,500 करोड़ का ठेका मिला




**नई दिल्ली ।** अवसंरचना कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने कहा कि उसकी निर्माण शाखा को कुडनकुलम परमाणु बिजली परियोजना की दो इकाइयों के निर्माण के लिए 2,500 करोड़ रुपए तक का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि एलएंडटी की निर्माण शाखा को भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) से परमाणु क्षेत्र में एक उल्लेखनीय ठेका मिला है, जो कुडनकुलम 5 और 6 इकाइयों के निर्माण कार्यों से संबंधित है। कंपनी ने ठेकों की कीमत के बारे में नहीं बताया, लेकिन कहा कि ये ठेके उल्लेखनीय श्रेणी के हैं यानी इसकी कीमत 1,000 करोड़ रुपये से 2,500 करोड़ रुपये के बीच है।

## संक्षिप्त समाचार

### इस साल भारतीय कंपनियां बढ़ा सकती हैं 7.3 प्रतिशत वेतनः सर्वेक्षण

नई दिल्ली । महामारी के बाद कारोबारी गतिविधियों में उम्मीद से अधिक तेजी से सुधार और उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ने के चलते भारतीय कंपनियां इस साल वेतन औसतन 7.3 प्रतिशत बढ़ा सकती हैं । एक सर्वेक्षण में पाया गया कि इस साल वेतन में औसत बढ़ोतरी 2020 के 4.4 प्रतिशत से अधिक, लेकिन 2019 के 8.6 प्रतिशत से कम रहेगी । इस साल सर्वेक्षण में शामिल होने वाली 92 प्रतिशत कंपनियों ने वेतन बढ़ोतरी की बात कही, जबकि पिछले साल सिर्फ 60 प्रतिशत ने ऐसा कहा था । सर्वेक्षण दिसंबर 2020 में शुरू हुआ और इसमें सात क्षेत्रों तथा 25 उप क्षेत्रों की करीब 400 कंपनियां शामिल हुईं । आर्थिक गतिविधियों में उम्मीद से अधिक तेजी से सुधार, उपभोक्ता विश्वास में बढ़ोतरी तथा बेहतर मार्जिन के चलते कंपनियों ने वेतन बढ़ोतरी के लिए अपने बजट को बढ़ाया है । नतीजों के मुताबिक 20 प्रतिशत कंपनियों ने इस साल दो अंकों में वेतन बढ़ोतरी की योजना बनाई है, जबकि 2020 में यह आंकड़ा सिर्फ 12 प्रतिशत था । सर्वेक्षण के मुताबिक जिन कंपनियों ने पिछले साल वेतन बढ़ोतरी नहीं की थी, उनमें से एक–तिहाई इस साल अधिक बढ़ोतरी या बोनस के रूप में उसकी भरपाई करने की तैयारी कर रही हैं ।

### भारत अगले वित्त वर्ष में तेज वृद्धि करने वाली उभरती अर्थव्यवस्थाओं में होगाः एसएंडपी

नई दिल्ली । क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने कहा कि भारत अगले वित्त वर्ष में 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा पर रेटिंग एजेंसी ने यह भी कहा कि भारत की वित्तीय साख की आगे की रेटिंग राजकोषीय घाटे में कमी तथा कर्ज के बोझ पर निर्भर करेगी । एसएंडपी के निदेशक एंड्रयू वुड ने कहा कि 2021 में भारत के बारे में पूर्वानुमान पहले से मजबूत है । यह दशार्ता है कि पिछले साल ठप हो गई कई आर्थिक गतिविधियां फिर सामान्य होने लगी हैं । इससे वृद्धि की संभावनाएं बेहतर हुई हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था की आधारभूत शक्तियां उभर कर सामने आई हैं । उन्होंने कहा कि भारत उभरते बाजारों में सबसे तेजी से वृद्धि करती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा । भारत की इस साल की गिरावट काफी तेज थी और संभवतः वैश्विक औसत से अधिक थी, लेकिन हम अगले वित्त वर्ष में 10 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर के साथ वापसी की उम्मीद कर रहे हैं । इससे भारत 2021 में पुनः सबसे तेजी से वृद्धि करती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन जाएगा । सबसे अधिक महत्वपूर्ण है कि मध्यम अवधि में भारत की वृद्धि दर छह प्रतिशत या इससे कुछ अधिक रहने का अनुमान व्यक्त कर रहे हैं । यह दुनिया भर के उभरते बाजारों की तुलना में बेहतर है ।

### मामूली बढ़त के साथ खुले बाजार

मुंबई । वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बावजूद इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एसबीआई जैसे शेयरों में तेजी के चलते गुरुवार को शुरूआती कारोबार के दौरान प्रमुख शेयर सूचकांकों में बढ़त देखने को मिली, जबकि ओएनजीसी के शेयर में भी उछाल आया । इस दौरान 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 61.08 अंक की तेजी के साथ 51,764.91 पर कारोबार कर रहा था । इसी तरह व्यापक एनएसई निफ्टी 18.20 अंक बढ़कर 15,227.10 पर पहुंच गया । सेंसेक्स में सबसे अधिक तीन प्रतिशत की तेजी ओएनजीसी में रही । इसके अलावा टेक महिंद्रा, एसबीआई, इंफोसिस, एचसीएल टेक और एशियन पेंट्स में भी बढ़त के साथ कारोबार हो रहा था । दूसरी तरफ एमएंडएम, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और कोटक बैंक लाल निशान में थे । पिछले सत्र में सेंसेक्स 400.34 अंक की गिरावट के साथ 51,703.83 पर बंद हुआ । व्यापक एनएसई निफ्टी 104.55 अंक की गिरावट के साथ 15,208.90 पर बंद हुआ था ।

### डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे टूटा

मुंबई । घरेलू शेयर बाजार में धीमी शुरूआत के बीच रुपया गुरुवार को शुरूआती कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन पैसे टूटकर 72.77 के स्तर पर आ गया । अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में घरेलू इकाई अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 72.76 पर खुला, फिर गिरावट के साथ 72.77 के स्तर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की गिरावट को दशार्ता है । रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 72.74 पर बंद हुआ था । सुबह के कारोबार के दौरान एशियाई मुद्राओं में गिरावट देखने को मिली । इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत गिरकर 90.93 पर था ।

# हीरो मोटोकार्प 2022 में 1,000 करोड़ खर्च करेगी

**नई दिल्ली ।** वर्तमान में बड़ी खर्च कटौती के बाद भारती की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी हीरो मोटोकार्प अब अपनी क्षमता विस्तार करने पर जोर दे रही है। कंपनी की वित्त वर्ष 2022 में क्षमता विस्तार पर 800-1,000 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना है। कंपनी हाल के महीनों में आई उम्मीद से बेहतर रिकवरी को दोखते हुए ये कदम उठा रही है। अप्रेल-जुलाई अवधि में कंपनी हर महीनें औसतन 2.61 लाख यूनिट की बिक्री करती रही है। लेकिन सितंबर-जनवरी की अवधि में कंपनी की बिक्री प्रति महीने 5.91 यूनिट के आंकड़े पर पहुंच गई है। अगर बाजार में मांग और बढ़ती दिखती है तो कंपनी क्षमता विस्तार पर और खर्च करने को तैयार है। गौरतलब है कि कोविड के कारण आई मंदी को देखते हुए कंपनी ने वर्तमान साल के लिए अपनी कैपेक्स योजना में कंपनी ने कटौती कर दी थी।

# बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी के चंडीगढ़ संस्करण का समाप्न



**चंडीगढ़ ।** बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी 2021 के चंडीगढ़ संस्करण का समापन किया। सफारी को चंडीगढ़ के कृष्णा ऑटोमोबाइल्स से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। चार दिन और 1600 किलोमीटर लम्बी बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी में राइडर्स ने चंडीगढ़ से बीकानेर तक के सफर को भारतीय थार रेगिस्तान के इलाके और ट्रेल्स में राइडिंग का अनुभव करते तय किया। प्रतिभागियों ने इस सफारी का सबसे ज्यादा लुफ्त उठाया, चंडीगढ़, बीकानेर, खिमसर और मंडावा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में टारमैक, बजरी, और रेत के टीलों पर अपने राइडिंग कौशल को और अधिक निखारते हुए। बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी एडवेंचर के दीवानों के लिए एक टूर-बेस्ड कॉन्सेप्ट है। यह न सिर्फ जबर्दस्त मनोरंजन का वादा करता है बल्कि प्रतिभागियों को नए राइडिंग कौशल सीखने में मदद करता है। यह राइडिंग की आजादी का जश्न मनाता है और एक जैसी सोच एवं रुचियों वाले लोगों के साथ नए स्थानों को एक्स्प्लोर करता है। यह खूबसूरत इलाकों, लाजवाब मोड़ और यहां तक कि लंबे राजमार्गों का अनुभव करने का अवसर है।

# डोडला डेयरी ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दोबारा किया आवेदन

**नई दिल्ली ।** दक्षिण भारत स्थित डेयरी कंपनी डोडला डेयरी ने 800 करोड़ रुपए का आईपीओ लॉन्च करने के लिए भारतीय बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस जमा कराया है। यह दूसरी बार है जब कंपनी ने अपने आइपीओ के लिए आवेदन किया है। इससे पहले डोडला ने 500 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए 2018 में आवेदन किया था, लेकिन कंपनी को सफलता नहीं मिली थी। जानकारी के मुताबिक इस आईपीओ के लिए कंपनी 50 करोड़ रुपए के फ्रेश शेयर जारी करेगी और कंपनी के प्रमोटर और इंवेस्टर ऑफर फॉर सेल के जरिये 1,00,85,444 इक्विटी शेयर जारी करेंगे। डोडला डेयरी ने इस आईपीओ के लिए आईसीआईसीआई सिक्यूरिटी और एक्सिस कैपिटल को अपना लीड मैनेजर नियुक्त किया है। कंपनी इस आईपीओ में जारी फ्रेश इश्यू के जरिये जुटाये गए फंड्स का इस्तेमाल अपना कर्ज उतारने के साथ कैपिटल एक्सपेंडिचर की जरूरतों को पूरा करने में करेगी।

# बिटकॉइन 52000 डॉलर के पार

**मुंबई ।** बिटकॉइन इस वक्त दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल करंसी है। इसका बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 900 अरब डॉलर हो चुका है। इस बीच विश्लेषकों ने कीमतों की स्थिरता को लेकर चेतावनी जारी की है। क्रिप्टोकरंसी बिटकॉइन की कीमत नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई है। बुधवार को बिटकॉइन का भाव 52000 डॉलर के पार चला गया। एक दिन पहले ही बिटकॉइन पहली बार 50000 डॉलर के पार गया था। बुधवार को इसने 52,577.50 डॉलर के स्तर को छू लिया, हालांकि बाद में यह 6.3 फीसदी की तेजी के साथ 52233 डॉलर पर बंद हुआ। इस बीच विश्लेषकों ने कीमतों की स्थिरता को लेकर चेतावनी जारी की है। बिटकॉइन की कीमत पिछले साल मार्च से अब तक 8 गुना हो चुकी है। इसकी मार्केट वैल्यू सितंबर 2020 से अब तक 700 अरब डॉलर से ज्यादा बढ़ चुकी है। पिछले तीन महीने में ही बिटकॉइन का दाम करीब 200 प्रतिशत चढ़ा है। देखा जाए तो सिर्फ इस साल में ही बिटकॉइन ने 70 फीसदी से भी अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की है। बिटकॉइन इस समय दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल करंसी है। इसका मार्केट कैप 900 अरब डॉलर हो चुका है। बिटकॉइन की कीमतों में आ रही इस तेजी की वजह दिग्गज निवेशकों और कंपनियों जैसे टेस्ला, मास्टरकार्ड की ओर से इस क्रिप्टोकरंसी को दिया गया समर्थन है।

# कोटक प्राइम ने पुलिसकर्मियों को निशुल्क रक्षात्मक एवं हाइजीन किट्स प्रदान कीं

» **मदरलैंड संवाददाता**

चंडीगढ़। कोविड-19 से मुकाबले में अग्रिम मोर्चे पर बहादुरी से काम कर रहे पुलिस कर्मियों की सुरक्षा व सेहत हेतु सहयोग देने के लिए कोटक महिन्द्रा प्राइम लिमिटेड (कोटक प्राइम) ने 'प्रोटेक्ट द प्रोटेक्टर' प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की है। कोटक महिन्द्रा प्राइम, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड की सहायक कंपनी है जो कार एवं दोपहिया वाहन फाइनेंस का कारोबार करती है। कोविड-19 रिलीफ प्रोग्राम के तहत कोटक प्राइम पुलिस कर्मियों की सुरक्षा एवं सेहत के लिए पूरे भारत में रक्षात्मक व हाइजीन किट्स प्रदान कर रही है। कोटक प्राइम पीपीई किट्स, मास्क, दस्ताने, सैनिटाइजर, फेस शील्ड, स्नीज शील्ड/ पैनल व अन्य प्रोटेक्टिव गियर/ उपकरण प्रदान कर रही है जो अग्रिम मोर्चे पर कार्यरत पुलिसकर्मियों और पुलिस स्टेशनों पर कार्यरत अन्य स्टाफ को सुरक्षित रखने में सहायक होंगे। कोटक प्राइम कोविड-19 संक्रमण का पता लगाने वाले जरूरी टूल्स व किट भी पुलिसकर्मियों को मुहैया करा रही है। कोटक प्राइम के प्रबंध निदेशक व्योमेश कपासी ने कहा, ''पूरे देश में पुलिसकर्मी लॉकडाउन के समय से ही जनता की सुरक्षा व कल्याण के लिए अथक कार्य करते आ रहे हैं। कानून-व्यवस्था कायम रखने के अलावा वे लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग प्रोटोकॉल, मास्क पहनने आदि जैसे नियमों के पालन हेतु प्रोत्साहित भी कर रहे हैं। टैस्टिंग व क्वारनटाईन सुविधाओं के संचालन में भी उनकी सेवाओं की जरूरत पड़ती है। अपने काम की वजह से उन्हें वायरस संक्रमण का जोखिम ज्यादा रहता है। हमारे प्रोटेक्ट द प्रोटेक्टर प्रोग्राम के जरिए हमारा प्रयास है देश भर के लाखों पुलिस कर्मियों को सुरक्षा देना और उनके कर्तव्य पालन में उनकी मदद करना।''

# एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार

**मुंबई ।** एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार देखने को मिल रहा है। फिलहाल एसजीएक्स निफटी 55 अंक ऊपर दिख रहा है। वहीं निक्केई करीब 0.18 फीसदी तेजी के साथ 30,345 के आसपास दिख रहा है। हालांकि स्ट्रेट टाइम्स में भी 0.12 फीसदी की कमजोरी नजर आ रही है। वहीं ताइवान का बाजार 0.47 फीसदी की बढ़त के साथ 16,438.77 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि हैंगसेंग 0.35 फीसदी की कमजोरी के साथ 30,977.05 के स्तर पर नजर आ रहा है।

# कोटक का 'Unbelievably Low' होम लोन ब्याज दर कैम्पेन चंडीगढ़ में चालू

## ब्याज दरें 6.75 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू-घर खरीदने का नंबर एक कारण

» **मदरलैंड संवाददाता**

Home Loans | kotak Kotak Mahindra Bank

चंडीगढ़। कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड (कोटक) ने आज चंडीगढ़, में मल्टी-मीडिया कैम्पेन लांच की घोषणा की। यह कैम्पेन अनबलीवबली लौ होम लोन ब्याज दर 6.75' प्रतिशत प्रति वर्ष पर केन्द्रित है। यह कैम्पेन घर खरीदने के नंबर एक कारण पर फोकस कर रहा है जो है कोटक द्वारा पेश की जा रही - ये दरें 6.75' प्रतिशत प्रति वर्ष से आरंभ होती हैं। भारतीय होम लोन मार्केट में यह सबसे कम दरों में शामिल है। कोविड-19 महामारी ने लोगों को यह ऐहसास कराया है कि उन्हें बड़े और आरामदेह घर की जरूरत है। चूंकी हर कोई घर पर ही है इसलिए परिवार के प्रत्येक सदस्य को अपना खुद का अलग स्पेस चाहिए। होम लोन की दरें पिछले कई सालों में सबसे नीचे हैं, ऐसे में लोगों की घर खरीदने की इच्छा हकीकत बन सकती है। ऐलिजाबेथ वेंकटरमन, जॉइंट प्रेसिडेंट-कंज्यूमर, कमर्शियल एंड वैल्थ मार्केटिंग, कोटक महिन्द्रा बैंक ने कहा, ''अपने सपनों के घर का मालिक बनने का गौरव और आनंद बेशक बेमिसाल अनुभव होता है। हालांकि बहुतों के लिए यह संभव नहीं हो पाता। लेकिन अब कोटक होम लोन्स की अविश्वसनीय पेशकश के साथ महज 6.75' प्रतिशत सालाना की दर से यह सपना सच किया जा सकता है। इन दिनों अपना घर खरीदने के कई कारण हैं, लेकिन नंबर एक कारण 6.75' प्रतिशत की ब्याज दर है।'' इस मल्टी-मीडिया कैम्पेन में शामिल हैं- अभिनव होर्डिंग्स की सिरीज जिन्हें विभिन्न शहरों में विविध भाषाओं में लगाया जाएगा, साथ में तीन वीडियोज की एक श्रंखला भी सोशल व डिजिटल प्लैटफॉर्म पे चलाई जाएगी और रेडियो पर भी प्रचार किया जाएगा। कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड (कोटक) द्वारा घोषित 6.75' प्रतिशत प्रतिवर्ष की होम लोन ब्याज दरें 1 नवंबर, 2020 से प्रभावी हो चुकी हैं।

# रेडमी नोट 10 सीरीज होगी 10 मार्च को लॉन्च



**नई दिल्ली ।** चाइनीज कंपनी का प्रोडक्ट स्मार्टफोन रेडमी नोट 10 सीरीज को मार्च की शुरूआत में लॉन्च किया जाएगा। यह जानकारी शाओमी इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और ग्लोबल वीपी मनु कुमार जैन ने ट्विटर पर दी थी। ऐमजॉन इंडिया पर एक लीक लिस्टिंग से खुलासा हुआ है कि रेडमी नोट 10 सीरीज को भारत में 10 मार्च को लॉन्च किया जाएगा। लीक से पता चलता है कि सीरीज को चार वेरियंट में लॉन्च किया जाएगा। इनमें रेडमी नोट 10 5जी, रेडमी नोट 10 4जी, रेडमी नोट 10 प्रो 5जी और रेडमी नोट 10 प्रो का 4जी वेरियंट शामिल है। फिलहाल लीक में आई जानकारी पर पूरी तरह भरोसा नहीं किया जा सकता। लेकिन रेडमी नोट 10 सीरीज को मार्च में लॉन्च करने की जानकारी 10 फरवरी को दी गई थी। इस लिहाज से देखें तो रेडमी नोट 10 को मार्च की 10 तारीख को लॉन्च किया जा सकता है। उम्मीद है कि कंपनी जल्द ही नई सीरीज की लॉन्च डेट का ऐलान करेगी। शाओमी ने पहले ही यह पुष्टि कर दी है कि रेडमी नोट 10 सीरीज को ई-कॉमर्स वेबसाइट ऐमजॉन इंडिया पर उपलब्ध कराया जाएगा। लॉन्च के कुछ दिनों बाद इन हैंडसेट्स को ऑफलाइन और दूसरे प्लैटफॉर्म पर भी उपलब्ध कराया जा सकता है रेडमी नोट 10 सीरीज में कंपनी की पिछली रेडमी नोट 9 सीरीज के अपग्रेडेड स्मार्टफोन्स लॉन्च किए जाएंगे। नई सीरीज में डिजाइन और स्पेसिफिकेशन्स के मामले में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। खबरों के मुताबिक नोट 9 सीरीज के मुकाबले नोट 10 की कीमत भी ज्यादा हो सकती है।

# भूमि पेडणेकर और यूनेस्को ने व्हिस्पर के 'कीपगर्ल्सइनस्कूल' मिशन से जुड़े लड़कियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए जारी है साझा कोशिश

» **मदरलैंड संवाददाता**

अंबाला। महिलाओं की सेहत की देखभाल से संबंधित मशहूर भारतीय ब्राण्ड व्हिस्पर ने अब यूनेस्को के साथ एक अनूठी साझेदारी की है ताकि उसके द्वारा शुरू किये गये विशेष कार्यक्रम 'कीपगर्ल्सइनस्कूल' के तहत पीरियड्स के दौरान स्वच्छता के प्रबंधन को और असरदार ढंग से अभियान के तौर पर चलाया जा सके। हर साल पीरियड्स संबंधित शिक्षा एवं सुरक्षा के अभाव में 2.3 करोड़ लड़कियां बीच में ही स्कूल जाना छोड़ देती हैं जिसके चलते 2.3 करोड़ सपने अधूरे रह जाते हैं। उल्लेखनीय है कि ये साझा अभियान ऐसे ही लड़कियों में छुपी संभावनाओं को पंख देने और उनके सपनों को साकार करने के लिए शुरू किया गया है। लड़कियों के सशक्तिकरण में यकीन करनेवाली अभिनेत्री भूमि पेडणेकर पीरियड्स संबंधी स्वच्छता को देश की प्राथमिकता बनाने के लिए अब भी इस अभियान का पूरा समर्थन कर रही हैं। विभिन्न तरह के शोध से पता चलता है कि 71% नाबालिग लड़कियां पहली बार पीरियड होने तक पीरियड्स संबंधी बातों से पूरी तरह से अनजान रहती हैं। ऐसे में कम उम्र में ही इस तरह की लड़कियों का आत्मविश्वास डगमगा जाता है और हर साल पीरियड्स की दहलीज पर खड़ी 2.3 करोड़ लड़कियां बीच में ही स्कूल जाना छोड़ देती हैं। इतना ही नहीं, कोरोना महामारी के चलते स्कूल भी बंद थे और व्यवस्थित तरीके से पढ़ाई भी नहीं हो पा रही थी। ऐसे में इन लड़कियों की मुसीबतें पहले से कई गुना और बढ़ गईं थीं और इसके चलते पहले से और अधिक लड़कियों ने स्कूल जाना बंद कर दिया। यूनेस्को के मुताबिक, दुनिया भर में फैली



कोरोना महामारी ने तकरीबन 74 करोड़ लड़कियों को नकारात्मक ढंग से प्रभावित किया है और ऐसे में अब उनके स्कूल वापस लौटने को लेकर बड़ी आशंका जताई जा रही है. व्हिस्पर और यूनेस्को का मानना है कि जब लड़कियों को शिक्षित किया जाता है तो ऐसे में वे अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने में खुद को सक्षम पाती हैं। इतना ही नहीं, देखा गया है कि लड़कियां शिक्षा हासिल कर सशक्त महिला के तौर पर दुनिया में अपना सकारात्मक योगदान भी देती हैं। पिछले साल व्हिस्पर ने 'कीपगर्ल्सइनस्कूल' नामक अभियान की शुरूआत की थी. उल्लेखनीय है कि इस अभियान को हर वर्ग का समर्थन हासिल हुआ था जिससे 40 लाख स्कूली लड़कियों को लाभ पहुंचा और इस अभियान के तहत देशभर के तकरीबन 2.5 करोड़ लोगों में जागरुकता फैलाने में मदद मिली। गौरतलब है कि पीरियड्स की दहलीज पर पहुंचनेवाली लड़कियों के संघर्ष को दुनिया के सामने लाने के लिए व्हिस्पर और यूनेस्को ने हाल ही में एक फि ल्म रिलीज की है। इस फि ल्म में अपनी आंखों में अनंत सपने संजोनेवाली एक स्कूली लड़की के उत्साह को पेश किया गया है जिसपर पीरियड्स संबंधित शिक्षा व सुरक्षा के अभाव के चलते ब्रेक लग जाता है। ये फि ल्म हर लड़की की सशक्तिकरण की बात करती है और हर साल देखे जानेवाले 2.3 करोड़ सपनों को पूरा करने की अहमियत को पुरजोर तरीके से रेखांकित करती है. ये अभियान सभी हितधारकों के साथ मिलकर सामूहिक प्रयासों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की बात करता है और हर लड़की के शिक्षा पूरा करने व उनके सपनों को पूरा करने पर जोर देता है।

# मॉरिस अब तक के सबसे महंगे प्लेयर, राजस्थान ने 16.25 करोड़ में खरीदा

## 46 गुना ज्यादा कीमत पर बिके गौतम ने रिकॉर्ड बनाया

**चेन्नई।** साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर क्रिस मॉरिस इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) ऑक्शन के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 16.25 करोड़ रुपए में खरीदा। उन्होंने युवराज का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्हें 2015 के सीजन के लिए दिल्ली ने 16 करोड़ रुपए में खरीदा था।

यह ऑक्शन चेन्नई में चल रहा है। अब तक 14वें सीजन के लिए 31 खिलाड़ियों की नीलामी हो चुकी है। इनमें से 14 विदेशी हैं। कुल 61 स्लॉट खाली थे। इसके लिए 292 प्लेयर्स को शॉर्टलिस्ट किया गया था।

**चौंकाने वाले 7 नाम, शाहरुख को प्रिटी की टीम ने 26 गुना कीमत पर खरीदा**

बॉलिंग ऑलराउंडर कृष्णप्पा गौतम की बेस प्राइज 20 लाख रुपए थी। उन्हें 46 गुना ज्यादा कीमत पर उरङ ने 9.25 करोड़ में खरीदा। उन्होंने कढछ इतिहास के अब तक के सबसे महंगे अनकैप्ड प्लेयर का रिकॉर्ड बनाया है। अनकैप्ड यानी ऐसे खिलाड़ी, जो अब तक अपने देश के लिए इंटरनेशनल मैच नहीं खेले हैं। गौतम ने अनकैप्ड प्लेयर्स के मामले क्रुणाल पंड्या का रिकॉर्ड तोड़ा। क्रुणाल को मुंबई ने 8.8 करोड़ में खरीदा था। उरङ को ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर की जरूरत थी। यह कमी अब गौतम पूरी करेंगे।

साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी क्रिस मॉरिस की बेस प्राइज 75 लाख रुपए रही। वे इससे 21 गुना ज्यादा कीमत पर 16.25 करोड़ रुपए में बिके।

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर काइल जेमिसन को बेंगलुरु ने 20 गुना ज्यादा कीमत पर 15 करोड़ रुपए में खरीदा। उनकी बेस प्राइज 75 लाख रुपए थी। उन्होंने ओवरऑल 38 टी-20 में 54 विकेट लिए और 190 रन बनाए। वे 140 की रफ्तार से बॉलिंग करने के साथ मिडिल ऑर्डर को भी मजबूती देते हैं।

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल की बेस प्राइज 2 करोड़ रुपए रही। उन्हें 7 गुना ज्यादा कीमत पर 14.25 करोड़ में फउइ ने खरीदा।

ऑस्ट्रेलियाई बॉलर जे रिचड्र्सन को पंजाब किंग्स ने 14 करोड़ रुपए में खरीदा। उनकी बेस प्राइज 1.50 करोड़ रही। वे 9 गुना ज्यादा कीमत पर बिके। पंजाब को मोहम्मद शमी के साथ डेथ ओवर्स में पेसर की जरूरत थी। रिचड्र्सन इस कमी को पूरा करेंगे।

भारतीय युवा ऑलराउंडर शाहरुख खान की बेस प्राइज 20 लाख रुपए थी। 26 गुना ज्यादा कीमत पर प्रिटी जिंटा की टीम पंजाब ने उन्हें 5.25 करोड़ रुपए में खरीदा। उन्होंने अब तक 31 घरेलू टी-20 में 2 विकेट लिए हैं और 293 रन बनाए हैं।

लीग और घरेलू टी-20 में 34 मैच खेलकर 43 विकेट ले चुके ऑस्ट्रेलिया के राइली मेरिडिथ की बेस प्राइज 40 लाख रुपए थी। उन्हें 20 गुना ज्यादा कीमत पर पंजाब ने 8 करोड़ रुपए में खरीदा।

**2 ऑलराउंडर्स, जिन पर टीमों ने सबसे बड़ा दांव लगाया**

**मॉरिस के महंगे बिकने की वजह**

मॉरिस ने लीग, डोमेस्टिक और इंटरनेशनल मिलाकर कुल 218 टी-20 खेले हैं। इसमें उन्होंने 151.02 के स्ट्राइक रेट से 1764 रन बनाए हैं। साथ ही 270 विकेट भी लिए हैं।

IPL में अब तक वे 70 मैच में 551 रन बना चुके हैं। 80 विकेट ले चुके हैं। बैटिंग में उनका स्ट्राइक रेट मैक्सवेल से भी बेहतर 157.87 का है। फउइ को मॉरिस ने रिलीज किया था। 2020 में उन्होंने एक मैच में फउइ के लिए 313 के स्ट्राइक रेट से 8 बॉल में 25 रन बनाए थे।

राजस्थान को फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर जोफ्रा आर्चर का बैकअप चाहिए था ताकि वे न खेल पाएं तो कोई मजबूत खिलाड़ी उनकी जगह ले सके। इस जरूरत के हिसाब से मॉरिस फिट बैठे, क्योंकि वे ऑलराउंडर और फिनिशर हैं।

**मैक्सवेल के महंगे बिकने की वजह**

मैक्सवेल ने लीग, डोमेस्टिक और इंटरनेशनल मिलाकर कुल 301 टी-20 खेले हैं। इसमें उन्होंने 152.05 स्ट्राइक रेट से 6581 रन बनाए हैं। 331 छक्के और 529 चौके जमाए हैं। 108 विकेट ले चुके हैं।

मैक्सवेल का IPL में भी अच्छा रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने 82 IPL मैचों में 1505 रन बनाए हैं।




स्ट्राइक रेट 154.67 का है। इसमें 91 छक्के और 118 चौके शामिल हैं। मैक्सवेल को पंजाब ने रिलीज किया था।

RCB को क्रिस मॉरिस और मोइन अली को रिलीज करने के बाद मिडिल ऑर्डर में बैटिंग कर सकने वाला ऑलराउंडर चाहिए था। मिडिल ऑर्डर में बैटिंग का भार डिविलियर्स पर ही आ रहा था। मैक्सवेल अब उनके भार को कम कर सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### खिलाड़ियों को आईपीएल खेलने से रोकना कठिनः सिल्वरवुड

चेन्नई । इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कोच क्रिस सिल्वरवुड ने कहा है कि खिलाड़ियों को आईपीएल खेलने से रोकना बेहद कठिन है। सिल्वरवुड ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी से यह कैसे कहा जा सकता है कि वह आईपीएल न खेले क्योंकि इसमें मोटी कमाई होती है। कोच से जब आईपीएल को अधिक वरीयता दिये जाने पर पूछा गया तो उन्होंने कहा, '' खिलाड़ियों को यह सुझाव देना बहुत मुश्किल है कि आप आईपीएल नहीं खेल सकते। अगर आप सिर्फ कमाई देखते हैं तो आप ऐसा नहीं कह सकते। आईपीएल टी20 लीग दुनिया में एक शीर्ष टूनार्मेंट है, इसलिए किसी को रोकना संभव नहीं है।'' वहीं ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग से खिलाड़ियों के नाम वापस लेकर आईपीएल में खेलने और टेस्ट मैचों में रोटेशन नीति के तहर खेलने पर उन्होंने कहा, '' मुझे नहीं लगता कि यह कोई मुद्दा है क्योंकि खिलाड़ियों के शीर्ष स्तर के टी20 क्रिकेट में खेलने से हमें फायदा होता है। इससे खिलाड़ियों को भी काफी लाभ होता है। ऐसे में इन टूनार्मेंटों आईपीएल, बीबीएल, सीपीएल को लेकर स्वयं फैसला करें। वे वहां खेलने जाते है लेकिन इससे हमें भी फायदा होता है। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि खिलाड़ियों ने इन हालातों से तालमेल बैठा लिया है।

### कारपोरेट फुटसाल लीग का आयोजन अप्रैल में

नई दिल्ली । महिला फुटबॉल लीग 25 मार्च से शुरू होगी जबकि अप्रैल में कारपोरेट फुटसाल लीग का आयोजन होगा। नया 2021-22 सत्र जून में दिल्ली कप के साथ शुरू होगा जो नाकआउट प्रतियोगिता है और संघ से मान्यता प्राप्त सभी क्लब इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। वहीं 15 मार्च से सीनियर डिविजन लीग के साथ फुटबॉल प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। फुटबॉल दिल्ली ने अपनी कार्यकारी समिति की बैठक में यह फैसला किया है। राष्ट्रीय राजधानी से राष्ट्रीय सेकेंड डिविजन लीग के लिए क्लबों को नामांकित करने की समय सीमा को पूरा करने के लिए संघ ने पिछले साल इसी दिन कोरोना वायरस महामारी के कारण अपनी सभी गतिविधियों को रोक दिया था। कार्यकारी समिति ने दिल्ली की राज्य टीम सब जूनियर लड़कियों (अंडर-15) के चयन ट्रायल 20 फरवरी से शुरू कराने का फैसला किया। इसके साथ राष्ट्रीय सब जूनियर चैंपियनशिप की तैयारी होगी जिसके जरिए भारत की अंडर-17 महिला टीम के लिए प्रतिभा की तलाश की जाएगी। इस टीम को अगले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में खेलना है।

### ओलंपिक क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की संख्या घटेगी

नई दिल्ली। आगामी टोक्यो ओलंपिक के लिये मुक्केबाजी के वैश्विक क्वालीफिकेशन टूनार्मेंटों के रद्द होने से इन खेलों में भारत के लिए कोटा हासिल करने वाले खिलाड़ियों की संख्या बढ़ने की संभावनाएं घटी हैं। मुक्केबाजों को जून में पेरिस में एक टूनार्मेंट खेलना था जिससे 53 कोटा स्थानों का निर्धारण होना था। वहीं अब ये स्थान साल 2017 से विश्व रैंकिंग के आधार पर उपमहाद्वीपों में बराबर बांटे जाएंगे। भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले साल एशियाई क्वालीफायर्स से ये कोटा हासिल किया था। इस टूनार्मेंट के बाद कोविड-19 के कारण वैश्विक प्रतियोगिताएं रूक गई थी। रैंकिंग में जो खिलाड़ी बेहतर स्थिति में उन्होंने ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। अमित पंघाल अपने भार वर्ग में शीर्ष पर है। जिन भार वर्गों में भारतीय खिलाड़ियों की जगह पक्की नहीं है उनमें पुरुषों में 57 किग्रा, 81 किग्रा और 91 किग्रा के साथ महिलाओं में 57 किग्रा है। भारतीय मुक्केबाजी के हाई परफोरमेंस निदेशक सैंटियागो नीवा को हालांकि उम्मीद है कि कुछ और खिलाड़ी क्वालीफिकेशन हासिल कर सकते है। उन्होंने कहा कि जाहिर है हम इससे निराशा है लेकिन हम अभी भी आशान्वित हैं। हम आईओसी के कदम का इंतजार करते है। मुझे वास्तव में खुशी है कि एशियाई क्वालीफायर में हमारा प्रदर्शन अच्छा था, यह उन खिलाड़ियों के लिए झटका है जो वहां कोटा नहीं हासिल कर सका।

# 700 रेटिंग अंकों से आगे निकलने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बने ऋषभ

**चेन्नई ।** भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान के साथ ही 715 रेटिंग अंकों के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। ऋषभ पहले भारतीय बल्लेबाज हैं जिन्होंने 700 रेटिंग अंकों का आंकड़ा पार किया है। यहां तक कि भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी अपने करियर में सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक 662 तक ही पहुंचे थे। उनके अलावा दिग्गज विकेटकीपर रहे फारूख इंजीनियर के भी 619 अंक



ही थे। धोनी की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 19वां स्थान थी। साल 1973 में फारूख इंजीनियर भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 17वें स्थान तक ही पहुंचे थे। ऋषभ ऑस्ट्रेलिया दौरे से ही शानदार फॉर्म में बने हुए हैं। सिडनी टेस्ट में इस युवा बल्लेबाज ने दूसरी पारी में 87 रन बनाकर भारतीय टीम को हार से बचाया था। वहीं ब्रिसबेन टेस्ट में ऋषभ की नाबाद 89 रनों की पारी की सहायता से ही भारतीय टीम ऐतिहासिक जीत दर्ज करने में सफल रही। इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट में भी ऋषभ ने 91 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद चेन्नई में खेले गए दूसरे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 77 गेंदों पर नाबाद 58 रन बनाए थे। वहीं आर अश्विन इंग्लैंड के दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के कारण ऑलराउंडरों की सूची में पांचवें स्थान पर पहुंच गये हैं। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में दूसरे टेस्ट मैच में भारत की दूसरी पारी में 106 बनाये और मैच में आठ विकेट लिये। वहीं भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली बल्लेबाजों में पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। इसके अलावा दूसरे टेस्ट में 161 रनों की पारी खेलने वाले भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा नौ स्थानों की छलांग लगाते 14वें नंबर पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडरों की सूची में अश्विन के 336 अंक हैं।

# गिलक्रिस्ट ने की जमकर तारीफ

## ऋषभ बोले, आपका ऐसा कहना मायने रखता है

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने टीम इंडिया के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की जमकर तरीफ की है। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में ऋषभ की विकेटकीपिंग देखकर गिलक्रिस्ट बेहद प्रभावित हुए हैं। गिलक्रिस्ट ने ऋषभ की तारीफ करते हुए ट्वीट किया, 'कल इंग्लैंड के युवा विकेटकीपर फोक्स की बारी थी, आज ऋषभ की।' इसके साथ गिलक्रिस्ट ने ऋषभ की वह तस्वीर भी पोस्ट की जिसमें वह फुर्ती दिखाते हुए डेम लॉरेंस को आउट कर रहे हैं। ऋषभ ने इसके लिए गिलक्रिस्ट को धन्यवाद कहा है। उन्होंने जवाब दिया, 'शुक्रिया, आपका ऐसा कहना बहुत मायने रखता है।' ऋषभ आमतौर पर अपनी खराब विकेटकीपिंग के लिए आलोचना का केन्द्र रहे हैं। 23 वर्षीय इस खिलाड़ी ने एमए चिदंबरम स्टेडियम में विकेट के पीछे शानदार प्रदर्शन किया है। ऋषभ को पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट मैच में अवसर नहीं दिया गया था। इसके बाद से वह लगातार अंतिम ग्यारह का हिस्सा हैं। ऑस्ट्रेलिया में भारत की सीरीज जीत में इस युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने बॉर्डर-गावसकर ट्रॉफी के आखिरी दो मैचों में बल्ले से बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था।

# दिल्ली कैपिटल्स 'बैंच स्ट्रेंथ' बेहतर करेगी : कैफ

**नई दिल्ली ।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच मोहम्मद कैफ ने कहा कि आईपीएल नीलामी के दौरान उनकी टीम का ध्यान 'बैंच स्ट्रेंथ' बेहतर करने पर रहेगा। दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करना चाहती है उसी को देखते हुए कैफ का यह ताजा बयान आया है। कमजोर 'बैंच स्ट्रेंथ' के कारण ही पिछले सत्र में उसे हार का सामना करना पड़ा था। कैफ ने कहा कि हमने कुछ खिलाड़ियों को रिलीज किया है, इसलिये हम उन स्थानों को भरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें तुरंत फैसले करने होंगे। हमारे मुख्य खिलाड़ी लगातार खेल रहे हें और कोई फिटनेस संबंधित परेशानी भी नहीं है। इसलिये हम नीलामी में कुछ 'बैक-अप' खिलाड़ी भी लेना चाहेंगे। वहीं सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो अगर हमसे कल खेलने को कहा जाता है तो हमारे पास अंतिम एकादश खेलने के लिये तैयार है। इसलिये मुझे लगता है कि यह सफल योजना होगी और अन्य टीमों से भी हमने यही सीखा है।

# बिल्लाबोंग ओपन फुटबाल लीग : एलीट ग्लाईडर्स, फिनिक्स, पुलिस ब्वायज, एवरेस्ट एफसी की जीत

**भोपाल।** बिल्लाबोंग ओपन फुटबाल लीग के बुधवार को खेले गए मुकाबलों में एलीट ग्लाईडर्स, फिनिक्स, पुलिस ब्वायज, एवरेस्ट एफसी ने अपने-अपने मुकाबले जीते। प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल में बिल्लाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल द्वारा भदभदा रोड़, नीलबड़ स्थति स्कूल के खेल मैदान पर किया जा रहा है। जिसमें 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ फैसल अली, डायरेक्टर, बिल्लाबोंग स्कूल द्वारा प्राचार्य आशीष अग्रवाल की उपस्थिति में किया। आज खेले गए



मुकाबलों में एलीट ग्लाईडर्स एफसी ने हैवी बुल्स एफसी को एकतरफा 8-0 से पराजित किया। विजेता टीम की ओर से शांतनु व शौयर्व ने 2-2 गोल दागे। आदित्य दुबे, रोहन हांडे, कपिल व अरबाज ने एक-एक बार गेंद को नेट में पहुँचाया। फिनिक्स एफसी ने कश्मकशपूर्ण मुकाबले में नटराज एफसी को 2-1 से हराया। फिनिक्स की ओर से जावेद और चंदन ने 1-1 गोल किया। जबकि पराजित नटराज एफसी की ओर से दीपक पाल ने 1 गोल किया। दिन के तीसरे मैच में वैभव रावत के 2, मॉरिस व प्रकाश छैत्री के 1-1 गोल के सहारे पुलिस ब्वायज एफसी ने स्टेडियम ब्वायज एफसी को 4-0 से शिकस्त दी। वहीं एक अन्य मुकाबले में एवरेस्ट एफसी ने ईगल एफसी को 16-0 से हराया। एवरेस्ट एफसी की ओर से क्षितिज ने सर्वाधिक 4, आदित्य, प्रवीण व देवांश ने 2-2 तथा कपिल, विकास, रोहित, अमन और ऋषभ ने 1-1 गोल टीम के लिए दागा।

# आईपीएल के लिए टेस्ट सीरीज छोड़ सकते हैं इंग्लैंड के क्रिकेटर


**मुम्बई ।** इंग्लैंड के क्रिकेटर आईपीएल के 14 वें सत्र में खेलने के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज को भी छोड़ सकते हैं। आईपीएल के मुकाबले अप्रैल के दूसरे हफ्ते से शुरू होकर जून तक होंगे। वहीं इस दौरान इंग्लैंड को जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। यह टेस्ट सीरीज 2 जून से शुरू होगी। ऐसे में तैयारी के लिए दोनों टीम के खिलाड़ी कम से कम 10 दिन पहले इंग्लैंड वापस लौट जाएंगे।

उसी समय आईपीएल लीग के अंतिम राउंड के मुकाबले चलते रहेंगे। इसके बाद नॉकआउट के भी मुकाबले होंगे। ऐसे में ऑलराउंडर बेन स्टोक्स , तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और विकेटकीपर बल्लेबाज




जोस बटलर के न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने की संभावना नहीं है। यह तीनों ही राजस्थान रॉयल्स से खेलते हैं। इसके अलावा क्रिस वोक्स दिल्ली कैपिटल्स से, सैम करेन चेन्नई सुपरकिंग्स से और विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो सनराइजर्स हैदराबाद से खेलते हैं।

ऐसे में ये भी खिलाड़ी प्रभावि होंगे। अगर नॉकआउट में पहुंचने वाली टीम में इंग्लैंड का कोई खिलाड़ी होता है तो वह खेल सकता है लेकिन जिस खिलाड़ी को प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली है उसे फ्रेंचाइजी रिलीज कर देगी जिससे वह टेस्ट टीम में शामिल हो सके। वहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट ने भी संकेत दिए हैं कि अगर इंग्लैंड के खिलाफ दो जून से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच की तिथियां आईपीएल के नॉकआउट राउंड से टकराती हैं तो वह तब भी अपने खिलाड़ियों को इस टी20 लीग के सभी मैचों में खेलने से नहीं रोकेगा।



लास एंजिल्स में जस्टिन थॉमस प्रो एम गोल्फ में खेलते हुए।

# गोल्फर मैकलरॉय बने पीएसी अध्यक्ष

**लंदन।** गोल्फर रोरी मैकलरॉय साल 2021 के लिए प्लेयर एडवाइजरी कौंसिल (पीएसी) के नये अध्यक्ष बने हैं। आयरलैंड के 31 साल के मैकलरॉय ने अध्यक्ष पद की दौड़ में अमेरिका के केविन स्ट्रेलमैन और स्कॉटलैंड के रसेल नॉक्स को हराया। मैकलरॉय अगर एक बार अपना कार्यकाल पूरा कर लेते हैं तो वह 2022 में तीन साल के कार्यकाल के लिए टूर पॉलिसी बोर्ड में खिलाड़ी-निदेशक का पद संभालेंगे। वह तीन बार के प्रमुख विजेता जॉर्डन स्पीथ की जगह लेंगे। मैकलरॉय नीति बोर्ड में संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर के पहले खिलाड़ी होंगे।

# नासिर हुसैन ने इंग्लैंड के स्पिन विभाग में निरंतरता के अभाव को बताया सबसे बड़ी कमी

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि जो रूट की अगुवाई वाली टीम को अगर बाकी बचे दो टेस्ट मैचों में अनुकूल परिणाम हासिल करना है तो उसे भारतीय पिचों की स्थिति का रोना रोने के बजाय अपने स्पिन विभाग के निरंतरता के अभाव को दूर करने पर ध्यान देना चाहिए। हुसैन ने कहा कि डॉम बेस का लेंथ को बरकरार नहीं रख पाना इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ा मुद्दा है। भारत ने मंगलवार को दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 317 रन से करारी शिकस्त देकर चार मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर की। नासिर हुसैन ने अपने कॉलम में लिखा, इंग्लैंड को पिच, टॉस, डीआरएस, अंपायर या इस तरह की किसी भी चीज का रोना रोने के बजाय उन विभागों में सुधार करना चाहिए जिनमें वह कमतर नजर आया। मुझे उम्मीद है कि वे ऐसा करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''भले ही उन्हें विकेट मिलते रहे, लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा स्पिन विभाग में निरंतरता का अभाव रहा। यह केवल इस टेस्ट मैच की बात नहीं है। श्रीलंका दौरे पर ध्यान दो तो जैक लीच और डॉम बेस ने विकेट लिए लेकिन विशेषकर बेस की लेंथ में निरंतरता का अभाव रहा।'' हुसैन ने कहा कि भारतीय स्पिनरों ने इंग्लैंड के स्पिनरों की तुलना में बेहतर गेंदबाजी की तथा अनुभवी मोईन अली का भी अपनी गेंदों पर नियंत्रण नहीं था हालांकि वह 2019 में एशेज के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे थे। उन्होंने कहा, ''अली ने आठ विकेट (दूसरे टेस्ट में) लिए और उसने कुछ बेहतरीन गेंद की जैसे कि वह गेंद जिस पर उसने पहली पारी में विराट कोहली का विकेट लिया और उन्हें मैच में दो बार आउट किया, लेकिन मोईन ने स्वयं स्वीकार किया कि पहली पारी में उनका अपनी गेंदों पर पर्याप्त नियंत्रण था तथा आप स्पिनरों के लिए मददगार पिच पर 128 पर चार विकेट का प्रदर्शन नहीं चाहते थे। हुसैन ने कहा, ''अगर आप तुलना करो तो भारत के दो स्पिनरों ने कैसे गेंदबाजी तो उन्होंने कुछ जादुई नहीं किया बल्कि उनका अपनी गेंदों पर नियंत्रण रखा। अगर आप मुझसे इंग्लैंड की हार का मुख्य कारण पूछोगे तो मैं कहूंगा कि देखिये भारत के दो स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल ने कैसी गेंदबाजी की। इंग्लैंड के स्पिनरों की तुलना में उन्होंने अधिक निरंतरता दिखाई।

## 2020 के बाद डेटिंग स्टाइल में आया बहुत बदलाव

# सनी लियोनी



मुंबई। अभिनेत्री सनी लियोनी ने वेलेंटाइन डे के मौके पर डेटिंग को लेकर अपनी राय रखी है। उनका मानना है कि 2020 के बाद डेटिंग स्टाइल में बहुत ज्यादा बदलाव आया है। सनी ने बताया, 'डेटिंग का कॉन्सेप्ट हर साल बदलता है क्योंकि जिस दुनिया में हम रहते हैं, वह बदल जाती है। जाहिर है पिछले साल तो दुनिया पूरी तरह से बदल गई है और शायद यह हमेशा के लिए बदल जाए कि हम लोगों से कैसे मिलते हैं और कैसे इंटरैक्शन करते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'अब किसी भी व्यक्ति से मिलना मुश्किल है। इसलिए, निश्चित रूप से डेटिंग का तरीका भी बदल गया है। अब शायद डेट पर जाने से पहले आप उस व्यक्ति से कहें कि पहले आप अपनी कोविड रिपोर्ट दिखाओ।' सनी ने अपने पति से रिश्ते के बारे में कहा कि 'मुझे लगता है कि यह सबसे पहले दोस्ती का रिश्ता है। बहुत से लोग मेरी तरह यह मानेंगे कि कोविड बहुत खराब चीज है क्योंकि आप किसी ऐसे व्यक्ति के साथ घर में फंस गए हैं जिसके साथ आप पहले कभी भी घर में नहीं फंसे हैं। साथ ही आप यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन सफाई करने वाला है, कौन खाना बनाने वाला है, कौन बच्चे को देखने वाला है या कपड़े धोने जैसे काम करने वाला है। यह सभी युवा जोड़ों के लिए तनाव वाला समय है, फिर चाहे उनके बच्चे हों, न हों या एक से ज्यादा बच्चे हों। उस समय को याद करें जब आप घर में फंस गए थे और एक-दूसरे को नापसंद करने के बाद भी साथ रहे और फिर से सामान्य जिंदगी में लौटे।' सनी का कहना है कि एक-दूसरे को समझकर ही रिश्ते को अच्छे से चलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'मुझे लगता है कि एक अच्छे रिश्ते की कुंजी एक-दूसरे को समझना और सुनना है। एक दोस्त की तरह सुनना क्योंकि लॉकडॉउन के दौरान हम अपने दोस्तों से नहीं मिल पा रहे थे।' वर्कफ्रंट की बात करें तो वर्तमान में सनी केरल में रियलिटी शो 'स्प्लिट्सविला' की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह शो 6 मार्च से प्रसारित होने वाला है। शो के बारे में सनी ने कहा कि मुझे इंसान का स्वभाव-व्यवहार जानना पसंद है। मैं इसके पीछे के मनोविज्ञान को समझने की कोशिश कर रही हूं और मैं इन युवाओं से प्यार करती हूं। वे कभी ब्यॉफ्रेंड या गर्लफ्रेंड नहीं रहे हैं लेकिन अचानक से वे स्प्लिट्सविला में आ जाते हैं। यह एक नया अनुभव है। इसलिए, पहले दिन से आखिरी दिन तक यह देखना दिलचस्प है।

## 'गुम है किसी के प्यार में' के 100 एपिसोड हुए पूरे

# आयशा ने बताई अपने लॉयर्स से एक्ट्रेस बनने की कहानी




मुंबई। अभिनेत्री आयशा सिंह ने स्टार प्लस पर प्रसारित धारावाहिक 'गुम है किसी के प्यार में' में एक लॉयर भूमिका निभाई हैं। उन्होंने अपने फैंस को लॉयर्स से एक्ट्रेस बनने तक के सफर की कहानी बताई है। वकील से अभिनेत्री बनने के बारे में आयशा ने बताया कि 'मैं लायर्स के परिवार से आती हूं, लेकिन मैं एक अभिनेत्री बनना चाहती थी, हालांकि मुझे यह पता नहीं था कि इसके लिए कैसे आगे बढ़ना है। मुझे अपनी इंटर्नशिप के दौरान कुछ मामलों पर काम करने का मौका मिला। इस दौरान मुझे यह बात साफ नजर आ रही थी कि असली अदालत का कोर्ट रूम उतना मनोरंजक नहीं हैं जितना फिल्मों और धारावाहिकों में दिखाया जाता है।' अपने अभिनय की शुरूआत को लेकर आयशा ने कहा कि 'मैं लॉ में आगे बढ़ने के लिए जब मुंबई पहुंची तो वहां मैंने एक्टिंग वर्कशॉप करना शुरू कर दी और जब इस बारे में मेरे परिवार को पता चला, तो उनकी सहमति लेने के लिए मुझे वहां अपने वकील के कौशल का इस्तेमाल करना पड़ा। इस तरह मैंने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की और अपने पहले चर्चित शो में काम किया।' बता दें कि हाल ही में धारावाहिक 'गुम है किसी के प्यार में' ने हाल ही में अपने 100 एपिसोड्स पूरे किए हैं, साथ ही यह टॉप 5 की लिस्ट में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही है, इसकी बेहतरीन कहानी और स्टारकास्ट ने दर्शकों के दिलों पर अपनी छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इस शो में नील भट्ट (विराट चौहान), आयशा सिंह (सई) और ऐश्वर्या शर्मा (पत्रलेखा) मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं और फैन्स इस शो के पहले एपिसोड से ही इस तिकड़ी पर अपना प्यार बरसा रहे हैं।

# प्रिया बनर्जी बोली ब्लाइंड डेट सुरक्षित नहीं



अभिनेत्री प्रिया बनर्जी का मानना है कि कोरोना वायरस के कारण अभी ब्लाइंड डेट पर जाना सुरक्षित नहीं है। प्रिया ने कहा कि 'ब्लाइंड डेट पर जाने से में असहज महसूस कर रही हैं। मैं महामारी के कारण ऐसी डेट पर जाने से डरूंगी। मैं उस व्यक्ति से पहले कोविड टेस्ट कराने के लिए कहूंगी।' महामारी के कारण डेटिंग कॉन्सेप्ट में आए बदलाव को लेकर उन्होंने कहा कि 'अब जब लोग घर पर फंसे हुए हैं, तो मुझे लगता है कि वे ऐसे में इनडोर मीटिंग करना ही पसंद करेंगे। वैसे भी मैं तो महामारी से पहले भी इस तरह की डेट करना ही पसंद करती थी। अपना पसंदीदा फूड और वाइन ऑर्डर करके घर पर ही एक रोमांटिक फिल्म देखना मुझे हमेशा से पसंद रहा है।'

# रोमिल चौधरी का म्यूजिक वीडियो 'बेचैनियां' हुआ लॉन्च



मुंबई। बिग बॉस 12 फेम रोमिल चौधरी का म्यूजिक वीडियो 'बेचैनियां' ओसियन म्यूजिक एंड इंटरटेनमेंट और जी म्यूजिक कंपनी के बैनर तले रिलीज हो गया है। इस मधुर रोमांटिक गीत के संगीतकार और गीतकार अयान अली अब्बास हैं। वैलेंटाइन डे के मौके पर इस एल्बम का म्यूजिक लांच बेहद सफलता पूर्वक हुआ। इस एल्बम में बॉलीवुड के पाश्र्व गायक अमित मिश्रा के साथ ऑस्ट्रेलिया की डॉ रीना मेहता ने भी अपनी प्यारी आवाज में गीत गाया है। इस एल्बम का मुम्बई के अलावा सिडनी के हिस्सों में भी बहुत ही खूबसूरतीपूर्वक फिल्मांकन किया गया है। 'बेचैनियां' म्यूजिक एल्बम का दबंग 3 के सहायक निर्देशक सुनील अग्रवाल ने निर्देशन किया है। इस एल्बम में बिग बॉस 12 फेम रोमिल चौधरी के साथ ऑस्ट्रेलिया के सिडनी की रहने वाली ऐशनी ने काम किया है। इस गीत की कोरियोग्राफी सौरभ खत्री और एडिटिंग बल्लू सलूजा ने की है। कहा जा रहा है कि कई सिंगर्स और फिल्ममेकर ने प्रेम की अवधारणा को नया आयाम और नई पहचान दी है और प्रेम में विश्वास करना सिखाया है। आज भी सच्चा प्यार और प्यार करने वाली जोड़ियां मौजूद हैं। वास्तव में प्रेमी आत्माएं मौजूद हैं, ये लोगों में विश्वास है और रीना मेहता प्रेम में अटूट विश्वास रखती हैं। गायिका रीना मेहता के लिखे गये सुखकारी रचनाओं और गीतों से सभी का प्रेम में विश्वास बढ़ेगा।

# रणदीप हुड्डा, राहुल मित्रा और उर्वशी रौतेला ने सीएम योगी से की मुलाकात



फिल्म निमार्ता राहुल मित्रा के साथ उनके करीबी दोस्तों अभिनेता रणदीप हुड्डा, निर्देशक नीरज पाठक और अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। उत्तर प्रदेश के एक रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर पर जियो स्टूडियोज की ओर से बनाई जा रही वेब सीरीज ह्यइंस्पेक्टर अविनाश की शूटिंग के लिए बॉलीवुड ब्रिगेड शहर में थी। मुख्यमंत्री ने उन्हें शूटिंग में हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान प्रदेश में बन रही फिल्म सिटी पर भी चर्चा की गई। टीम के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह वेब सीरीज प्रदेश पुलिस के एक रिटायर्ड इंस्पेक्टर के कार्यों से प्रेरित है। इसकी शूटिंग उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सुगम शूटिंग के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश में फिल्म निर्माण से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए फिल्म नीति में विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। फिल्म जगत के इन प्रतिनिधियों ने फिल्म सिटी की स्थापना के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश में फिल्म गतिविधियों में अभूतपूर्व बढ़ोतरी लाने में उपयोगी सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने सभी अतिथियों को ओडीओपी उत्पाद भेंट किए। मुलाकात के दौरान सूचना एवं एमएसएमई विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल भी उपस्थित थे।

## बिग स्क्रीन और ओटीटी के बीच एक और मॉडल तैयार

# थिएटर रिलीज और ओटीटी रिलीज के बीच अंतर करेगा कम

मुंबई। सिनेमाघरों में और ओटीटी प्लेटफार्मों के बीच विकल्प के तौर पर एक और मॉडल तैयार हो रहा है, जो थिएटर रिलीज और ओटीटी रिलीज के बीच अंतर कम कर रहा है। विजय सेतुपति द्वारा अभिनीत तमिल फिल्म 'मास्टर' जनवरी में रिलीज होने के कुछ दिनों बाद ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ गई। इससे पहले, एक्सपर्ट गिरीश जौहर ने ट्वीट कर कहा था कि 'सिनेमाघरों और ओटीटी की लड़ाई हम रिलीज की समय के बीच के अंतर में कमी देख सकते हैं। जैसे वॉर्नर ब्रदर्स ने अमेरिका में रिलीज के साथ ही एचबीओ मैक्स पर भी रिलीज कर दी थी। हिंदी फिल्में भी ऐसी कोशिश कर सकती हैं और दक्षिणी सिनेमा ने तो पहले से ही यह समय अंतराल कम कर दिया है। पूरे देश में इंडस्ट्री के लिए नियम बनाने की जरूरत है।' आईनॉक्स लीजर लिमिटेड के चीफ प्रोग्रामिंग ऑफिसर राजेंद्र सिंह ने कहा कि 'उद्योग के लिए यह बेहद असामान्य समय है। कोई भी फिल्म जो थिएटर पर रिलीज नहीं होती है, वह पूरी कमर्शियल वैल्यू चैन को काफी हद तक प्रभावित करती है। हमें विश्वास है कि जब सभी राज्यों में पूरी क्षमता के साथ थिएटरों को संचालित करने की अनुमति मिल जाएगी तो निमार्ता फिल्मों को थिएटर में रिलीज करेंगे।'

थिएटर और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के सह-अस्तित्व को लेकर सारेगामा इंडिया लिमिटेड में फिल्म्स एंड इवेंट्स के वाइस प्रेसिडेंट सिद्धार्थ आनंद कुमार कहते ने कहा कि 'ओटीटी प्लेटफार्मों ने निश्चित रूप से सामग्री निर्माण के क्षेत्र में एक स्वस्थ व्यवधान पैदा किया है। कंटेंट ईकोसिस्टम में जबरदस्त विविधता है। ओटीटी प्रोजेक्ट के बजट बड़े हो रहे हैं, कैनवास का विस्तार हो रहा है। दर्शक में समझ तेजी से बढ़ी है। वे केवल एक क्लिक करके कमजोर कहानी से बाहर निकल सकते हैं। ऐसे में उन्हें स्तर से नीचे का कंटेंट ऑफर करके खुद को ही मात देना है। बड़े बजट की फिल्मों के लिए बड़े पर्दे पर हमेशा स्कोप रहा है। दर्शकों को भी भव्य ब्लॉकबस्टर देखने की चाह होती है। बाकी अच्छे कंटेंट के लिए बड़े और छोटे दोनों ही पर्दो पर संभावनाएं हैं।' बता दें कि समुथिराकानी, मणिकंदन और माथुमथी की तमिल फिल्म 'ऐले' को लेकर भी मुश्किल पैदा हो गई जब थियेटर मालिकों को पता चला कि निमार्ता इस फिल्म को थोड़े ही समय बाद ओटीटी पर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। अब, इस फिल्म का सीधे टेलीविजन प्रीमियर होगा।


# रोमिल चौधरी का म्यूजिक वीडियो 'बेचैनियां' हुआ लॉन्च

मुंबई। बिग बॉस 12 फेम रोमिल चौधरी का म्यूजिक वीडियो 'बेचैनियां' ओसियन म्यूजिक एंड इंटरटेनमेंट और जी म्यूजिक कंपनी के बैनर तले रिलीज हो गया है। इस मधुर रोमांटिक गीत के संगीतकार और गीतकार अयान अली अब्बास हैं। वैलेंटाइन डे के मौके पर इस एल्बम का म्यूजिक लांच बेहद सफलता पूर्वक हुआ। इस एल्बम में बॉलीवुड के पाश्र्व गायक अमित मिश्रा के साथ ऑस्ट्रेलिया की डॉ रीना मेहता ने भी अपनी प्यारी आवाज में गीत गाया है। इस एल्बम का मुम्बई के अलावा सिडनी के हिस्सों में भी बहुत ही खूबसूरतीपूर्वक फिल्मांकन किया गया है। 'बेचैनियां' म्यूजिक एल्बम का दबंग 3 के सहायक निर्देशक सुनील अग्रवाल ने निर्देशन किया है। इस एल्बम में बिग बॉस 12 फेम रोमिल चौधरी के साथ ऑस्ट्रेलिया के सिडनी की रहने वाली ऐशनी ने काम किया है। इस गीत की कोरियोग्राफी सौरभ खत्री और एडिटिंग बल्लू सलूजा ने की है। कहा जा रहा है कि कई सिंगर्स और फिल्ममेकर ने प्रेम की अवधारणा को नया आयाम और नई पहचान दी है और प्रेम में विश्वास करना सिखाया है।















